सुप्रभात
रांची, बुधवार
11.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, चर्तुदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 179

12 ऑस्कर की रेस में द कश्मीर फाइल्स व गंगूबाई

# नया साल : पहली जीत मुबारक

## टीम इंडिया ने 2023 के पहले वनडे में श्रीलंका को 67 रन से हराया



कोहली का लगातार दूसरा शतक, दूसरा वनडे कोलकाता में 12 को

एजेंसी

**गुवाहाटी।** विराट कोहली (87 गेंदों पर 113 रन ) के शतक के दम पर टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप के साल का पहला वनडे जीत लिया है। टीम ने श्रीलंका को 3 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 67 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने 1-0 की बढ़त बना दी। भारत ने श्रीलंका के सामने 374 रन का बड़ा लक्ष्य रखा था, लेकिन टीम केवल 306 रन ही बना सकी।

दूसरा मुकाबला 12 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जायेगा। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 306 रन ही बना सकी। उसके कप्तान दसुन शनाका (108) ने दूसरा वनडे शतक जमाया। उन्होंने 9वें विकेट के लिए कसुन रजिथा के साथ 73 गेंदों पर 100 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम के जीत के इंतजार को थोड़ा बढ़ा दिया।

**मेहमान टीम के कप्तान का भी शतक :** श्रीलंका के सामने जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य था, लेकिन टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर 306 रन ही बना सकी। श्रीलंका की तरफ से कप्तान शनाका ने शतकीय पारी खेली, लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। भारत की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज उमरान मलिक रहे, जिन्होंने 3 खिलाड़ियों को आउट किया। (शेष पेज 11 पर)

### कोहली ने सचिन का एक रिकार्ड तोड़ा

विराट कोहली ने 87 गेंदों पर 113 रन की पारी खेली। कोहली का वनडे में यह 45वां शतक है। घर में चार साल बाद कोहली के बल्ले से शतक आया है। उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का यह 73वां शतक है। कोहली का श्रीलंका के खिलाफ यह वनडे में नौवां शतक है। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर (आठ शतक) को पीछे छोड़ दिया। विराट ने इस दौरान सचिन तेंदुलकर के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली और एक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हालांकि, सचिन का किसी एक टीम के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ है। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ शतक लगाये हैं। वहीं, कोहली का वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ शतक है। कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा (83 रन) ने 47वां वनडे अर्धशतक बनाया। जबकि शुभमन गिल (70 रन) ने 5वीं फिफ्टी जमायी। केएल राहुल ने 39 और श्रेयस अय्यर ने 28 रन का योगदान दिया।

## न्यूज डायरी

### शुक्रवार तक जारी रहेगी वकीलों की हड़ताल

**रांची।** राज्य के सभी वकील अभी न्यायिक कार्य से खुद को दूर रखेंगे। मंगलवार शाम बार काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। चार दिनों से राज्य भर के 35 हजार से ज्यादा वकील कार्य बहिष्कार पर हैं। बैठक में यह तय किया गया कि कार्य बहिष्कार शुक्रवार तक जारी रहेगा। बैठक अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, सदस्य राम सुभग सिंह, सदस्य हेमंत शिकरवार, सदस्य संजय विद्रोही और रिंकू कुमारी भगत समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सबसे कम तापमान खूंटी का 4.7 डिग्री रहा

**रांची।** पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा तथा एक-दो स्थानों पर शीतलहर की स्थिति भी बनी। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस खूंटी में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 11 से 13 तक राज्य में सुबह में धुंध और बाद में आसमान मुख्यत: साफ रहेगा। 14 को राज्य के उत्तरी भागों में सुबह में धुंध और बाद में आंशिक बादल छा सकते हैं, जबकि शेष भागों में आसमान साफ रहेगा।

### लंबोदर महतो को जान से मारने की धमकी

**गोमिया।** विधायक लंबोदर महतो को जान से मारने की धमकी मिली है। इसकी शिकायत उन्होंने पेटरवार थाने में की है। लंबोदर महतो का कहना है कि विरोधी उनकी लोकप्रियता से घबरा गये हैं इसलिए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामला रविवार की रात लगभग पौने एक बजे की बतायी जा रही है, जब विधायक क्षेत्र भ्रमण से रात को अपने घर पहुंचे थे, उसी दौरान उनके कमरे में जाने के बाद अपराधी गेट के पास आये और उनके सहायक से विधायक को मारने की धमकी दी गयी।

### शेहला राशिद पर चलेगा राष्ट्रद्रोह का मुकदमा

**नयी दिल्ली।** जेएनयू की पूर्व छात्रा शेहला राशिद पर अब राष्ट्रद्रोह का केस चलेगा। इस संबंध में राज्य सरकार के प्रस्ताव को दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) ने मंजूरी दे दी है। अपने विवादित बयानों से वह लगातार सुर्खियों में रही है। शेहला ने सेना को लेकर विवादित बयान दिये थे।

### विदेशों में प्रवासियों ने भारत को नयी पहचान दी : मुर्मू

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शामिल हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2023 भी प्रदान किया। मंगलवार को इस सम्मेलन का समापन हो गया। सम्मेलन की अध्यक्षता राष्ट्रपति ने की। उन्होंने कहा कि विदेशों में भारतीय प्रवासियों ने देश को नयी पहचान दिलायी। कार्यक्रम में अलग-अलग सत्रों में कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद थे। चौथे सत्र में केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पांचवे सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कार्यक्रम की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ।

### सीएम ने बजट पोर्टल का किया उद्घाटन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में हमीन कर बजट पोर्टल तथा मोबाइल एप का उद्घाटन किया। इस पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से झारखंड के आम नागरिक भी अब आगामी राज्य बजट 2023-24 से संबंधित अपना महत्वपूर्ण सुझाव राज्य सरकार को भेज सकेंगे।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |

# दिल्ली में राजपथ पर दिखेगी बाबा मंदिर परिसर की झांकी

- धरती आबा बिरसा मुंडा, सोहराई पेंटिंगव पाईका नृत्य की भी मिलेगी झलक
- गणतंत्र दिवस पर 16 प्रदेशों की झांकी को मंजूरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इस बार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में नयी दिल्ली राजपथ पर झारखंड की झाकी भी झांकी भी दिखेगी। झारखंड की झांकी में देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ धाम परिसर का प्रारूप प्रदर्शित किया जा रहा है। नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड सहित 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। केंद्र सरकार ने इसके लिए सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत केवल 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ।

**झारखंड की झांकी प्रारूप को सराहा :** झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नयी दिल्ली में 19 जनवरी 2023 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है एवं पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2023 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है। झारखंड की झांकी में देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम का दर्शन होगा। झांकी में देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम परिसर का प्रारूप प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही झांकी के आगे भगवान बिरसा मुंडा को दर्शाया गया है। झांकी के साइड पैनल पर झारखंड की आदिवासी कला सोहराई पेंटिंग दिखायी जायेगी। पाईका कलाकार इसके साथ नृत्य करेंगे।

**झारखंड की झांकी का चयन गर्व की बात :** नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2023 के अवसर पर निकलने वाली झांकियों में झारखंड की झांकी का चयन होना राज्य के लिए गर्व की बात है। यहां के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस दिशा में काफी मेहनत से कार्य किया है। झारखंड सरकार द्वारा देवघर स्थित बाबा धाम परिसर के प्रारूप को काफी बेहतर ढंग से दिखाया गया, साथ ही देवघर में हो रहे विकास कार्यों को भी इसमें दिखाया गया है। वहीं यहां की प्राचीन कला एवं धरती आबा बिरसा मुंडा के बारे में भी जानकारी दी गयी, जिसके फलस्वरूप झारखण्ड की झांकी का चयन हुआ।

## नगड़ी में सीआरपीएफ कार्यालय समेत कैबिनेट ने 31 प्रस्तावों को दी मंजूरी

# मदरसा और संस्कृत स्कूलों को मिलेगा डबल अनुदान

- जेसीइसी बोर्ड को मिला बीएड कॉलेजों में एंट्रेंस और फीस निर्धारण का जिम्मा
- प्रवासी श्रमिकों की मौत पर शव लाने पर सरकार आश्रितों को देगी 25,000



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्तरहित मदरसा और संस्कृत विद्यालयों को मिलने वाले अनुदान को लेकर राज्य सरकार ने मंगलवार को बड़ा फैसला लिया है। अब इन विद्यालयों को दोगुना अनुदान मिलेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रस्ताव को मंगलवार को हेमेत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति मिल गयी। यह अनुदान वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 से ही मिलेगा। सरकार ने इसके लिए प्रस्वीकति मदरसा और संस्कृत विद्यालयों को मिलने वाले अनुदान संकल्प-2014 में संशोधन किया है। सरकार के इस फैसले से राज्य में वित्त रहित 33 संस्कृत विद्यालय और 46 मदरसा को दोगुना अनुदान मिलेगा। करीब 2000 शिक्षक व कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सकेगा। रांची के नगड़ी अंचल के मौजा-भूसूर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्यालय का निर्माण होगा। 16.36 करोड़ रुपए के भुगतान पर कुल 6.69 एकड़ भूमि केंद्रीय गृह मंत्रालय को दी जायेगी। कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी। (शेष पेज 11 पर)

### बीएड कॉलेजों में फीस निर्धारण भी बोर्ड करेगा

वहीं, राज्य में चल रहे बीएड कॉलेजों पर लगाम लगाने की दिशा में हेमंत सरकार ने बड़ी पहल की है। सरकार ने निजी और सरकारी बीएड महाविद्यालयों में एडमिशन (एंट्रेंस) एवं शुल्क निर्धारण का जिम्मा अब झारखंड कंबाइंड एंट्रेंस कंपीटिटिव एग्जामिनेशन बोर्ड को दे दिया है। कैबिनेट ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लाए निजी और सरकारी बीएड महाविद्यालयों (नामांकन एवं शुल्क निर्धारण) के संचालन नियम-2020 प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। कॉलेजों में बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड सिलबेस में विद्यार्थियों का एडमिशन अब एंट्रेंस एग्जाम में मिले रैंकिंग के आधार पर होगा। झारखंड कंबाइंड एंट्रेंस कंपीटिटिव बोर्ड, रांची ही हर साल परीक्षा आयोजित करेगा। बोर्ड ही हर साल परीक्षा संचालन के लिए परीक्षा फीस निर्धारित करेगा।

# झारखंड ने मांगी 9250 करोड़ की मदद

## सूखे का आकलन करने आयी केंद्रीय टीम के साथ बैठक

### 13 राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी टीम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने सूखा राहत सहायता मद में करीब 9250 करोड़ रुपये राहत पैकेज देने की मांग भारत सरकार से की है। राज्य में सूखे का आकलन करने झारखंड दौरे पर आयी केंद्रीय टीम के साथ राज्य के आला अधिकारियों की मंगलवार को बैठक की। नेपाल हाउस स्थित सभागार में हुई इस बैठक में विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, आपदा सचिव अमिताभ कौशल, कृषि सचिव अबु बकर सिद्दकी, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अधिकारी समेत राज्य सरकार के कई पदाधिकारी मौजूद थे। भारत सरकार की संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी के नेतृत्व में आई इस केंद्रीय टीम में विभिन्न विभागों के दस पदाधिकारी मौजूद हैं। झारखंड में यह टीम 13 जनवरी तक रहेगी। बैठक में राज्य सरकार द्वारा भेजे गये सूखा रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य के आला अधिकारियों के साथ केंद्रीय टीम की बैठक करीब डेढ घंटे तक चली। बैठक के बाद टीम स्थलीय जांच के लिए राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी।

**सूखा राहत मद में 9250 करोड़ की मदद जरूरी :** राज्य सरकार ने सूखा राहत सहायता मद में करीब 9250 करोड़ की मांग भारत सरकार से की है। विकास आयुक्त ने यह मांग राज्य में सूखा का आकलन करने के लिए झारखंड दौरे पर आई केंद्रीय टीम के समक्ष रखी। इस बैठक में राज्य सरकार द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से सूखा की स्थिति से केंद्रीय टीम को अवगत कराया गया। बैठक के बाद विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के 22 जिले सूखा प्रभावित रहे हैं। राज्य में करीब 54 लाख किसान परिवार हैं, जिसमें 21 लाख किसान परिवार प्रभावित हुए हैं। (शेष पेज 11 पर)

# पारसनाथ में जुटे आदिवासी, पीएम-सीएम का फूंका पुतला

## मरांग बुरु को आदिवासियों का तीर्थ स्थल घोषित करें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रांची सहित पूरे राज्य के आदिवासियों का जमावड़ा पारसनाथ के मधुबन में हुआ। मधुबन से पारसनाथ पहाडी तक आक्रोश रैली निकाली गयी। झारखंड बचाओ मोर्चा, मरांग बुरु सांवता सुसार बैसी और आदिवासी-मूलवासी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आयोजित आक्रोश मार्च दिशोम माण थाना पहुंचा। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। पीएम मोदी, सीएम हेमंत और स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू का पुतला फूंका। आंदोलनकारियों ने शिबू सोरेन और बाबूलाल मरांडी के खिलाफ नारेबाजी भी की। आंदोलनकारियों ने मांग की कि मरांग बुरू का अतिक्रमण रोकें और इसे आदिवासियों का तीर्थ स्थल घोषित करें।

**पारसनाथ पहाड़ी आदिवासियों की तीर्थस्थल है :** आंदोलनकारियों का कहना है कि पारसनाथ पहाड़ी और परिसर जैन धर्मियों का नहीं आदिवासियों का तीर्थ स्थल है। इसलिए सरकार के हर हाल में इसे आदिवासियों का तीर्थ घोषित करना होगा। (शेष पेज 11 पर)

### दोनों सदियों से मिल कर पूजा करते रहे हैं: जगरनाथ

राज्य के शिक्षा मंत्री व झामुमो नेता जगरनाथ महतो ने इस मामले में कहा कि पारसनाथ को लेकर आदिवासियों और जैनियों के बीच कोई विवाद नहीं है। वहां सदियों से आदिवासी और जैन धर्म के लोग मिलजुलकर पूजा-पाठ करते आये हैं। कुछ लोग जबरदस्ती विवाद पैदा करना चाहते हैं। कोई महाजुटान जैसी बात नहीं है। उन्होंने ओड़िशा के पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को जम कर खरी-खोटी सुनायी। साथ ही कहा कि सालखन को ओड़िशा जाकर नेतागिरी करनी चाहिए। यहां क्या करने आते हैं। झारखंड में केवल एक ही नेता है, वो हैं दिशोम गुरु शिबू सोरेन। स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी पक्षों के साथ बैठक कर हल निकाल लिया है।

# हंगामे के कारण जोशीमठ में होटल्स गिराने का काम टला

### प्रशासनिक टीम, जेसीबी बैरंग लौटी, जर्जर भवन गिराना ही होगा



एजेंसी

**जोशीमठ।** जोशीमठ को बचाने की कवायद शुरू हो चुकी है। जोशीमठ में नौ वार्ड के 678 मकान ऐसे हैं जिनमें दरारें हैं। सुरक्षा की नजर से दो होटल -मलारी इन और माउंट व्यू को को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत बंद किए गये हैं। इतना ही नहीं कई जगहों पर सड़कें भी धंस चुकी हैं। जमीन के नीचे से लगातार पानी निकल रहा है। मंगलवार को सीबीआरआइ व अन्य एक्सपर्ट्स रिपोर्ट के बाद असुरक्षित बिल्डिंग्स को ध्वस्त करने का प्रॉसेस शुरू कर दिया गया है। सबसे पहले यहां के दो होटल्स-मलारी इन और माउंट व्यू को गिराया जाना था। दोनों होटल झुक गये हैं। आपदा अधिनियम के तहत जन सुरक्षा को देखते हुए यहां के दो होटलों को ध्वस्त करने का आदेश दिया था लेकिन लोगों के भारी विरोध के कारण मंगलवार को होटलों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो सकी। एसडीएम की मौजूदगी में पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें दोनों होटलों को गिराने के लिए मौके पर पहुंची, तो वहां पर हंगामा खड़ा हो गया। फिलहाल ध्वस्तीकरण टाल दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार अगर इन होटल्स को नहीं गिराये गए तो आसपास के एरिया के लिए यह और अधिक खतरा बन सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### पीएम हर मिनट की ले रहे खबर : मंत्री

मुआवजे की मांग पर जोशीमठ पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी हर परिवार को बचाना है। जान माल की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। पीएम मोदी मिनट मिनट की खबर ले रहे हैं। हमने अधिकारियों को तैनात किया है, आर्मी चौकन्नी है। हमारे आइटीबीपी की 3 बटालियन हैं। कई एजेंसी सर्वे पर लगी हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कुछ होटल जो एकदम टेंढे हो गए थे उनको हटाना जरूरी है। जिसका भी जो भी नुकसान हुआ है उसका आकलन किया जा रहा। सरकार ने क्षतिपूर्ति करने का मन बनाया है, जगह भी खोज ली गयी है।

# पालकोट में भाजपा नेता को मारी गोली, रांची रेफर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट प्रखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह समाज सेवी सुमित प्रसाद केसरी को अज्ञात अपराधियों ने सोमवार की रात उसके ईंट भट्ठा प्लांट से अगवा कर रोकेडेगा मोड़ के पास दो गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपराधियों ने पत्थर से कूच कर मौत के घाट उतारने का प्रयास भी किया। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उन्हें गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। सुमित केसरी का रांची के मेडिका इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जांच के लिए एसपी ने एसडीपीओ बसिया के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया है। अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। पुलिस ने जल्द ही अपराधियों के गिरफ्तारी की बात कही है। (शेष पेज 11 पर)

# केके सिंह की स्मृति में 271 रोगियों की आंखों का ऑपरेशन

➲ रोगियों को डेढ़ महीने की दवा और कंबल देकर किया गया विदा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्व केके सिंह की पुण्य स्मृति में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम तथा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ- 2023 नेत्र रोगियों के विदाई के साथ आज संपन्न हो गया। स्व केके सिंह की स्मृति में आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ में 271 रोगियों की आंखों का सफल ऑपरेशन एवं उनकी अंतिम जांच के पश्चात डेढ़ महीने की दवा एवं कंबल देकर आज बिदाई दी गई।

चार दिवसीय नेत्र शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेड क्रॉस सोसाईटी, जमशेदपुर के चेयरमैन एवं समाजसेवी गोविंद प्रसाद दोदराजका ने कहा कि पिछले 30 वर्षों से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम के प्रति दिन प्रतिदिन लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है, इसी बात का प्रमाण इतने नेत्र रोगियों की उपस्थिति हैं और यह विश्वास यहां चिकित्सकों एवं उनकी टीम के सेवा कार्यों का एक सम्मान भी है कि उनके प्रति लोगों में लगातार विश्वास बढ़ा है। डॉ राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान की नींव रखने वाले विजय सिंह एवं वर्तमान में रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह लगातार इस कार्य को आगे बढा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों के जीवन में उजाला फैल रहा है। राजस्थान सेवा सदन के अध्यक्ष दिलीप गोयल कहा कि यह काम लोगों को एक नयी शुरूआत करने का मौका देता है, आंखों की रौशनी देना एक प्रकार से नया जीवन देने जैसा है।



एक लाभुक को दवा और कंबल देकर विदाई देते दिलीप गोयल। बगल में खड़े हैं केके बिल्डर्स के निदेशक विकास सिंह व अन्य।

**कार्यक्रम की खास बातें :** कार्यक्रम में टीएमएच में नेत्र विभाग प्रमुख डॉ भारती शर्मा ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि हम जिन कार्यों को करने के लिए आते हैं, उसे करने में हमसे ज्यादा लगनशील लोग जुड़े हैं जो और अधिक तत्परता से कार्य करते हुए इसे मुकाम तक पहुंचाते हैं। एक संपूर्ण प्रयास से यह बेहतरीन हो जाता है। इस टीम की प्रशंसा शब्दों में नहीं की जा सकती। इस सेवा प्रकल्प से पिछले 20 वर्षों से जुड़ी नेत्र चिकित्सक डॉ पूनम सिंह ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा सिर्फ एकतरफा मार्ग नहीं है, यह मार्ग वह है जिससे हम सभी अपने जीवन में भी खुशियों का और ईश्वर के आशीर्वाद का अनुभव प्राप्त करते हैं, उन्होने कहा कि इस कार्य को करते करते आज शुरूआत से हम सभी एक अच्छे मुकाम पर हैं, जहां हम लोगों को बेहतर सेवा दे पा रहे हैं। मुख्य चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह ने पूरी टीम ने साथ ऑपरेशन कराये सभी नेत्र रोगियों का परीक्षण किया और बताया कि सभी का बेहतर ऑपरेशन हुआ है, उन्होने नेत्र रोगियों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना प्रेषित की। कार्यक्रम के संयोजन विकास सिंह ने कहा कि स्व केके सिंह के पुण्य स्मृति में आयोजित हो रहे इस नेत्र शिविर में वे अपने आप को भी एक छोटा सा कार्यकर्ता समझते हैं, क्योंकि उस कार्य के आकर्षण के विषय में क्या कहें कि जहां तीन-चार वर्ष के बच्चे-बच्चियां भी अपनी सेवा दे रहे हैं, इतने लोग ऐसे जुड़े हैं और इतना बड़ा काम इतने बेहतरीन तरीके से निस्वार्थ सेवा भावना के साथ हो रहा है।

## स्पीड न्यूज

### इग्नू से मात्र 15000 रुपये/सेमेस्टर में करें एमबीए, एडमिशन शुरू

**जमशेदपुर।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ एस मोहंती के हवाले से इग्नू की जमशेदपुर समन्वयक डॉ त्रिपुरा झा (एलएससी–32051) ने बताया है कि इग्नू ने एमबीए शैक्षणिक सत्र 2023 में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ करने को लेकर सूचना जारी कर दी है। एमबीए में नामांकन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 50 प्रतिशत अंक है जबकि आरक्षित वर्ग के लिए यह 45 प्रतिशत अंक हैं। इग्नू में एमबीए पाठ्यक्रम के लिए इग्नू एमबीए फीस प्रति सेमेस्टर 15000 रुपये है। इसकी अद्वितीय विशेषताओं में अखिल भारतीय मल्टी मीडिया समर्थन सेवाओं की नवीनतम पाठ्यक्रम शामिल है। कोर्स के प्रकार के बारे में डा त्रिपुरा झा ने बताया कि छात्र ऑनलाइन और डिस्टेंस लर्निंग के जरिए एमबीए की पढ़ाई कर सकते हैं। इच्छुक आवेदन के लिए इग्नू की वेबसाइट पर जा कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कल रांची में युवा आक्रोश मार्च निकालेगा आजसू

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी और छात्र इकाई आजसू छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी युवा दिवस के दिन युवाओं और छात्रों के द्वारा रांची में युवा आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। हजारों की संख्या में युवा विधानसभा मैदान से पैदल मार्च निकालेंगे जो मोराबादी बापू वाटिका मैदान में पहुंच कर जनसभा में तब्दील हो जायेगी। इस मार्च में जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रांची पहुंचेंगे। 10 जनवरी को आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी और आजसू छात्र संघ के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्री कन्हैया सिंह ने किया और मुख्यातिथि के रूप में जिला प्रभारी सह केंद्रीय सचिव प्रो रवि शंकर जी उपस्थित हुए।

# प्रबंधन-यूनियन के बीच सेतु है आपसी विश्वास : संदीप कुमार



एमडी संदीप कुमार को गुलदस्ता देते यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय।

➲ टीएसडीपीएल यूनियन ने अपने नये एमडी संदीप कुमार का किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टीएसडीपीएल के नए एमडी संदीप कुमार जिन्होंने 31 दिसंबर को अब्राहम स्टीफंस के रिटायरमेंट के बाद 1 जनवरी को कार्य भार संभाला वो 9 जनवरी से ही जमशेदपुर पहुंच कर कंपनी के विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण कर रहे है। इसी क्रम में आज यूनियन के साथ भी उनका परिचयत्मक बैठक हुई। टीएसपीडीएल इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के नेतृत्व में यूनियन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारणी के सभी सम्मानित सदस्यों ने नए एमडी संदीप कुमार से मुलाकात की। एमडी ने बारी-बारी सभी को नव वर्ष की बधाई दी और सभी का कुशल क्षेम लिया। यूनियन के सदस्यों ने भी अपने नए एमडी का स्वागत बुके और शॉल भेट कर किया। ज्ञात हो कि संदीप कुमार पूर्व में टाटा मेटालिक्स खड़गपुर के एमडी रह चुके है और उनके नेतृत्व में कंपनी में अपने नए उच्चाइयों को छुआ है। टाटा स्टील ने इनकी पदस्थापना बहुत सोच-विचार कर किया है। यूनियन से बातचीत के क्रम संदीप कुमार ने कहा कि विश्वास सबसे बड़ी नींव है। ये एक मजबूत डोर होता है जो प्रबंधन और यूनियन के बीच सेतु का कार्य करती है। उन्होंने यह भी कहा कि मै प्रयास करूंगा की साल में कम से कम दो बार आप लोगों के साथ बैठू। इसके अलावा पूर्व की भांति एमडी डायलॉग और शॉप फ्लोर कम्युनिकेशन निरंतर जारी रहेंगे।

## स्वर्णरेखा आरती घाट के लिए मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिये 50 लाख, बोले

# गंगा आरती की तर्ज पर होगी दुमुहानी पर स्वर्णरेखा आरती

➲ कहा, स्वर्णरेखा का कर्ज उतारने का समय, दोमुहानी को बनायेंगे पर्यटक स्थल

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** अपने चुनावी वायदा को पूरा करने के अगली कड़ी में सूबे के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता ने अपने विधायक मद से स्वर्णरेखा आरती मंडप के निर्माण हेतु 50 लाख रुपए देने की अनुशंसा की हैं। यह फंड स्वर्णरेखा नदी के दुमुहानी पर आरती मंडप के निर्माण समेत अन्य सौंदर्यकरण में खर्च होगा।

यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि स्वर्णरेखा नदी जमशेदपुर की लाइफ लाइन हैं, इसके संरक्षण और सौंदर्यकरण की जिम्मेदारी हम सभी की हैं। इस नदी का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है, और जमशेदपुरवासी होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि इसका कर्ज उतार सकूं। उन्होंने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त विजया जाधव को पत्र लिखकर स्वर्णरेखा आरती मंडप बनाने का निर्देश दिया है। इससे यह पर्यटन स्थल के रूप में तो विकसित होगा ही, साथ ही रोजगार सृजन का केंद्र भी बनेगा।

उन्होंने बताया कि सरकार के स्तर से भी इसमें सहयोग की मांग मुख्यमंत्री जी से करेंगे। साथ ही कॉर्पोरेट घरानों और शहर के प्रमुख व्यापारी वर्गों से भी स्वर्णरेखा के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग मांगा जायेगा। बन्ना गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म की आस्था है नदियों की पूजा। देश के कई हिस्सों में नदियों की आरती की जाती है, गंगा आरती सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी के तहत हमारे आस्था और विश्वास की प्रतिक स्वर्णरेखा नदी के आरती के लिए भव्य मंडप और आवश्यक संसाधनों का निर्माण किया जायेगा।



संबोधित करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

## आज से आरएसएस का महा अभियान : एक पेड़ देश के नाम

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर स्तर पर गतिविधि को बढ़ाने की मुहिम शुरू की है। इसे लेकर मंगलवार को तुलसी भवन बिष्टुपुर में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि नारी शक्ति कार्य आयाम झारखंड प्रांत की बैठक की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग संघचालक अभय सामंत, महानगर कारवाह रविंद्र सिंह, पर्यावरण गतिविधि नारी शक्ति प्रांत प्रमुख डॉ कविता परमार, महानगर संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, महानगर पर्यावरण गतिविधि प्रमुख पुष्पेंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ कविता परमार ने गतिविधि के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण विषयक कार्यो पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अपने अपने घरों को एवं आसपास के घरों को पर्यावरण हरित घर की अवधारणा के अनुरूप बनाने को कहा, जिसमें घर के अंदर जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग, घर के जैविक कचरे से खाद बनाना, पक्षियों के घोंसले लगाने, पौधारोपण करने आदि मुख्य कार्यो को बताया गया।

सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, – 834031, झारखण्ड, भारत
सूचना
"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

## एक नजर में

### सांसद ने सोनारी बस्ती के जरूरतमंदों में बांटे कंबल



**जमशेदपुर।** भाजपा सोनारी मंडल के बच्चा सिंह बस्ती में मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार की अध्यक्षता में सांसद विद्युत वरण महतो के सौजन्य से 625 कंबल बांटे गये। सांसद खुद सोनारी के विभिन्न बस्ती बच्चा सिंह, बलराम, तिलोभट्ठा, पंचवटी नगर, बिरसा बस्ती, निर्मल नगर, तिलका माझी, सरजम हातु, जहिरा, कालिंदी बस्ती के जरूरतमंदों को कंबल दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, पश्चिम विस क्षेत्र के प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पुरण वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल लहरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह समेत बडी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### बीएसीईटी में हुई दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** बीए अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान में 8 जनवरी और 9 जनवरी को दो दिवसीय खेल का आयोजन हुआ। दो दिनों मे 100,200 एवं 400 मीटर दौर तथा वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, शतरंज आदि महत्वपूर्ण खेल का आयोजन हुआ। प्रथम दिन यानी 8 जनवरी को संस्था के चेयरमैन तथा विशिष्ट अतिथि डॉ श्री शिव कुमार सिंह ने प्रारंभ किया तथा खेल मानव जीवन में कैसे महत्वपूर्ण है विद्यार्थियों को बताया और उन्हें प्रेरित किया। कॉलेज के खेल कार्यक्रम को सुरक्षित एवं सुनियोजित तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी सहायक प्रोफेसर श्री निलय मंडल के हाथों में थी, वही कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेनगुप्ता तथा सभी प्रोफेसर ने अपना सहयोग दिया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने सभी खेलो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अन्तिम दिन सभी खेल के विजेताओं को पुरस्कार वितरण चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह तथा निदेशक डॉ अरुण कुमार सिंह के द्वारा प्रदान किया गया।

### करीम सिटी कॉलेज : इतिहास विभाग में अद्वितीय कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग के द्वारा आज अद्वितीय (भारतीय संस्कृति और विरासत) कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे सेमेस्टर 2, 4 और मेजर 1 के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सुभाष चंद्र बोस पर आधारित फिल्म के प्रदर्शन से हुआ। इस अवसर पर क्विज का आयोजन किया गया जिसमें 12 सदस्यों की 6 टीम शामिल हुई। जिसमे प्रथम पुरस्कार बापुन कुंडू एवं अभिषेक कुमार की टीम ने जीता वहीं आयुष कुमार और सना वकील की टीम को दूसरा पुरस्कार दिया गया। इसके बाद छात्र संगोष्ठी हुआ जिसमें 12 छात्रों की 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार श्रीधर मिश्रा एवं तैय्यबा फातिमा तथा द्वितीय पुरस्कार सना वकील एवं बबिता सोरेन को दिया गया।



स्पीड न्यूज

### अनगड़ा में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन



**अनगड़ा।** मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष नारायण मुंडा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन किया गया स उद्घाटन के मौके पर सर्व समिति से मिनहाज आलम को प्रखंड मीडिया प्रभारी चुना गया स इस अवसर में मौके पर जिला सचिव मुमताज खान विश्राम महतो जगन लिंडा विजय खलखोए मुन्ना मुंडा शमशाद अंसारी राजदेव पहान तिवारी भोक्ता बलराम पहान बिरसा उरांवए लक्ष्मी मुंडा दसवा उरांव समेत अनेको काँग्रेस कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### इटकी थाना में सात मामलों का निपटारा

**इटकी।** इटकी थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर ग्रामीणों के सात मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। इसमें तीन घरेलू विवादए दो भूमि विवाद सहित दो अन्य मामला शामिल है। मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन, एएसआई ऐनुल हक, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, मुखिया रमेश महली, मोहसिन मुमताज, सरफूल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता ने 200 गरीबों को दिये कंबल

**सिकिदिरी।** कांग्रेस के युवा नेता अमाल खान ने मंगलवार को भुसुर-डटमा गांव में 200 गरीब व असहाय वृद्धों के बीच 200 कंबल का वितरण किया। अमाल खान ने बताया की बढ़ती ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया है। गरीबों की सेवा करना ईश्वर की सेवा है। क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए वे हमेशा प्रयासरत है। इस मौके पर शमीम अख्तर, सज्जाद खान, मो जावेद, मो गुलाम, राजेन्द्र महतो, ग्राम प्रधान प्रयाग पाहन, पवन महतो, लालु मुंडा आदि उपस्थित थे।

### बेड़ो के बोदा डिपाटोली गांव में लगा ट्रांसफार्मर

**बेड़ो।** सांसद सुदर्शन भगत के प्रयास से बेड़ो प्रखंड के बोदा डिपाटोली गांव में मंगलवार को नया ट्रांसफार्मर लगा। विगत छह महीने से यहां के लोग अंधेरे में थे। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार रॉय, हरिमोहन गोप व लाल सत्य प्रकाश नाथ शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया। गांव में बिजली आने से ग्रामीणों में हर्ष है।

### रानी चुआं में 12 से 14 तक मनेगा स्वर्णरेखा महोत्सव, लगेगा मेला

**पिस्कानगड़ी।** स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुआं के समीप नगड़ी मेला टिकरा में मनाए जाने वाली स्वर्णरेखा महोत्सव 2023 को लेकर नगड़ी मेन रोड़ स्थित सत्संग भवन में स्वर्णरेखा महोत्सव के पदाधिकारियों के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी सहित सभी पदाधिकारियों ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी से लेकर 14 जनवरी तक तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव 2023 सह मकर संक्रांति मेला का आयोजन किया गया है।

### सीआईपी में प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**कांके।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान सीआईपी रांची में सीआरसी प्रोजेक्ट के तत्वधान में मंगलवार से एक दो दिवसीय कार्यशाला व प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया कार्यक्रम में वर्तमान समय में ब्रेन स्टीमुलेशन की उपयोगिता एवं जरूरत पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के डायरेक्टर प्रोफेसर बी दास द्वारा स्वागत अभिभाषण व सीआरसी प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देकर हुई। प्रोफेसर जगदीश थिरथल्ली व प्रोफ़ेसर वेंकटसुब्रमणियम ने ब्रेन स्टीमुलेशन के बढ़ते प्रभाव व उचित इस्तेमाल पर जोर दिया। मौके पर दौरान प्रोफेसर डी राम, डॉ अजय बाखला, डॉ संजय मुंडा मौजूद थे।

# ग्रामीण थानों में निबटाये गये कई मामले

## थाना दिवस

● **रातू थानेदार ने सुनी फरियाद, मौके पर निपटाये गये 15 मामले**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीनियर एसपी कौशल किशोर के निर्देश पर मंगलवार को आयोजित थाना दिवस पर शांति समिति के सदस्यों की मौजूदगी में जमीन विवाद से संबंधित करीब 15 मामले निपटाये गये। थानेदार सपन महथा ने ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने दो टूक कहा कि पुलिस का काम विधि व्यवस्था देखना है। जमीन में दावेदारी की विवाद से कीमती समय बर्बाद हो रहा है। इससे पुलिसिंग कार्य प्रभावित हो रहे हैं। छोटे-मोटे मामले को पंचायत व थाना स्तर पर सुलझाने से न्यायालय में मुकदमे का बोझ कम होगा। आर्थिक क्षति नहीं होगी और लोग कोर्ट-कचहरी की चक्कर से भी बचेंगे। उन्होंने बताया कि महीने में दो बार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पुलिस की इस कार्यशैली को काफी सराहा गया। लोग बेहद उत्साहित नजर आये। लोगों ने पुलिस के कार्यशैली की तारीफ की। वहीं यह कार्यक्रम महीने में दो बार होगा।

### थाना दिवस में उत्साहित दिखे ग्रामीण



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

अवर निरीक्षक बादल दास, सहायक अवर निरीक्षक दीनबंधु दुबे, उज्ज्वल कुमार सिंह, बिष्णु कुमार, शमीम मंसुरी, महावीर विश्वकर्मा, हरि साहू, राजकुमार बर्मन, अरशद अयुब, ज्योति भगत, रीता भगत, मुन्नी कुमारी, रेयाजुल अंसारी, पूजा तिर्की, एनामुल अंसारी, सुनीता देवी, मनोज कुमार, चंदन कुमार, मनीष मुंडा व गोविंद साहू आदि।

### राहे-सोनाहातू थाना में मना समाधान दिवस

**सोनाहातू/राहे।** थाना परिसर में मंगलवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को आपसी सामंजस्य से समाधन करना है। समाधान दिवस पर पंचायत जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इस दौरान दो समस्या पर विचार किया गया। राहे ओपी में प्रभारी राम रेखा पासवान ने कहा कि प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे मंगलवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। मौके पर शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### अनगड़ा थाना में विवादों का हुआ निबटारा

अनगड़ा। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को अनगड़ा थाना परिसर में थाना दिवस मनाया गया। इसमें क्षेत्र के छोटेमोटे विवाद का निपटारा किया गया। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि छोटे मोटे घरेलू विवाद अथवा रास्ता नाली एवं पति-पत्नी के आपसी झगड़े जैसे विवाद का थाना स्तर पर ही निपटारा कर देने के लिए महीना के प्रथम एवं आखरी मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया है, ताकि हल्के विवाद में फंस लोगों को कोर्ट का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

### पिठोरिया थाना में कई मामलों का निष्पादन

पिठोरिया। पिठोरिया थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर क्षेत्र से कई लोग अपनी शिकायतें लेकर थाना परिसर पहुंचे। इस मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया।

## चोरी के कोयले के साथ संचालक समेत पांच धराये, पांच बाइक जब्त

### एसएसपी के निर्देश पर रातू पुलिस ने कन्नौज स्थित दूजा ब्रिक्स में की छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीनियर एसपी कौशल किशोर को मंगलवार की सुबह सात बजे मिली गुप्त सूचना पर थानेदार सपन कुमार महथा की अगुआई में पुलिस ने थाना क्षेत्र के कन्नौज स्थित दूजा ब्रिक्स में छापेमारी की। इस दौरान भट्ठा मालिक मोहनपुर निवासी अताउल्लाह अंसारी, बुढ़मू मतवे के शोएब अंसारी व इश्तियाक अंसारी, चकमे के राजू खान तथा नगड़ू के सुमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की पांच मोटर साइकिलए जिसमें चार में 20 क्विंटल समेत भट्ठे में डंप किये गये करीब 60 टन चोरी का कोयला व वेट मशीन को जब्त कर लिया। कोयले को डंपर व टर्बो की मदद से थाना लाया गया। मामले को लेकर रातू थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### छापा में थे शामिल

पुलिस निरीक्षक श्री महथा के अलावा अवर निरीक्षक नीतीश कुमार, आदित्य ठाकुर, शेखर कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार, गुलाम हशनैन खान, लालबाबू राय, उज्वल कुमार सिंह, जीप चालक विशेश्वर बड़ाईक आदि पुलिस पदाधिकारी व कर्मी आदि।

## साहिल अध्यक्ष और तोना उरांव बने सचिव

### रातू के पाली में झामुमो पंचायत कमेटी का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रखंड झामुमो की बैठक मंगलवार को पाली में हुई। बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके उपरांतए पंचायत समिति का गठन किया गया। संचालन प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी ने किया। साहिल अंसारी अध्यक्ष, तोना ऊरांव सचिव, दिलीप खलखो व दीपक कुमार साहू उपाध्यक्ष, साजिद खलीफा कोषाध्यक्ष, इलियास अंसारी संगठन सचिव तथा अबरार अंसारी व एखेलाक खलीफा सह सचिव चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में जयवीर उरांव, रियाजुल अंसारी, इस्लाम अंसारी, शनिचारवा उरांव, शकूर अंसारी व गोविंदा उरॉव शामिल हैं। श्री अंसारी ने कमेटी के पदधारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। श्री अंसारी ने उन्हें मोर्चा संगठन में युवा और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मौके पर इम्तियाज अंसारी, दिलीप महतो, राजेश गोप, मंगू ऊरांव, रफीक अंसारी, शंकर एक्का व भरत महतो आदि मौजूद थे।

## सुदेश ने किया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के पतराहातू में मंगलवार को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जीणोद्धार कार्य का शिलान्यास सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चैधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक एवू गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह व अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अस्पताल के बन जाने से क्षेत्र के आसपास की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे आपात स्थिति में गंभीर मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं। इस मौके पर संजय सिद्धार्थ, डॉ पी के रॉय, विजय चंद्र महतो, भूपेंन भगत, धीरज साहू, मनोज कुमार दास, महादे० स्वासी, रितु पूर्ण सिंह मुंडा, मुकेश साहू, प्रदीप कुमार मांझी, धीरज साहू, शीला देवी, कमला देवी, यशोदा देवी, आरती देवी, नूनी बाला देवी, चांदमणि देवी, विमला देवी आदि मौजूद थे।

## भाजपा के झारखंड प्रभारी ने बताया पार्टी को मजबूत करने का राज मंत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** झारखंड में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी सह राज्य सांसद एवं पूर्व भाजपा यूपी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेय मंगलवार को चतरा पहुंचे। जहां पर उन्होंने जिला अध्यक्ष सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास एवं जिले के सभी मंडल अध्यक्षएसांसद प्रतिनिधि एवं कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रभारी ने अपने पहले संबोधन में कहा कि पार्टी के प्रमुख नेता मंडल अध्यक्ष होते हैं उन्ही के कंधे पर पार्टी की सारी जिम्मेवारी होती है। इस बीच प्रभारी ने कई प्रकार के बिंदुओं चर्चा की जैसे की पुराने कार्यकताओं से मिलना जुलना मोर्चा के सभी अध्यक्षों के घर जाकर दुख सुख की चर्चा करना। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किन परिवारों मिला है या परिवारों को लाभ नहीं मिला है उनकी सूची तैयार करने का काम। सभी बूथों पर 10 समर्पित कार्यकताओं का चयन कर जिसमें 2 महिला अनिवार्य हो उनकी सूची बनाने का कार्य सभी मंडल अध्यक्षों को सौंपा सहित मंडल अध्यक्षों को कैसे भारतीय जनता पार्टी 100ः मजबूत हो इस राजमंत्र के बारे में बताया। मौके पर संजीव कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि अजय सिंह, धनराज भोगता, संजय कुमार गंझू, प्रदीप महतो आदि मौजूद थे।

## बारिश के पानी से भूगर्भीय जलस्तर में सुधार का गुर सीखने आरा-केरम गांव जाएंगे मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** प्रखंड के सभी मुखिया को बारिश का पानी रोक कर जलस्तर में सुधार करने की गुर आरा-केरम के ग्रामीण बताएगें। इसके लिए सभी मुखिया आरा-केरम गांव देखने जायेंगे। प्रखंड मुख्याल सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तीय प्रशिक्षण व उन्मुखीकरन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार सोनी ने किया और कहा धरती का जलस्तर में सुधार हो इसके लिए बारिष की पानी को रोकना जरूरी है। उन्होने पहाड़ी क्षेत्र, जंगल व सिढीनुमा क्षेत्रों पर जलधारा को रोकने के लिए मनरेगा योजना से जमीन की खुदाई कराने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड के सभी मुखिया व प्रखंड कर्मियों को वीडियो विजुअल के माध्यम से मनरेगा योजना के बेहतर क्रियान्वयन व बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी व आजीविका मिषन की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि पहाड़ी क्षेत्र के चोटि से घाटी तक ढलान पर अलग अलग ढांचे बनाकर पानी को कैसे रोका जा सकता है। इसके अलावे मनरेगा योजना की परेशानी और उसके समाधान पर भी बात हुई। कार्यक्रम में उपप्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीप माला, जिला जीआईएस रेशमा प्रवीण, एनआरएम आदित्य प्रभाकर, अंकित कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थें।

## जयंती पर याद किये गये शहीद नीलांबर-पीतांबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** नीलाम्बर पीताम्बर जन कल्याण समिति द्वारा खलारी के बड़कीटॉड में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर की जयंती मनाई गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू तथा बिशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गाएमुखिया दीपमाला कुमारीए जालिम सिंहए खुलेश्वर भोगताएकन्हाई पासीएनरेश गंझूएअनिल पासवानए जगरनाथ महतो उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता तथा संचालन रामलखन गंझू ने किया।सबसे पहले अतिथियों का पारम्परिक तरीके से ढोल नगाड़ों के साथ किया गया।सबसे पहले समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ गंझू ने प्रतिमा का पारंपरिक तरीके से पूजा की।उसके बाद अतिथियों ने नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।वही उपस्थित लोगों ने भी बारी बारी से प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।उसके बाद सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। बच्चियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि झलकु गंझू ने कहा कि नीलाम्बर पीताम्बर ने देश की आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई और आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों को आहुति दी।नीलाम्बर पीताम्बर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके आदर्शों को अपनाकर उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रमुख सोनी तिग्गा, मुखिया दीपमाला कुमारी ने भी नीलाम्बर पीताम्बर को महान स्वतंत्रता सेनानी बताया और उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की।

### खभावन में मनी नीलांबर-पीतांबर जयंती

**सिकिदिरी।** खरवार भोगता विकास संघ अनगड़ा के द्वारा मंगलवार को खभावन बाजार टांढ़ में अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर का जयंती मनाई गई। शहीद नीलांबर-पीतांबर के आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि नवागढ़ के मुखिया भुवनेश्वर बेदिया थे। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष पंचम भोगता ने की। मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ने लोगों से शहीद नीलांबर .पीतांबर के देशप्रेम को अपने जीवन में उतारने का आहवान किया। मौके पर संरक्षक भीखन भोगता, कोषाध्यक्ष जगदीश भोगता, रंथू भोगता, नरेन्द्र नाथ बेदिया मौजूद थे।

### विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**राहे।** प्रखंड के बुंदियारू गांव में विधायक सुदेश महतो ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास किये। गांव में 100 फिट पीसीसी ओर गडवाल था टांडघर में 400 फिट पीसीसी सड़क निर्माण विधायक निधि से किया जायेगा। मौके पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव की मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जायेगा। पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर कई कल्याणकारी योजना पर काम किया जा रहा है। सभी जनहित और गांव हित के लिये काम करें।

## सुविधाओं बगैर गांव के युवाओं का बेहतर प्रदर्शन

### अंतर विवि साईकिल चयन प्रतियोगिता में प्रेम किशोर और सीमा को मिला पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** रांची विश्वविद्यालय रांची के तात्वावधान में मंगलवार को ओरमांझी में अंतर महाविद्यालय साईकिल चयन प्रतियोगिता-2023 का आयोजन हुआ। आरटीसी कॉलेज ओरमांझी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेज 15 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पुरुष वर्ग के प्रतिभागी को 15 किमी व महिला वर्ग के लिए छह किमी निर्धारित दूरी तय की गई थी। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने हरी झंडी दिखा विदा किया। पुरुष वर्ग में प्रथम प्रेम किशोर महतो 22 मिनट, दुतीय उपेंद्र भारती 25 मिनट व तीसरे कमलेश कुमार ने 30 मिनट में निर्धारित दूरी तय की। वहीं महिला वर्ग में प्रथम सीमा कुमारी 27 मिनट, दूसरा समिका कुमारी 29 मिनट व तीसरा बबिता कुमारी 30 मिनट में निर्धारित दूरी तैय करने में सफल रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य भीम महतो व बज्रभूषण नीरज द्वारा पुरस्कार दे सम्मानित किया गया। डॉ पासरनाथ महतो ने कहा काफी समय से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों लिए साईकिल एक प्रमुख सवारी रही है। आज भी गांव के काफी बच्चे साईकिल की सवारी करते हैं। तकनिकी जानकारी व सुविधा मिले तो निश्चित ही गांव के युवा सईकिल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। मौके पर इकबाल अंसारी, रंजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



विजेता प्रतिभागियों में शामिल अन्य छात्र।

### सामान्य व रेसिंग साईकिल में दिखा अंतर

रांची विश्वविद्यालय रांची, एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची के अलावा आरटीसी कॉलेज के ज्यादातर छात्र-छात्राएं चयन प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में रांची से आए कई छात्र रेसिंग साईकिल लेकर पहुंचे थे। वहीं आरटीसी कॉलेज के ज्यादतर छात्र-छात्राएं कॉलेज आने-जाने वाले सामन्य साईकिल से प्रतियोगिता में शामिल हुए। एसएस हाई स्कूल मैदान ओरमांझी से कुच्चू बाजार चैक तक हुई प्रतियोगिता में दोनों प्रकार के साईकिल का फर्क भी नजर आया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं में प्रेमकिशोर महतो, उपेंद्र भारती, सीमा कुमारी, समिका कुमारी व बबिता कुमारी के अलावा अंजलि गुप्ता, सोनी कुमारी, साक्षी कुमारी, सनोज कुमार, अमन कुमार महतो, पुनम कुमारी, सिद्धार्थ उरांव, अनिल कुमार महतो व यमुना कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### जहानाबाज चिनियाटोली में लेमन ग्रास डिस्टिलेशन यूनिट का उद्घाटन



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जहानाबाज चिनियाटोली में मंगलवार को जेएसएलपीएस जोहार परियोजना अंतर्गत स्थापित लेमन ग्रास डिस्टिलेशन यूनिट का फीता काटकर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फीता उद्घाटन किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमारए मुखिया लक्ष्मी कोया, सुनील कच्छपए जोहार बीपीओ दीपक कुमारए एफटीसी बीजल कुमारी और कलेश्वर सुजीत गोप उउपस्थित थे। लेमन घास यूनिट से 38 गांव का उत्पादक समूह से 390 किसान जुड़े हैं। इसका बाजार में कीमत 1000 रुपया प्रति लीटर से 1600 रुपया प्रति लीटर तक है।

### क्वार्टर फाइनल में पाली ने हुरहुरी को 1-0 से हराया



**रातू।** नवीन स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से आयोजित ग्रामीण खेल प्रतिभा फुटबॉल टूनार्मेंट के छठे दिन क्वार्टर फाइनल में पाली ने हुरहुरी को 1.0 से पराजित कर दिया। वहींए बिजुलियाए बाजपुर व बानापीड़ी की टीम ने ट्राईब्रेकर के जरिये जीत हासिल की। उसने क्रमशः तिगराए सिमलिया व चंदाघासी को हराया। इसके साथ ही चारों टीमों ने सेमी फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को यहां रोमांचक मुकाबले होंगे। मौके पर देविया उरांवए हूसे उरांव, रूपेश गोप, देवेंद्र सिंह, राहुल सिंह, जेम्स खलखो, चंदर उरांव, परमेश्वर सिंह, अमित तिवारी, संजय राय, प्रदीप टोप्पो, मंटू सिंह, शंकर उरांव, बिमल उरांव, केशव साहू, अमित गोप, जीवन मिर्धा, ईश्वर गोप, मुकेश भगत, पुरन उरांव, बंधन कुजु, गांधी भगत, रमेश उरांव, पप्पू गोप, सत्यनारायण गोप, प्रकाश उरांव व विश्वनाथ उरांव मौजूद थे। फोटो चार खिलाड़ियों के साथ अकादमी के सदस्य।

### रातू में रखी गई योजनाओं की आधारशिला

**रातू।** सांसद संजय सेठ और विधायक नवीन जायसवाल ने मंगलवार को प्रखंड के रातू तालाब स्थित दशकर्म घाट पर शेड व विंध्यवासिनी नगर में पीसीसी पथ की आधारशिला रखी। इस दौरान श्री सेठ और श्री जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र की हर सड़क को बेहतर बनाना है। ताकिए लोगो का संपर्क एनएच से हो सके। उन्होंने पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों से इसकी गुणवत्ता की निगरानी करने की अपील की। मौके पर अखौरी नीरज, परमेश्वर गोप, मनोज गुप्ता, हजारी प्रसाद, सुबोध साहु, शिवपूजन साहू, विजय सिंह, चंद्रनाथ महतो, कैलाश बैठा व हरि साहु आदि मौजूद थे।

### किसान मेलाः गुतरु गांव में किसानों ने कृषि संबंधित नमूनों का किया प्रदर्शन



**ठाकुरगांव।** रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी के सहयोग से बुढ़मू प्रखंड के गुतरु गांव में मंगलवार को एकदिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया। किसान मेला का उदघाटन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज, इफको के स्टेट मार्केटिंग हेड यूके सिन्हा, बीडीओ नम्रता जोशी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहु, जिप सदस्य रामजीत गंझू, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने संयुक्त रूप से किया। किसान मेला में कृषि, पशु पक्षी व कुटीर उद्योग के 696 नमूने लाये गए थे। उत्कृष्ट नमूनों को पुरष्कृत किया गया। मेला में गुतरु गांव की महिला किसान सरिता देवी को प्रखंड का उत्कृष्ट किसान चुना गया। अतिथियों ने सरिता देवी को सम्मानित भी किया। किसान मेला को सफल बनाने में समिति के रामेश्वर महतो, जगेश्वर पाहन, सुरेश मुंडा, कांति देवी, शीला देवी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### राहेः हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन

**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने प्रखंड के पोगड़ा-रंगामाटी गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किये। इस अवसर पर इन्होंने कहा कि दो पंचायत के लिए यह वरदान सिद्ध होगा यह ग्रुप में स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा लोगों को प्राथमिक उपचार की सेवाएं उपलब्ध की जायेगी। लोगों को निशुल्क जांच सेवा देने की तैयारी किया जा रहा है।

### बेड़ो में चार आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास

**बेड़ो।** हरिहरपुर जामटोली पंचायत के हरहंजी व जहानाबाज के चेन्या टोली और दिघिया पंचायत के धंसा टोली टेंगरिया व टोंका टोली गांव में मंगलवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना के तहत बनने वाली चार आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने किया।

खबर मन्त्र

रांची.बुधवार .11 जनवरी 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net


# तेल पर लाभ

तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 10 रुपये प्रति लीटर का मुनाफा हो रहा है, लेकिन पिछले घाटे की भरपाई करने के लिए खुदरा कीमतों में कमी नहीं की गई है। इसके साथ ही एक रिपोर्ट में बताया गया कि डीजल की बिक्री पर कंपनियों को 6.5 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने पिछले 15 महीनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधित नहीं किया है। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल की कीमतों में पर्याप्त कमी हुई है। एक रिपोर्ट में कहा, जून 2022 को समाप्त सप्ताह में पेट्रोल पर 17.4 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 27.7 रुपये प्रति लीटर के रिकॉर्ड नुकसान के बाद, तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2022) में पेट्रोल की बिक्री पर 10 रुपये प्रति लीटर की दर से मुनाफा हुआ। दूसरी ओर डीजल पर नुकसान घटकर 6.5 रुपये प्रति लीटर रह गया। तीनों कंपनियों ने छह अप्रैल 2022 से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं किया है। कच्चे तेल की कीमत अप्रैल में 102.97 डॉलर प्रति बैरल थी, जो जून में बढ़कर 116.01 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। यह कीमत इस महीने 78.09 डॉलर तक गिर गई। वर्ष 2023 में देश के नौ राज्यों में विधानसभा के चुनाव है। विपक्ष राजग पर लगातार आरोप लगा रहा है कि महंगाई की मार से आम लोग त्रस्त है और केन्द्र की सरकार लाभ कमाने में लगी हुई है। यह आरोप एक सीमा तक सही है क्योंकि सरकार की नीतियों में कोरोना की त्रासदी के बाद भी वह उदारता नहीं दिखती है जो दिखनी चाहिए। तेल से लाभ कमाने का प्रयास निंदनीय है और यह मंहगाई को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाता है। इसे जितना कम किया जाए उससे उतना ही भला होगा।

# कैसा विकास?

उत्तराखंड के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व वाले जोशीमठ शहर के लोग अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। इसका अहम कारण विष्णुगाड पन बिजली परियोजना है, जिसके चलते यहां के लोग जिंदगी और मौत के साये में जीने को मजबूर हैं। हकीकत में इसके पीछे तपोवन विष्णुगाड पनबिजली परियोजना के लिए एनटीपीसी द्वारा बनायी गयी वह सुरंग है जिसने जोशीमठ की जमीन को भीतर से पूरी तरह खोखला कर दिया है। साथ ही बाइपास हेतु बन रही सड़क के लिये जोशीमठ के नीचे जड़ तक जो खुदाई की गयी है, उसने पूरे जोशीमठ शहर को बिलकुल नीचे तक हिलाकर रख दिया है। इसके चलते हुए भूधंसाव से त्रस्त जोशीमठ की जनता आंदोलन के लिए मजबूर है। वे लोग इस भीषण सर्दी के मौसम में दरारों से पटे घरों में बल्लियों के सहारे अपने घर को टिकाये रखने और कोई अन्य ठिकाना न होने के कारण उसी हालत में घरों में रहने को मजबूर हैं, जो कभी भी जरा-सी जमीनी हलचल होने से ढह सकते हैं। जिनके घर बुरी तरह दरारों से पटे हैं, वे सालों की मेहनत से बनाये घरों से उजड़ कर सड़क पर आने की स्थिति में आ गये हैं।दरअसल, यह तादाद दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ती ही जा रही है। ऐसा भी नहीं कि भूधंसाव की आशंका से सरकारी भवन, स्कूल, अस्पताल, सड़कें, मंदिर, सेना के भवन आदि अछूते हों, वे भी इसकी जद में हैं। अब तो हाल ही में सिंहद्वार वार्ड के कुछ और मकान भी इसकी चपेट में आ गये हैं। यही नहीं, इस इलाके की कुछ जगहों पर नीचे से पानी निकलना भी शुरू हो चुका है। सर्वे के मुताबिक तकरीब 3000 से ज्यादा मकान चिन्हित किये गये हैं, जो कभी भी भूकंप आदि आपदा के आने पर जमींदोज हो सकते हैं। अब वक्त आ गया है जब अंधाधुंध विकास पर एक गंभीर चिंता की जाए। हजारों जान जोखिम में डालने का कुर्कत्य करने से बचा जाए।

# समाज में बढ़ता यौन शोषण और बच्चे


**हमारा** इतिहास ऐसे अनेकों उदाहरणों से पटा पड़ा है जब हमने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए बलिदान दिए हैं। हालांकि इतिहास के स्थान पर वर्तमान में होने वाले सांस्कृतिक आक्रमणों का स्वरूप बदल चुका है। वर्तमान में अपने सांस्कृतिक मूल्यों को थोपने के लिए बच्चों और टीनेजर को निशाना बनाया जा रहा है। कई मायनों में किसी संस्कृति को अपहृत करने का यह सबसे आसान तरीका भी है। कल्याण और नए विचारों को नाम पर बच्चों और टीनेजर के संबंध में ऐसी चर्चाओं को बल दिया जा रहा है जो हमारी संस्कृति और सामाजिक ढांचे तथा हमारी चिंताओं के विपरीत हैं। टीनेजर में रोमांटिक रिलेशनशिप पर चर्चा एक ऐसा ही विषय है जिसकी मुखालफत आजकल हमारे देश में भी की जा रही है और अनेक मंचों पर इस पर चर्चा जारी है।

उल्लेखनीय है कि निर्भया मामले के बाद देश में सख्त कानून की मांग हुई और उसके बाद भारत में बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए विश्व के सबसे सख्त कानूनों में से एक पॉक्सो अधिनियम लागू हुआ। इसके साथ ही बाल संरक्षण का विस्तृत और प्रभावी तंत्र भी विद्यमान है। जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र बच्चों में किसी भी प्रकार के यौन शोषण को अपराध माना गया है। किंतु नई चर्चाओं में अब ऐसा देखने को मिल रहा है कि टीनेजर से बनाए गए यौन संबंधों को रोमांटिक रिलेशनशिप बताकर उसे कानून के उल्लंघन के दायरे से हटाने के प्रयास हो रहे हैं। इस संबंध में जो तर्क दिए जा रहे हैं वह भी अपुष्ट और अपरिपक्व हैं।

रोमांटिक रिलेशनशिप को मान्यता देना पूर्णतः पश्चिमी देशों के सामाजिक, सांस्कृतिक पक्ष का नेतृत्व करता है और भारत के मूल को समझे बिना यहां पर इस तरह की प्रथाओं की मान्यता का समर्थन करना हमें हमारे मूल से विमुख करने का प्रयास है। भारत ने हमेशा मानवता की भलाई को प्राथमिकता दी है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी ऐसे प्रयास का समर्थन करता है जो मानवता के हित में है। किंतु इसका यह मतलब कतई नहीं है कि हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों को ताक पर रखकर कोई भी ऐसा कार्य करने के लिए बाध्य हैं जो हमारे मूल सामाजिक ढांचे के विरुद्ध हो।

बात करें ऐसे संबंधों की तो पश्चिमी देशों में वहां के समाज और सांस्कृतिक मूल्यों के हिसाब से इसे तवज्जो दी गई होगी। किंतु



-प्रियंका कानूनगो

> 18 वर्ष से कम उम्र बच्चों में किसी भी प्रकार के यौन शोषण को अपराध माना गया है। किंतु नई चर्चाओं में अब ऐसा देखने को मिल रहा है कि टीनेजर से बनाए गए यौन संबंधों को रोमांटिक रिलेशनशिप बताकर उसे कानून के उल्लंघन के दायरे से हटाने के प्रयास हो रहे हैं। इस संबंध में जो तर्क दिए जा रहे हैं वह भी अपुष्ट और अपरिपक्व हैं।

वर्तमान में पश्चिमी देशों के साथ-साथ विश्व भर में कई देशों में इस तरह के संबंधों के नकारात्मक पहलु भी सामने आए हैं। जिस भी समाज में इसे मान्यता दी गई है वहां पर बच्चों को ग्रूम करके उन्हें यौन शोषण तथा देह व्यापार जैसे घृणित कार्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने के मामले लगातार दृष्टिगोचर हो रहे हैं। यह सब रोमांटिक रिलेशनशिप के नाम पर हो रहा हैं, जिससे ऐसा करने वाले लोग कानून की गिरफ्त में नहीं आते। साथ ही संगठित रूप से इस तरह के रिलेशनशिप का इस्तेमाल मानव तस्करी के लिए भी किया जा रहा है। यह तो एक ऐसा पहलु है जो हम सबके सामने है और अनेकों मीडिया रिपोर्ट्स तथा लेखों में इस पक्ष को उजागर किया गया है।

ऐसा नहीं है कि यह उदाहरण सिर्फ विदेशों में दृष्टिगोचर हैं, हमारे समक्ष भी कई बार ऐसे मामले आए हैं जिसमें बालिकाओं को प्रेम के जाल में फंसाकर यौन शोषण तथा अन्य प्रकार के अनैतिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया गया हो। यह सब तब हो रहा है जब हमारे देश में बच्चों के यौन शोषण के संबंध में एक सख्त कानून प्रभावी हो। हालांकि पॉक्सो अधिनियम जैसे कानूनों का ही प्रभाव है कि यह इस तरह के अवैध कार्य सीमित हैं और हम दोषियों को सजा देकर ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगा पा रहे हैं, अन्यथा हमारे देश में भी पश्चिमी देशों की भांति गिरोह बनाकर बालिकाओं को प्रेम जाल में फंसाने का संगठित व्यापार करने वालों के हौंसले बुलंद हैं।

शिक्षा की ओर देखें तो भारत में आधुनिक शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार हो रहा है और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 इसमें प्रमुख भूमिका निभाता रहा है, जो 06-14 आयुवर्ग के बच्चों के 08 कक्षा तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करता है। हम अब इससे आगे बढ़ते हुए अपनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से इसे 12वीं कक्षा तक करने की दिशा में अग्रसर है, जिससे स्कूल ड्रापआउट को कम करते हुए सभी को शिक्षित किया जा सके। किंतु एक ओर जहां हम 12वीं कक्षा तक शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं वहीं बच्चों के रोमांटिक रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देकर हम उसी क्षण इस अधिकार से वंचित कर देंगे। क्योंकि स्पष्ट है जब बच्चे खासकर टीनेजर ऐसे संबंधों में पड़ते हैं तो वहां उनकी शिक्षा बाधित होने की प्रबल संभावना रहती है। ऐसे में जब हम अपने समाज को शिक्षा के शिखर तक पहुंचाना चाहते हैं, रोमांटिक रिलेशनशिप की परिकल्पना हमारे इस पथ में एक बड़ी बाधा साबित हो सकती है।

इसके साथ ही ऐसा भी देखा गया है कि जोबालक-बालिकाएं रोमांटिक रिलेशनशिप में आ जाते हैं, उनके व्यवहार में नकारात्मक बदलाव होने की प्रबल संभावना रहती है और उनकी सामाजिक शिक्षा प्रभावित होती। ऐसे मूल्यवान समय में जब वह अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर आगे का पथ प्रशस्त कर रहे होते हैं, उस समय ऐसे संबंध में आने से न सिर्फ उनकी शिक्षा बाधित होती है बल्कि देश अपनी मूल्यवान प्रतिभा को भी खो रहा होता है, जिसपर उसका भविष्य टिका है।

बात करें अन्य पहलुओं की तो ऐसे संबंधों का स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर होता है। यह आमतौर पर देखा गया है कि जब कोई बालिका प्रेमजाल में फंसकर गर्भवती हो जाती है तो न सिर्फ यह उसके स्वास्थ्य के लिए खराब होता है बल्कि जिस बच्चे को वह जन्म देती है वो भी अनेकों स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित होते हैं। इसका एक नकारात्मक सामाजिक पहलु भी है। हमारे समाज में रोमांटिक रिलेशनशिप को आमतौर पर सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मिली है। ऐसे में जब बालिकाएं असुरक्षित यौन संबंधों के कारण गर्भवती होकर किसी बच्चे को जन्म देती है तो सामाजिक स्वीकार्यता न मिलने से मां और बच्चे दोनों का जीवन कष्टकारी हो जाता है।

खास बात

## शांति के लिये शक्ति

**जीवीएस शास्त्री**

**भारतीय** सेनाओं में अत्याधुनिक अस्त्रों-शस्त्रों की आपूर्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। मगर भारतीय वायुसेना में 4.5वीं पीढ़ी के अत्याधुनिक विमान राफेल का शामिल होना इस मायने में खास है क्योंकि भारत चीन के साथ सीमा रक्षा में उलझा हुआ है। देश के सामने बड़ी चुनौती है और दुनिया में फिलहाल इस विमान की टक्कर का कोई दूसरा विमान नहीं है। हर संकट के समय में काम आने वाले मित्र देश फ्रांस ने चुनौती के वक्त राफेल की पहली खेप की आपूर्ति की है। ऐसी मदद उसने कारगिल युद्ध के दौरान मिराज लड़ाकू विमान को लेकर भी की थी। इस बेजोड़ लड़ाकू जहाज को एक साल से फ्रांस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय पायलट पूरी तैयारी के साथ भारतीय धरती पर लाये हैं। फिलहाल वे इतने सक्षम हैं कि राफेल की तैनाती तनावपूर्ण क्षेत्र लद्दाख में हो सकती है। इन विमानों के आगमन को लेकर देश में इतना उत्साह था कि लोग महामारी के संकट को भूल लड़ाकू जहाजों के आगमन की प्रतीक्षा करते रहे। यह उत्साह सिर्फ अंबाला में ही नहीं था जहां इन लड़ाकू विमानों को उतरना था, बल्कि सारे देश में था। महत्वपूर्ण इतना कि इनकी अगवानी के लिये खुद वायुसेनाध्यक्ष अंबाला में मौजूद थे। फ्रांस से लंबा सफर तय करके जैसे ही इन पांचों राफेल विमानों ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया, दो सुखोई लड़ाकू विमान इनका साथ देने लगे।

समय की संवेदनशीलता को देखते हुए सरकार ने इस आयोजन को मीडिया से दूर रखा और अंबाला के कुछ इलाकों में धारा 144 लगाई गई तथा छतों से फोटो खींचने तक पर रोक लगाई गयी। इन लड़ाकू विमानों के आगमन को लेकर सार्वजनिक कार्यक्रम अगस्त के दूसरे हफ्ते में किये जाने की बात कही जा रही है। राफेल विमान के सुर्खियों में होने की वजह जहां एक ओर चीन से चल रहा सीमा विवाद है तो वहीं पिछले आम चुनाव में कांग्रेस द्वारा इसे चुनावी मुद्दा बनाया जाना भी है। बहरहाल, अब राफेल भारतीय वायुसेना का हिस्सा है। एक हकीकत यह है कि वायुसेना को रणनीतिक व सामरिक दृष्टि से आधुनिक हथियारों की सख्त जरूरत थी।

# शूर्पणखा का विलाप

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शूर्पनखा** ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारब्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्वारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

**धर्मनगरी** प्रयागराज में प्रारम्भ हुए त्याग और भक्ति के प्रतीक माघ मेला में पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत! गंगा-जमुनी तहजीब की जन्मभूमि, जिसका इतिहास और बलिदान उसकी देशभक्ति का प्रमाण है, और जो क्रांति की नई मिसाल कायम करने में सक्षम है - पावन धरती को मेरा प्रणाम। **-राहुल गांधी**

रोचक ट्वीट

**काफी** अकेला हूं !
या
अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**- अनुपम खेर अभिनेता**



**पावन** पौष पूर्णिमा की सभी प्रदेश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई! धर्मनगरी प्रयागराज में प्रारम्भ हुए त्याग और भक्ति के प्रतीक माघ मेला में पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत!

**-योगी आदित्यनाथ**

# ब्रेल लिपि बदल रही दृष्टिबाधितों की दुनिया

**योगेश कुमार गोयल**

**संयुक्त राष्ट्र** के विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्वभर में करीब 39 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो देख नहीं सकते जबकि 253 मिलियन लोगों में कोई न कोई दृष्टि विकार है। इनमें से करीब 100 मिलियन लोगों को नजर की ऐसी कमजोरी अथवा विकलांगता है, जिसे रोका जा सकता था या उन पर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसे में संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, दृष्टि-बाधित लोगों को उनके अधिकार प्रदान करने और ब्रेल लिपि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्मदिवस को ह्यविश्व ब्रेल दिवसह्ण मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार नेत्र विकार से पीड़ित लोगों के गरीबी और अभाव भरे जीवन से पीड़ित होने की संभावना ज्यादा होती है।

संयुक्त राष्ट्र के ह्यविकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेन्शन में ब्रेल लिपि को संचार के एक साधन के रूप में उद्धृत किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने वर्ष 1949 में ब्रेल लिपि में एकरूपता लाने के उद्देश्य से समस्याओं पर ध्यान देने वाला एक सर्वेक्षण आगे बढ़ाने की पहल की थी। ब्रेल लिपि नेत्र विकारों वाले व्यक्तियों और दृष्टि विकलांग लोगों के लिए पढ़ने और लिखने की स्पर्शनीय प्रणाली है, जिसकी खोज 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के कूपवरे में जन्मे लुई ब्रेल ने महज 15 वर्ष की आयु में की थी। ब्रेल लिपि कोई भाषा नहीं है

सामयिक

बल्कि एक तरह का कोड है। यह ऐसी लिपि है, जिसे एक विशेष प्रकार के उभरे कागज पर लिखा जाता है और इसमें उभरे हुए बिन्दुओं की श्रृंखला पर उंगलियां रखकर या उन्हें उंगलियों से छूकर पढ़ा जाता है। ब्रेल लिपि को टाइपराइटर जैसी दिखने वाली एक मशीन ब्रेलराइटर के जरिये लिखा जा सकता है या पेंसिल जैसी नुकीली चीज स्टायलस और ब्रेल स्लेट पट्ट का इस्तेमाल करके कागज पर बिन्दु उकेरकर लिखा जा सकता है। ब्रेल में उभरे हुए बिन्दुओं को सेल के नाम से जाना जाता है। 1 से 6 बिन्दुओं की यह एक व्यवस्था या प्रणाली होती है, जिसमें बिन्दु अक्षर, संख्या और संगीत व गणितीय चिन्हों के संकेतकों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

लुई ब्रेल ने केवल तीन साल की उम्र में ही एक दुर्घटना के कारण अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो दी थी। आंखें संक्रमित होने के कारण उनकी आंखों की दृष्टि पूरी तरह चली गई थी लेकिन दृष्टिहीनता के बावजूद उन्होंने न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि छात्रवृत्ति पर ह्यरॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ चले गए। 1821 में फ्रांसीसी सेना के एक कैप्टन चार्ल्स बार्बियर लुई ब्रेल के स्कूल के दौरे पर आए थे, जिन्होंने सेना के लिए एक विशेष क्रिप्टोग्राफी लिपि का विकास किया था, जिसकी मदद से सैनिक रात के अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ सकते हैं। चार्ल्स ने स्कूल में बच्चों के साथ ह्यनाइट राइटिंगह्ण नामक यही तकनीक साझा की, जिसका उपयोग सैनिक दुश्मनों से बचने के लिए किया करते थे। इसके तहत वे उभरे हुए बिन्दुओं में गुप्त संदेशों का आदान-प्रदान करते थे किन्तु उनका यह कोड बहुत जटिल था। इसीलिए ब्रेल ने इसी आइडिया के आधार पर अपनी लिपि पर कार्य शुरू किया और रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में अध्ययन के दौरान ही उन्होंने 1824 में अपनी लिपि को तैयार कर लिया, जो काफी सरल थी। इसी लिपि को ब्रेल लिपि के नाम से जाना गया और सरल लिपि की खोज के बाद दुनियाभर में नेत्रहीन या आंशिक रूप से नेत्रहीन लोगों की जिंदगी काफी हद तक आसान हो गई। अपने इसी आविष्कार के कारण लुई ब्रेल दुनियाभर में दृष्टिबाधित लोगों के लिए मसीहा बन गए।

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## गठबंधन का खेल

**चुनाव** और गठबंधन का रिश्ता दो जिस्म एक जान जैसा है। एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते। इसने राजनीति में ऐसे घुसपैठ कर ली है कि इसके बिना अब किसी का गुजारा नहीं। पांच वर्षों तक एक-दूसरे को पानी पी-पीकर कोसने वाली पार्टियां चुनाव के वक़्त सारे गिले-शिकवे भुलाकर नये संकल्प लेती हैं। फिर चुनाव के बाद तुरत-फुरत सरकार बनाती है।

**– नवनीत कुमार, रांची**

## मूर्तरूप दीजिये

**नया** साल मंगलमय हो को सार्थक करने के लिए हमें लक्ष्य तय करने होंगे। आचार और व्यवहार में परिवर्तन के प्रण लेने होंगे कि आत्मनिर्भर होकर और लोगों को रोजगार भी देंगे। सरकार पर निर्भरता में कटौती, नशीले पदार्थों से दूरी, योग्यता और क्षमता में वृद्धि, प्रदूषण में कमी, सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने तथा सदैव सहयोगी भाव के साथ मंगलमय वर्ष की कल्पना करें। **– बीएल शर्मा, हजारीबाग**

# युवाओं में वैवाहिक समझ की कमी से समस्या



**मृत्युजंय प्रसाद**

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसातलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का

समाज

पत्नी के साथ विवाह में बने रहना, अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा। ...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है। हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पत्रकार गोलीकांड में पटना से तीन गिरफ्तार

## गोली चलाने वाला व घटना का मास्टरमाइंड पुलिस के पकड़ से बाहर

**शंकर यादव**



गिरफ्तार अपराधी

**चौपारण।** दिसंबर 29 को चौपारण बाजार में थाने से महज ढाई सौ मीटर दूर पत्रकार के दुकान सह आवास पर हुये गोलीकांड में चौपारण पुलिस ने तीन संदिग्धों को पटना से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि गोली कांड मामले में हजारीबाग एसपी के निर्देश पर बरही डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर कांड मे संलिप्त तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में भोला कुमार, सोनू कुमार, तीसरा सौरभ कुमार तीनो युवक बिहार राज्य के पटना स्थित रामजीचक दीघाबाटा थाना दीघा के रहने वाले हैं। अभी तक गोली चलाने वाले व गोलीकांड का मास्टरमाइंड पुलिस के गिरफ्त से बाहर है।

**पत्रकारों को फोन करने वालो से जुड़ा है गिरफ्त युवक का तार**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तीनों युवक का कनेक्शन हजारीबाग के तीन पत्रकारों के मोबाइल में आये फोन कॉल से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है जिस नम्बर से फोन आया था वह नम्बर इन्ही युवकों से सबधित है। हालांकि पुलिस इस संदर्भ में कुछ कहने से बच रही है। इधर थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर ने बताया कि जल्द ही घटना का उद्भेदन होगा। मास्टर माइंड तक पहुंचने के लिए जांच जारी है। यह प्रारंभिक कार्रवाई है। इधर इस मामले प्रेस क्लब हजारीबाग के सदस्यों ने पुलिस कप्तान मनोज रतन चौथे को धन्यवाद दिया है। अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा की पुलिस की कार्यशैली प्रसंसनीय है लेकिन मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी जरूरी है। त्वरित कार्रवाई से अपराधियों का मनोबल गिरेगा और पत्रकार आजादी से काम कर सकेंगे।

# मोटरसाइकिल चोरी व छिनतई में शामिल 8 अपराधी गिरफ्तार

**अपराधियों के पास से चोरी के 13 मोटरसाइकिल और स्कूटी जब्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार आरोपीयों और चोरी के बाइक व स्कूटी

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने जिले में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी व छिनतई की घटनाओं के उदभेदन के लिए पुलिस टीम का गठन किया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में गठित टीम ने मोटरसाइकिल चोरी व छिनतई की घटना में शामिल 8 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अपराधियों के पास से चोरी के13 मोटरसाइकिल व स्कूटी भी बरामद किये गये हैं। इसकी जानकारी मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने दी। बताया कि जिले में कुछ महीनों से मोटरसाइकिल चोरी, महिलाओं से बैग व पर्स छीनने घटना में वृद्धि हुई। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने छापेमारी दल का गठन किया गया। दल को दो भागों में बांटा गया। पहली टीम महिलाओं से छिनतई की घटना की जांच में जुटी। दूसरी टीम को चोरी गई मोटरसाइकिल की बरामदगी की जिम्मेवारी मिली। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि 9 जनवरी को जांच के कैथा मोड़ के निकट से दो संदिग्ध व्यक्तियों को बाइक के साथ धर दबोचा गया। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तर आरोपी द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपने साथियों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों से चोरी की मोटरसाइकिल को अपने सहयोगी को बेचने के की बात स्वीकारी गई। उसकी निशानदेही पर कुजू ओपी के आजाद बस्ती केबी गेट गीतांजलि सिनेमा हॉल कुजू चौक और रामगढ़ थाना क्षेत्र के दुसाध मुहल्ला में छापेमारी कर चोरी की मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए प्रयोग किए सामानों को जब्त किया गया।

## स्पीड न्यूज

### अनियंत्रित पिकअप वैन पेड़ से जा टकरायी

**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत झुमरा से करियातपुर जोड़ने वाला मुख्य मार्ग के जोनियां जंगल मे मगंलवार को एक तेज रफ्तार से जा रही पिकअप वैन जिसका नंबर जे एच 02बी बी 0845 एक दोपहिया वाहन को अपने चपेट मे लेते हुए पेड़ से टकराई। हालंकि दो पहिया वाहन का मालिक कोयं निवासी अजीत राम ने बताया कि सड़क से कुछ दूरी पर मैं अपनी गाड़ी को खड़ा कर काम कर रहा था। अचानक एक पिकअप वैन अनबैलेंस हो गई और मेरे गाड़ी को अपने चपेट में लेते हुए एक पेड़ से जा टकराई। आसपास के लोग ड्राइवर को बचाने के लिए दौड़े। दारु थाना और ग्रामीणों के मदद से गाड़ी में फंसे ड्राइवर को गैस कटर से काटकर निकाला गया। ड्राइवर करियातपुर निवासी संदीप कुमार बताया गया।

### बाइक और ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत, एक गंभीर


**बिष्णुगढ़।** प्रखंड के एनएच -100 बगोदर विष्णुगढ़ मार्ग के ऊपरैली बोदरा में मंगलवार दोपहर बाइक और ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। मामले पर प्रत्यक्षदर्शी की माने तो बगोदर की ओर से बाइक सवार जय लाल महतो पिता परमजीत महतो आ रहे थे, वहीं विष्णुगढ़ की ओर से जा रही थी इसी क्रम में उप रैली बोदरा गांव के पास घटना घटी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दोनों के बीच के टक्कर में बाइक सवार 15 फीट ऊपर हवा में उछल कर रोड के किनारे जा गिरा, घटना में घायल युवक का पैर पूरी तरह टूट गया है, साथ हीं माथे व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटे आई है।

### गणतंत्र दिवस समारोह एवं सूखा राहत को लेकर बैठक हुई



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत सचिवालय सभागार में मुखिया अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह एवं सूखा राहत को लेकर बैठक हुई. बैठक में पंचायत सचिवालय परिसर में गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया. गणतंत्र दिवस समारोह में झंडारोहण सुबह 8:30 बजे किया जाएगा एवं सभी आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण का समय 9:15 बजे करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले समारोह के बारे में विस्तृत चर्चा की गई. गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य बनाने पर जोर दिया गया. मौके पर उप मुखिया परवेज आलम, वार्ड सदस्य सुनीता राज मेहता, पुनम देवी, सबीह अख्तर, सुनिता देवी, जया देवी, अनिता देवी, शिक्षक राजेश्वर महतो, बबलू कुमार, सुरेंद्र मुंडा, पुनम देवी, मो. सफीक, सेविका राजमंती देवी, निशा देवी, इशरत जहाँ, अम्बिका देवी, संगीता देवी, आशा देवी के अलावा गुड़िया कुमारी, निर्मल कुमार, शोभा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

### आपसबों की समस्याओं का हर हाल में होगा समाधान : महेंद्र महतो



**भदानीनगर (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वरीय भाजपा नेता महेंद्र कुमार महतो ने मंगलवार को पतरातू प्रखंड के तालाटांड पंचायत अंतर्गत ग्राम पलानी का दौरा कर ग्रामीणों से जनसंवाद किया। ग्रामीणों ने ग्राम पलानी से लेकर मरचवा होते हुए गम्हरिया तक लगभग 4 किलोमीटर कालीकरण पथ का निर्माण का मांग रखा। ग्रामीणों की समस्या सुन महेंद्र कुमार महतो ने कहा कि करमटोला के मुख्य पथ को जिला खनिज विकास निधि से डीएमएफटी की योजना कराने एवं पलानी से लेकर मरचूवा होते हुए गम्हरिया तक चार किमी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराने के लिए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के पास गांव का एक प्रतिनिधिमंडल मिलेगा। साथ ही मुलाकात के दौरान दोनों पथों के निर्माण के लिए आवेदन किया जाऐगा।

## कोयला व्यवसायी पर अपराधियों ने चलायी गोली, अस्पताल में भर्ती



नेपाल यादव का कार्यालय

**रामगढ़।** अपराधियों ने मंगलवार को कोयला व्यवसायी नेपाल यादव पर गोलीबारी कर सनसनी मचा दी। अपराधियों ने घटना को 2:0 बजे उस वक्त अंजाम दिया जब व्यवसायी अपने वाहन से उतर रहे थे। बताया जा रहा है कि अपराधी 4 की संख्या में दो बाइक में पहुंचे थे। जिनमें से दो अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। इधर, घटना की जानकारी के बाद एसडीपीओ किशोर कुमार रजक व रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटना के सभी पहलुओं पर जांच की। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। कहा कि जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ा जाएगा। व्यवसायी नेपाल यादव गोलीबारी में घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां अब उनकी स्थिति खतरे से बारहर बतायी जा रही है।

## कौशल विकास व स्वरोजगार को ले शुरू हुआ सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में जानकारी देती अथिति

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं और युवतियों में कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन लबगा पंचायत के मुखिया हेमा कुमारी एवं जेएसपी के सीएसआर प्रमुख रवि निवाश के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जेएसपी फाउंडेशन ने सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए गेगदा और मतकमा गावों में अस्थायी केंद्रों को आरम्भ किया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा 3 माह में 80 महिलाओं और युवतियों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे उन्हें स्वरोजगार को अपनाकर परिवार के आय वृद्धि में सहयोग करने का मौका मिलेगा। साथ ही परिवार के सिलाई कार्यों को स्वयं करने में समर्थ होंगी। जेएसपी फाउंडेशन ने अपने कौशल विकाश और आजीविका कार्यक्रमों जैसे सिलाई, कांथा, जरदोजी, लाह की चूड़ियां, पेपर बैग, त्रिम आभूषण एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 2000 से अधिक महिलाओं और युवतियों को लाभ पंहुचा चूका है। मौके पर सीएसआर विभाग से अनुराग सिंह, रश्मिता दस, सशि केशरी, प्रदीप प्रजापतिय प्रशिक्षक ति कुमारी, सबिता देवीय प्रशिक्षु राखी देवी, अंजू उरांव, सबिता मिंज, नेहा देवी, उषा किरण देवी, कुंती देवी, नीलम देवी, आदि एवं ग्रामीण बृजन मुंडा और मंजू देवी मौजूद थे।

## एक नजर में

### भंडावर जंगलों के बीच लुकइया बस्ती में आजादी के बाद पहली बार पहुंचा बिजली

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के अंतर्गत दारू वन प्रक्षेत्र के भण्डावर के घने जंगलों के बीच बसा लुकइया बस्ती में आजादी के बाद पहली बार सम्पूर्ण रूप से बिजली आई है। इससे पूर्व करीब दस वर्ष पहले बिजली के पोल और तार लगे थे जिसके लगते ही चोरों ने यहां के तारों की चोरी कर ली थी। इस बस्ती में दस से पंद्रह आदिवासी परिवार के लोग चकचौन्ध से दूर घने जंगलों के बीच निवास करते है। इस बस्ती में पहली बार बिजली आई जिसे देखकर यहां के लोग महिला ,युवा और बच्चे अचंभित है साथ ही उन्हें इस बात की खुशी है कि अब उनके घर और मुहल्ले में बिजली के बल्ब जल रहे है। आदिवासियों की यह बस्ती दारू थाना से पांच किलोमीटर दूर स्तिथ है जहां चार किलोमीटर तक सिर्फ जंगल ही जंगल है। यहां जाने के लिए अभी भी पक्की सड़क नही है हालांकि वर्तमान में वन विभाग के द्वारा मिट्टी मोरम की सड़क बनाई जा रही है। यहां पर पूर्व से ही मिट्टी मोरम की सड़क है जिसे दोबारा फिर से बनाये जाने का कोई औचित्य समझ नही आ रहा है। यहां के आदिवासियों और जनप्रतिनिधियों ने पक्की सड़क बनाये जाने की मांग की है।

### शाकद्विपीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक में प्रखंड कमिटी गठित

**टाटीझरिया।** सार्वभौम शाकद्विपीय ब्राह्मण महासंघ की टाटीझरिया में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भक्तिधर मिश्र ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष और टाटीझरिया के प्रभारी मिथिलेश पाठक उपस्थित थे।बैठक में प्रखंड की समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष भक्तिधर मिश्र,उपाध्यक्ष गंगाधर मिश्रा, संतोष मिश्रा,सचिव विकास मिश्र, उपसचिव सूरज कुमार मिश्र,कोषाध्यक्ष मनीष मिश्रा, सदस्य शक्तिधर मिश्र, मिथिलेश पाठक,धरणीधर मिश्र, चंद्रधर मिश्र,विद्याधर मिश्र,मोहन मिश्र, प्रकाश मिश्र,नीतीश मिश्र, अभय मिश्र,दीपक कुमार मिश्र,अग्निदेव मिश्र, विष्णुदेव मिश्र, अवधेश पाठक, साकेत पाठक,अतुल आनंद, आलोक पाठक, अभिषेक पाठक,आदित्य पाठक, प्रणीत पाठक,आदित्य पाठक शामिल हैं। निर्णय लिया गया कि हम सब के आराध्य देव श्री सूर्यनारायण भगवान हैं। इसलिए उनके जयंती के रूप में मनाया जानेवाला पर्व अचला सप्तमी को पूजन करेंगे और फिर जिला के पूजनोत्सव में शामिल होंगे।

### जलायी गयी महिला की हालत काफी गंभीर

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र उंटमरवा में पेट्रोल छिड़कर जलाई गई महिला की हालत काफी गंभीर है। रिम्स में इलाजरत महिला को रिम्स से भी हटा दिया गया। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र अस्पताल ले जाने की सलाह दिया गया। अब पति अस्पताल में भर्ती कराने के लिये अस्पतालों का चक्र लगा रहा है। लेकिन कोई अस्पताल भर्ती लेने को तैयार नहीं है। इसकी जानकारी भुक्तभोगी महिला के पति परमजीत सिंह ने दिया। बीते शनिवार को अपनी बहन हरजीत कौर पति स्व.राजपाल सिंह और दोनों भांजा ललित और गौरव से बात कर अपने बनाए मकान चरही में बलाया था। तीनों भुक्तभोगी महिला के घर चरही पहुंचे। महिला घर में ही रहकर किराने की दुकान चलाती थी। इसी बीच हिमांशु चॉकलेट खरीदने पहुंचा था। इसके पूर्व ही तिलकी को लोहे की बनी रेशम युक्त खटिया में बांधकर कर घर के अंदर जलाया गया। महिला को बाहर निकलने का मौका नहीं दिया गया। सभी दरवाजे बंद थे। इसके बाद पति आलू,प्याज और लहसुन बेचने के लिए निकल पड़ा। परमजीत एकाएक को पता किसी ने जानकारी दिया कि बहन और दोनों भांजा और चॉकलेट खरीदने आये लोगों ने तुम्हारे पत्नी को पेट्रोल छिड़कर आग लगा दिया है। परमजीत तत्काल घर पहुंचा और इस घटना को चारों लोगों के ऊपर डाल दिया गया। घटना के बाद उपरोक्त सभी लोग फरार हैं। बताया जाता है कि चारों लोग घर के अंदर भी नहीं घुसे थे। अगर जली महिला के पति गहन पूछताछ किया गया तो कई चौंकाने वाली बात सामने होगी।परमजीत पूर्व से ही संदिग्ध रहा है। ऐसा लोगों का कहना है।


### पीवीयूएन कंपनी ने पंचायत भवन में लगाया नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन की सामुदायिक विकास पहल के तहत पीवीयूएन, पतरातू द्वारा लबगा पंचायत भवन में मेगा मेडिकल कैंप लगाया गया। शिविर में लबगा आसपास गांवों के लगभग 150 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में पाये गये मरीजों को उचित परामर्श देते हुए ड. अमित सिंह गिल ने उचित परामर्श देते हुए कहा शरीरिक का एक-एक अंग जीवन के लिए अनमोल है। थोड़ी सी तकलीफ होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेना जरूरी है। शिविर में लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, रिसेप्शनिस्ट और कैंप कोअर्डिनेटर के साथ-साथ चार चिकित्सक मौजूद थे। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन मुखिया हेमा कुमारी, ड. अमित सिंह गिल, पीवीयूएन सीएसआर-आरएंडआर विभाग के प्रतिनिधि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बताया गया कि उक्त शिविर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत आयोजित किया गया था, जिसमें हर महीने की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को सुलभ चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। इस तरह की पहल के साथ, पीवीयूएन एक बेहतर कल के लिए एक स्वस्थ समुदाय के लिए प्रयास करता है। मौके पर मुखिया हेमा कुमारी ने कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। मौके पर दर्जनो ग्रामीण मौजूद थें।

## शिविर से मरीजों को काफी लाभ मिलता है: विशाल कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शिविर में मौजूद अध्यक्ष एवं डॉ.

**रजरप्पा।** सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ रजरप्पा क्षेत्र के अध्यक्ष विशाल कुमार के सौजन्य से निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उदघाटन रजरप्पा क्षेत्रीय अध्यक्ष विशाल कुमार, रामगढ़ के हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मानस चंद्रा एवं निदान मेडिकल के संचालक राकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इस निशुल्क शिविर में लगभग 100 लोगों ने बीएमडी जांच कराया और निशुल्क डॉक्टर की परामर्श लिया। इस शिविर को दो दवा कंपनी लैबोरेट्रीज लिमिटेड के विकास कुमार एवं रोशन सिंह, डेविस मोरगन लैब के शरत आलोक की मुख्य भूमिका रही। मौके पर विशाल कुमार ने कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा करना पुण्य का काम है। इस तरह के शिविर से मरीजों को काफी लाभ मिलता है। अभी भी लोग पैसे के अभाव में अपना समुचित परीक्षण व इलाज नहीं करा पाते। ऐसे में स्वास्थ्य शिविर से उन्हें काफी लाभ मिलता है। जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं, लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की सभी जांचें करानी चाहिए। वही डॉ. ने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी, सत्यनारायण सिंह, अमर नाथ वर्मा, उमेश महतो, कुलदीप कुमार, अजय सिंह, तीरथ नाथ चौधरी, आदित्य कुमार वर्मा, महेश महतो, सुखसागर सिंह, शिव शंकर महतो, मिथिलेश कुमार, महावीर महतो, मुनीलाल मांगर के अलावा अनेक लोग उपस्थित थे।

## सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है खेल : सिकंदर राणा



खेल सामग्री वितरण करते मुखिया सिकंदर राणा व अन्य

**बरही।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय पोडैया में जनजागरण केंद्र हजारीबाग के सौजन्य से प्रोजेक्ट छलांग के तहत खेल सामग्री फुटबॉल, टेनिस, बॉल, कोन, ड्रोन पम्प, मिशील स्टॉप वॉच बच्चों को उपलब्ध कराया गया। खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा, जनजागरण केंद्र हजारीबाग की फील्ड कॉर्डिनेटर आरती कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक एहसान अहमद ने किया। इस अवसर पर मुखिया सिकंदर राणा ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में संस्थाओं की भूमिका सराहनीय है तथा आज लोगों के सहयोग और उनके सुख-दुख में तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण केंद्र की भूमिका सराहनीय है। जनजागरण केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहा है, जिससे आम लोगों को सीधा इसका लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए खेल अनिवार्य है, उसके लिए संसाधन नितांत आवश्यक है। जिसे लेकर जनजागरण केंद्र द्वारा बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर आशीष कुमार, प्रमोद वर्मा, पिंटू सिंह आदि उपस्थित रहे।

## परिवार नियोजन का हुआ सफल ऑपरेशन

**दारू।** स्वस्थ उपकेंद्र पेटो में पहली बार परिवार नियोजन का ऑपरेशन किया गया। यहां पर मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र से कुल पांच महिलाओ ने अपना बंध्याकरण ऑपरेशन कराया। इस केंद्र में यह ऑपरेशन होना प्रखंड के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि दारू स्वस्थ उपकेंद्र में इसका आयोजन किया गया। इस बारे में डॉक्टर अमरेश कुमार ने बताया कि ऑपरेशन काफी अच्छे तरीके से किया जा रहा।ऑपरेशन के बाद महिला पेशेंट खुद से चल कर ऑपरेशन थिएटर से बाहर जा रही है। ऑपरेशन उमेश कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। एफ आर एच्एस इण्डिया के प्रोग्राम एक्सक्यूटिव आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन के पूरा इक्विपमेंट और मैनेजमेंट उनके फॉउंडेशन के द्वारा किया जा रहा। 9 चरणों से गुजर कर ऑपरेशन के सफल बनाने में उनकी टीम लगी रहती है।उनके फॉउंडेशन का मिशन है कि लोगो को आसानी से परिवार नियोजन का लाभ मिल सके उन्होंने बताया कि हर सप्ताह के मंगलवार को यहां बंध्याकरण ऑपरेशन किया जाएगा। ऑपरेशन के दौरान एफडीएस कॉ-ऑर्डिनेटर सोनी कुशवाहा, ओटीएस असिस्टेंट अमित कुमार,पूनम कुमारी, एनम ट्रैम्प सोरेन, कौंसिलर जुडितता होरो, लैब टेक्निशियन पप्पू कुमार साव, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## भाषा संवाद का सबसे सशक्त माध्यम है हिंदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य विवेक प्रधान और अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों के बीचहिंदीनिबंध लेखन, कविता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने निबंध और कविता के माध्यम से आम जीवन मेहिंदीके महत्व को समझाया। हिंदी विभाग प्रमुख दीपिका तिवारी ने कहा कि भाषा संवाद का सबसे सशक्त माध्यम होता है। प्राचार्य श्री प्रधान ने कहा किहिंदीहमारी मातृभाषा है। यह देश को जोड़ने वाली भाषा है। हिंदीके विकास, पोषण और संवर्धन की दिशा में हमें और प्रयास करते हुए अपनी रोजमर्रा के जीवन में हिंदीको अधिक से अधिक शामिल करने की जरूरत है। छात्रालक्ष्मी कुमारी ने श्ओजस्विनी है अनूठी है येहिंदी, सहित्य का असीम सागर है येहिंदी, यूँ तो देश में कई भाषाएँ हैं, पर राष्ट्र के माथे की बिंदी है येहिंदीश्कविता के माध्यम सेहिंदीका महत्व बताया। मौके पर निबंध व कविता प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका वंदना कुमारी, नीलू श्रीवास्तव, लीलेश्वर पांडेय, विजय राणा, छात्र आकिब, निर्जल कुमार, रितिक कुमार, रोहिणी कौशल, सना परवीन, सौरव कुमार, विनेश, चंदन, कुलदीप का योगदान रहा।

## विहिप द्वारा बिरहोर टोला में धार्मिक शुद्धिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** विश्व हिंदु परिषद बरही इकाई द्वारा प्रखंड के बरसोत पंचायत के बरियठा गांव स्थित बिरहोर टोला में बिरहोरों को हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार वेदमंत्रों से शुद्धिकरण कार्यक्रम किया गया। विहिप के अनुसार दिग्भ्रमित बिरहोर परिवारों को पुनः सनातन धर्म में वापसी सह शुद्धिकरण किया गया था। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ने सर्वप्रथम सभी बिरहोर परिवारों व बच्चों के लिए नये वस्त्र उपलब्ध कराते हुए हजारीबाग आर्ष्स गुरूकुल के आचार्य कौटिल्य और गुरूकुल की बहनों द्वारा वैदिक विधि विधान से मंत्रोच्चार एवं हवन कराकर इन पच्चीस बिरहोर परिवारों की घर वापसी कराई गई। इस अवसर पर सामाजिक समरसता का प्रदर्शन करते हुए सामूहिक भोजन कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमे सभी लोगो ने भाग लेकर आपसी समरसता का परिचय दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हजारीबाग विभाग प्रचारक आशुतोष, एकल अभियान के केंद्रीय सह गौ ग्राम योजना प्रमुख राजू पाण्डेय, भाग अध्यक्ष अभिषेक, व अन्य मौजूद थें।

# 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तार करे पुलिस

## भाजपा नेताओं का एसपी को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला भाजपा के अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी के नेतृत्व में सुमित केसरी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में मंगलवार को भाजपाईयों ने एसपी ऐहतेशाम वकारिव को ज्ञापन सौंपकर यथाशीघ्र अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की।

भाजपा नेताओं ने कहा कि गुमला जिला में इन दिनों अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। पार्टी ने एसपी से 24 घंटे के अंदर सुमित केसरी पर गोली चलाने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है। गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी पार्टी नेताओं ने दी है।

प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी के अलावे जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाडा, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, प्रदेश किसान मोर्चा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, जिला मंत्री जगनारायण सिंह एवं संजय कुमार साहू, भाजयूमो जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, मीडिया सहप्रभारी संतोष सिंह, मनीष कुमार साहू, नगर मण्डल महामंत्री बाल्केश्वर सिंह, शम्भू सिंह, दामोदर कसेरा, सूबाअल्बुम तिग्गा और विजय शंकर दास सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।



गुमला एसपी को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता।


घटना के विरोध में बंद रही पालकोट की दुकानें।

### घटना के विरोध में पालकोट के व्यापारियों ने बंद रखी दुकानें

इधर सुमित केसरी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में पालकोट प्रखंड के लोगों ने अपनी प्रतिष्ठानें बंद कर दी। घटना को लेकर प्रखंड वासियों में काफी आक्रोश है। घटना की प्रखंड वासियों ने तीव्र निंदा की है और कहा है कि पुलिस के सुस्त रवैये के कारण अपराधी फिर से क्षेत्र में हावी होने लगे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग दलगत भावना से उपर उठकर घटना की निंदा करते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इधर प्रखंड में मंगलवार को घटना को लेकर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।

# प्रलोभन व धमका कर महिला का कराया गया धर्म परिवर्तन

- पीड़ित महिला ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर लगायी न्याय की गुहार
- झारखंड में चल रहा है धर्मांतरण का नंगा खेल : बजरंग दल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड में धर्मांतरण के खिलाफ कानून लागू होने के बाद भी धर्मांतरण का खेल लगातार जारी है। गरीब परिवार को विभिन्न तरह का प्रलोभन देकर धर्मांतरण किया जा रहा है। मंगलवार को धर्मांतरण का एक मामला सामने आया है।

गुमला सदर प्रखंड के कोटाम निवासी स्व. बिरसु उरांव की पत्नी लक्ष्मी उराईन ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। लक्ष्मी ने कहा कि कोटाम के ही रंथू उरांव का पुत्र पास्टर कुलदीप उरांव व कोटाम डांडटोली निवासी पास्टर हरिचरण भगत के द्वारा फरवरी 2018 में पैसे का प्रलोभन देकर व डरा धमका कर सरना धर्म से जबरन उसे ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया गया। वहीं दोनों पास्टरों के द्वारा बार-बार उसे जाने से मारने की धमकी दी जा रही है। लक्ष्मी उराईन ने कहा कि वह किसी तरह अपने परिवार की जीविका चला रही है लेकिन दो पास्टर उसका धर्मांतरण कराकर अभी भी प्रताड़ित कर रहे हैं। उसने उपायुक्त से न्याय की गुहार लगायी है। उसने कहा कि पूर्व में वह एसपी व थाना प्रभारी को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंप चुकी है। उसने दो पास्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बजरंग दल के विभाग सह संयोजक मुकेश सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के तुष्टिकरण और सरकार की अहम भूमिका के कारण पुरे झारखंड प्रदेश में धर्मांतरण का नंगा खेल चल रहा है। गुमला प्रखंड के कोटाम ग्राम में लक्ष्मी उराईन को धर्मांतरण कराकर लगातार चार वर्षों से इसाई मिशनरी पास्टर कुलदीप और हरि चरण के द्वारा प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रशासन पास्टरो को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्रवाई करें। अन्यथा बजरंग दल के कार्यकर्ता कोटाम में आंदोलन करेंगे और अवैध रूप से जिस चर्च में धर्मांतरण का खेल चल रहा है उस चर्च को भी बंद कराएंगें। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


डीसी से बजरंग दल विभाग संयोजक के साथ मिलने पहुंची महिला

## उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण आयोजित

**भंडरा ।** सभा भवन में मंगलवार को मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित क्लस्टर फैसिलिटेशन परियोजना का चार दिवसीय उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत कुमार सिन्हा के द्वारा की गई। इसमें प्रतिभागी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी,कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवक एवं ब्लॉक थेमैटिक एक्सपर्ट शामिल हुए। दूसरे दिन की कार्यशाला का प्रशिक्षण सत्र का क्रियान्वन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं डिस्ट्रिक्ट एक्सपर्ट, लोहरदगा ने क्लस्टर फैसिलिटेशन प्रोजेक्ट के कार्यों तथा प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग से मनरेगा योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया । प्रधान, के टीम लीडर के द्वारा आजीविका के संबंध में विस्तारित जानकारी दी गई तथा मनरेगा से ग्रामीणों के आजीविका को कैसे बढ़ाया जा सके ' प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने परियोजना के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला और परियोजना के उद्देश्य को बताते हुए सरकार के सकारात्मक निर्णय की प्रशंसा की ग्रामीण परिवेश के विकास लिए यह योजना सहायक सिद्ध हो सकती है।

## हिंडाल्को को किस्को में बच्चों को दिया सोलर लालटेन

**लोहरदगा।** हिंडालको सीएसआर द्वारा किस्को स्थित अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच सोलर लालटेन का वितरण किया गया। हिंडालको की ओर से मानव संसाधन विकास विभाग के अधिकारी मनोज पांडे ने इस अवसर पर कहा कि सोलर लालटेन मिलने से विद्यार्थियों को रात्रि में पढ़ाई करने में सुविधा मिल सकेगी। जिससे इस विद्यालय के अध्ययनरत बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ेगी। सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों की परीक्षा नजदीक होने के कारण एवं बिजली की समस्या को देखते हुए हिंडालको द्वारा सीएसआर के तहत सोलर लालटेन की व्यवस्था कराई गई है। जिससे बच्चों का समय बर्बाद नहीं होगा।



# वृद्ध महिला पर हमला करने वाला दंपति गिरफ्तार

**80 वर्षीय महिला पर डायन बिसाही का आरोप लगाकर पड़ोसी ने किया था हमला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के चरका टांगर जामटोली गांव निवासी 80 वर्षीय वृद्ध महिला भीखा देवी पर डायन बिसाही का आरोप लगाकर सोमवार की रात महिला के पड़ोसी ने जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में गुमला पुलिस ने हमला करने वाले पड़ोसी दंपति बंधु उरांव व उसकी पत्नी सुखमनी देवी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सोमवार की रात्रि वृद्ध महिला भीखा देवी पर डायन बिसाही का शक कर बंधु उरांव व उसकी पत्नी सुखमनी देवी ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में वृद्ध महिला के दांत व एक हाथ टूट गया। जबकि सर पर गंभीर चोट लगी। बंधु के पुत्र सुनील उरांव की मौत 12 दिन पहले तबीयत खराब होने से हो गई थी। सोमवार को मृतक का अंतिम क्रियाक्रम था। क्रियाक्रम की रस्म समाप्त होने के बाद बंधु उरांव नशे में धुत था और अपनी पत्नी के साथ भीखा देवी के घर पहुंचा। जहां घर पहुंचते ही भीखा देवी पर डायन बिसाही का शक कर लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया था।



# प्रशासन एकादश ने पब्लिक एकादश को हराया

**एसपी ने खेली 32 रनों की पारी**
**डीसी हुए शामिल, युवा दिवस पर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला के तत्वधान में मंगलवार को शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और दीप जलाकर किया। रोमांचक मुकाबले में प्रशासन एकादश की टीम ने पब्लिक इलेवन की टीम को 1 रन से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रशासन एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जिसमें पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने 32 रनों की पारी खेली। वहीं संजीव कुमार ने 31, सतीश ने 14, रविंद्र ने 14, हसनैन ने 14, राहुल ने 17 और सिकंदर ने 12 रनों की पारी खेली। पब्लिक 11 की ओर से अंशु , आयुष और सनी ने दो-दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी पब्लिक इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 166 रन बना सकी और मुकाबला 1 रन से हार गई। जिसमें आयुष राज ने नाबाद 60 रनों की पारी खेली। वही विक्की ने 59, सन्नी ने 26 रन बनाए। प्रशासन की ओर से सिकंदर और प्रदीप ने एक-एक विकेट झटके। नाबाद 60 रन की तेजतर्रार पारी और बेहतर गेंदबाजी के लिए आयुश राज को मैन ऑफ द मैच दिया गया। अतिथियों के बीच एसपी, डीडीसी और एसडीओ के द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया। वहीं, तरुण क्रिकेट क्लब के सदस्य ज्ञान प्रकाश और सौरव कुमार के द्वारा डीडीसी गुमला हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



## स्पीड न्यूज

### पैसा लेने के बाद 12 लाभुकों ने नहीं बनाया पीएम आवास, नोटिस



**भंडरा ।** उदरंगी पंचायत के 12 लाभुकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा तो ले लिया, लेकिन आवास नहीं बनाया । बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा एव प्रखंड समंवयक नितेंद्र कुमार ने मंगलवार को लाभुकों के घर जाकर उन्हें नोटिस थमाया। उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली ने भी उनपर आवास पूरा करने के लिए दबाव बनाया था, लेकिन उनलोगों ने ध्यान नहीं दिया । बीडीओ ने स्वयं जाकर उन्हें नोटिस देते हुए निर्माण जल्द पूरा करने की चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि अब आवास पूर्ण नहीं होने पर लाभुकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी । बीडीओ ने बताया की प्रखंड मे सैकड़ो पीएम आवास के लाभुकों द्वारा आवास निर्माण पुरा नही किया गया है । पिछले दिनों 12 लाभुकों पर सटिफिकेट केस किया गया है।

### कैरो में विहिप ने दिया वनभोज

**कैरो।** विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा नंदनी जलाशय के पास सामुहिक वनभोज कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग आयोजन किया गया। इस क्रम में मुख्य अतिथि तथा मंचासीन अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन, एकात्मकता मंत्र,अधिकारियों/कार्यकर्ताओं का परिचय के साथ विश्व हिन्दू परिषद् के लिए आवश्यक विन्दुओ का अभ्यास कराया गया। विश्व हिन्दू परिषद् प्रत्येक वर्ष अपने सभी स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए मकर संक्रांति के अवसर पर प्रत्येक प्रखंड में एक विशेष अभ्यास वर्ग आयोजित करता है। आज के इस प्रखंड स्तरीय अभ्यास वर्ग में प्रखंड के सभी पंचायतों एवं गांवो के दायित्ववान कार्यकताओं क के अतिरिक्त नये कार्यकताओं ने भाग लिया। वर्ग के समापन के पश्चात वनभोज कार्यक्रम में खिचड़ी का आनंद उठाया।

### बिगवा के परिजन से मिले सुखदेव

भंडरा। कचमची के रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बिगवा साव विगत कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। कुछ दिन इलाज के उपरांत उनकी मौत हो गई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत मंगलवार को सहयोगियों के साथ शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि बिगवा साव के निधन से कांग्रेस परिवार शोकाकुल है। बिगवा साव कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता थे जिनका कमी हमेशा पार्टी को रहेगा। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ,बड़ागांई पंचायत कांग्रेस के अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, महबूब अंसारी, रशीद अंसारी ,मोहन उरांव ,विजय भगत इत्यादि थे।

### सिविल सर्जन ने पीएचसी का किया निरीक्षण



**भंडरा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा का औचक निरीक्षण सिविल सर्जन डा.संजय कुमार सुबोध ने मंगलवार को किया। इस दौर सिविल सर्जन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में अस्पताल की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। सबसे पहले सिविल सर्जन ने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। इसके बाद साफ-सफाई, आपातकालीन कक्ष, कुपोषण उपचार केंद्र, दवा भंडार कक्ष,ओपीड़ी आदि का जायजा लिया। इस दौरान प्रसव में भर्ती एक महिला से पूछताछ कर हाल चाल जाना। वही कुपोषण उपचार केंद्र मे भर्ती कुपोषित बच्चे के माताओ से कुपोषण उपचार केंद्र मे मिलने वाली सुविधायो एव खान पान की विस्तृत जानकारी ली । ओपीडी में मरीजों को भी देखा और पूछताछ की। उन्होंने बेड व उपकरणों की उपलब्धता देखी। इस मौके पर डॉ संजय कुमार, बीपीएम मेरी बेक,साजिद आलम, मोनिका मरांडी,संदीप भगत, अजित कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें।

### राजस्व कर्मियों के साथ सीओ ने की बैठक

भंडरा । सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने मंगलवार को राजस्व कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की।सीओ ने बताया की सभी राजस्व कर्मचारियों दाखिल खारिज से संबंधित मामलों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। सभी राजस्व कर्मियों को मुख्यमंत्री फसल राहत से संबंधित मामले मे त्वरित कार्य का निर्देश दिया। जिला से प्राप्त विभिन्न प्रकार के जांच प्रतिवेदन समय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जमा करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सीओ ने सभी आंचल कर्मियों को लगान वसूली के लिए रैयतों को जागरूक करने, रुके हुए मोटेशन जल्द से जल्द क्लियर करने, लंबित नमांतर के वादों को जल्द से जल्द निष्पादन करना, सैरातों की समीक्षा करना, अतिक्रमण के मामलों का निष्पादन करना, साथ ही पीएम किसान से संबंधित जांच प्रतिवेदन स्थलीय जांच उपरांत साप्ताहिक बैठक में जमा करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर सी आई अरुण प्रसाद, प्रदीप कुजूर,फेकुवा उरांव,अबुल हसन, नेहा कुजूर,सुमित जयसवाल आदि मौजूद थे ।


### प्रखंडों में योग प्रशिक्षण शिविर



**लोहरदगा।** आयुष विभाग द्वारा पांच दिवसीय सीआरपी स्तरीय प्रखंडों जिनमें भंडरा, कैरो, कुडू, किस्को, सेन्हा एवं लोहरदगा मुख्यालय में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के एंबेसडर द्वारा योग के बारीकियों से अवगत हो रहे हैं। प्रशिक्षण में आयुष विभाग के एंबेसडर योग के बारीकियों से जिनमें योगिक क्रियाएं, आसन एवं आंतरिक अंगों के अभ्यास के लिए प्राणायाम के क्रियाओं से अवगत कराये जा रहे हैं। राज्य सरकार के द्वारा निर्देशित प्रथम चरण में जिले में 7 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। जिसके तहत यह प्रशिक्षण दी जा रही है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक विद्यालय के 2 शिक्षकों को विभाग से प्रमाण पत्र भी दी जाएगी। साथ ही साथ उनके माध्यम से अध्ययनरत विद्यालय के बच्चों को भी शिक्षण के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थ होने के तौर तरीकों से अवगत इन प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को निरंतर मिल सकेगी। प्रशिक्षण शिविर में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के एंबेसडर निर्भय भारती के द्वारा सीआरसी भैरों मध्य विद्यालय में, प्रियंका साहू के द्वारा सीआरसी मध्य विद्यालय भंडरा, खुशी भारती के द्वारा सीआरसी कैरो मध्य विद्यालय, सीआरसी किस्को मध्य विद्यालय में शिवराज विजय महतो के प्रांगण में विभिन्न विद्यालयों के चयनित शिक्षक शिक्षिकाओं को दी गई।

## एक नजर में

### चैनपुर में टांगी से काटकर महिला की हत्या



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर कातिंग पंचायत के टोंगो सरना टोली निवासी मिलक्यूस एक्का की पत्नी 69 वर्षीय महिला उर्सला एक्का का शव पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया है। घटना के संबध में पति ने बताया कि वह कुछ काम से सुबह 7 बजे के करीब घर से थोड़ी दूर अपने खेत गया था। कुछ देर बाद जब घर लौट के आया तो देखा कि उसकी पत्नी गेट के पास मृत अवस्था मे पड़ी हुई है तथा उसके बगल में एक टांगी रखा हुआ है और चारो ओर खून का छीटा पड़ा हुआ है। उसने पुलिस को खबर की। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई। इंस्पेक्टर बैजू उराँव ने बताया कि जैसे ही घटना की सूचना पुलिस को मिली मैं तथा थाना प्रभारी आसुतोष कुमार, दिवाकर मिश्रा, मदन शर्मा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच के कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि धार दार कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर महिला की हत्या की गई है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चला बहुत जल्द हत्या के कारणों तथा हत्यारे का पता लगा लेंगे । पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया ।

### जर्जर सड़क व नालियों के निर्माण की मांग

गुमला। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी ने नगर परिषद के ईओ से शहर की जर्जर सड़कों और नालियों का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि करीब आठ माह पूर्व शहर की मुख्य सड़कें व नालियां, जो जर्जर हो चुकी है। उनके निर्माण के लिए निविदा निकाली गई थी। बाद में फंड के अभाव में उस निविदा को रद्द कर दिया गया। किंतु कुछ समय बाद विभागीय आवंटन प्राप्त हो चुका था। लेकिन अब तक पुनः नालियों व सड़कों के निर्माण की दिशा में पहल नहीं की गई। जिससे कई पथ चलने लायक नहीं है। जनहित में इन सड़कों और नालियों का निर्माण अति महत्वपूर्ण है। इसलिए मांग है कि जनता की सुविधाओं का ख्याल और शहर के विकास के मकसद से निविदा आमंत्रित कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए।

### ईवीएम वेयर हाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

गुमला। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### नेशनल जूनियर हैंडबॉल के लिए खिलाड़ी रवाना



**गुमला।** राजस्थान में होने वाले नेशनल जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए गुमला के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो मंगलवार को प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। खिलाड़ियों को स्थानीय टावर चौक से स्पोट्र्स एकेडमी के सचिव सैयद जुन्नु रैन, समाजसेवी अफसर आलम, वह खेल प्रेमियों ने फूल माला पहनाकर रवाना किया। नेशनल खिलाड़ी सय्यद जुन्नु रैन ने बताया कि झारखंड राज्य से कुल 16 जूनियर नेशनल हैंडबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। यह चयन पिछले दिनों झारखंड के गोड्डा, एवं रामगढ़ में हुए प्रतियोगिता में अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर कुल 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें गुमला से तीन खिलाड़ी दीपिका लकड़ा, ज्योति कुमारी व अमिका कुमारी का चयन हुआ है तथा शेष खिलाड़ी रांची, बोकारो तथा जमशेदपुर से हैं।

### भीखराम भगत की मनायी गयी जयंती



घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय में राजी देवान बाबा भीखराम भगत की जयंती समारोह सह पड़हा संगठन का स्थापन कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा भीखराम भगत के समाधि स्थल व उनके चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम में सांस्कृतिक पारंपरिक रीति रिवाज के साथ नृत्य गीत प्रस्तुत की गई । मौके पर कार्यक्रम में आये अतिथि बागी लकड़ा ने बाबा भीख राम भगत के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समर्पण का मूरत रूप बाबा भीखराम भगत थे। पड़हा संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने में उनकी अहम भूमिका थी। उनका 87 वां जयंती समारोह मना रहे हैं। वही फौदा उरांव ने कहा कि समाज को संगठित और समाज को आगे ले जाने में भीख राम भगत का बड़ा योगदान था। हमें उनके बताए गए मार्ग का अनुसरण करने की जरूरत है। वहीं समाजसेवी बॉबी भगत ने कहा कि बाबा रूढ़ि प्रथा स्वशासन व्यवस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाया। समाजसेवी तेम्बू उरांव और शीला कुजुर ने कहा कि बाबा भीखराम भगत आदिवासी समुदाय के लोगों को आगे बढ़ाने में हमेशा अपना योगदान दिये। इस अवसर पर सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहे हैं परंपरागत सामाजिक एवं युवक-युवतियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन लोहरा उराव, कर्मवीर भगत, मनु लाकड़ा ,जनार्दन भगत, गजेंद्र उराव,राजिंदर उराव,देवेन्द्र उराव,सहित सैकड़ों संख्या में उड़ीसा बिहार बंगाल सहित कई राज्यों से लोग उपस्थित थे।

### पुआल के गांज में लगी आग, जलकर राख



घाघरा। घाघरा प्रखंड के चपका पंचायत के ढिढौली गांव में सहदेव उरांव के खलिहान में रखे पुवाल की गांज में आग लगने से पुआल जलकर राख हो गश। घटना की सूचना पाकर चपका पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी घटनास्थल पहुंची। जहां पीड़ित को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। पीड़ित ने बताया कि खलिहान में रखे पुआल मवेशियों के चारा के लिए थी जो जलकर खाख हो गया। अब मवेशियों को चारा कहां से खिलाया जाएगा। सहदेव ने बताया कि अचानक पुआल में आग लगी। आग बुझाने का पानी मशीन सहित अन्य तरीके से ग्रामीणों के सहयोग से प्रयास किया गया लेकिन आग नहीं बुझी और पूरा पुआल देखते ही देखते जलकर खाक हो गया । वही पीड़ित ने उचित मुआवजा की मांग अंचल प्रशासन से की है।

### मुआवजे को ले भरनो के रैयत डीसी से मिले

गुमला। पलमा से गुमला फोर लेन सड़क निर्माण कार्य में भरनो के कुछ रैयतों को मुआवजा नहीं मिलने पर मंगलवार को डीसी सुशांत गौरव से मुलाकात की। रैयतों ने अपनी समस्या से डीसी को अवगत कराया। वहीं दो सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। रैयतो की समस्या से अवगत होने के बाद डीसी ने कहा की आपकी समस्या का समाधान होगा। जिन रैयतों को नोटिस नहीं दिया गया है उन्हें भरनो में शिविर के माध्यम से डेकोमेंट लेकर फंड आते ही तुंरत भुगतान किया जाएगा। साथ ही जिन रैयतों का भुगतान हो चुका है वे जल्द अपनी सुविधा के अनुसार जगह छोड़ने की तैयारी करें। उन्हें जमीन का भुगतान भी फंड रिलीज होते ही किया जाएगा।जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बड़ा ने रैयतों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। रैयतों को जल्द भुगतान किया जाय। एन एच के राजीव रंजन से भरनो के रैयतों ने विशेष बातचीत कर कहा की एन एच अपनी मनमानी बंद करें। लोगो ने एक स्वर में कहा की हम विस्थापित हो रहे हैं। हमारा रोजी रोजगार उजड़ रहा है। हम जगह छोड़ने के एक साल का समय दिया जाय।

## स्पीड न्यूज

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में हिंदी की दशा व दिशा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मंगलवार को सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों के बीच विश्व में हिंदी की दशा एवं दिशा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग नवम, दशम एवं ग्यारहवीं के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने विश्व में हिंदी के दशा पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी के पांव विदेशों में मजबूती से आगे बढ़ रहा हैं। बच्चों ने यह भी कहा कि विश्व में हिंदी की स्थिति धीरे-धीरे समृद्ध होती जा रही है। अमेरिका के 14 विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई होती है। इंग्लैंड में प्रतिवर्ष हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन होता है। दुनिया भर में सोशल मीडिया में पचासी फीसदी हिंदी कंटेंट जबकि मात्र 15 प्रतिशत अन्य भाषा के कंटेंट पसंद किए जाते हैं। आने वाले दिनों में हिंदी संपर्क भाषा के रूप में विकसित होगी। मौके पर प्रमोद शर्मा, नवीन कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, किशोर कुणाल, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, जेपी सिंह, फैयाज कैसर, संजय तिवारी, रमेश कुंज, शंकर कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, राकेश पांडेय, पायल सिंह के अलावा बच्चों में मयंक पांडेय, माही पांडेय, नयनतारा गुप्ता समेत कई बच्चे मौजूद थे।

### ऑटो व मोटरसाइकिल की टक्कर में छह घायल



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वसुंधरा पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की दोपहर 1 बजे ऑटो व बाइक की टक्कर में 6 लोग घायल हो गये। वहीं घायलों की पहचान ग्राम फुलवरीया थाना नवलशाही निवासी 57 वर्षीय बासुदेव दास पिता स्व जन्हों दास, डोमचांच मसमोडीह ग्राम बसवरिया निवासी 32 वर्षीय पिंटू तुरी पिता सरजू तुरी, कोडरमा थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया निवासी 32 वर्षीय मनोज कुमार पिता भुनेश्वर सिंह, वर्षीय 32 वर्षीय राजेन्द्र बिरहोर पिता बुधन बिरहोर, झुमरीतिलैया बेलाटांड निवासी 60 वर्षीय गणेश यादव पिता छोटेलाल यादव, 40 वर्षिय सुनीता देवी पति दिनेश यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो में तिलैया से सवारी बैठाकर कोडरमा की तरफ आने के दौरान पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक से जोरदार टक्कर हो जाने से बाइक व ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में घायल 6 लोगों को पुलिस की मदद से अस्पताल लाया गया, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### मुखिया ने किया बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारी साखी पंचायत भवन मे दिन मंगलवार को मुखिया सुमीरा कुमारी ने सभी प्रतिनिधियों के साथ कार्यकारिणी का बैठक किया। जिसमें 15 वें वित्त व मनरेगा को लेकर चर्चा किया गया। मुखिया ने बताया कि 15वें वित्त एवं मनरेगा योजना में पहले से जो चल रहा है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाय। बैठक में उपस्थित मुखिया समीरा कुमारी उप मुखिया विकास कुमार पांडेय वार्ड सदस्य तरूणा कुमारी मनोज रविदास रजनी देवी लक्ष्मण रजाक एवं सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### उप प्रमुख के पहल पर अलाव की व्यवस्था



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के अंतर्गत ब्रहम्पुर मोड़ पर सोमवार को उप प्रमुख प्रीतम यादव ने अत्यधिक ठंड बढ़ते हुए देखकर अलाव की व्यवस्था किया। अलाव की व्यवस्था को लेकर पूर्व में ग्रामीणों ने मांग किया था। जिसे देख अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा अलाव की व्यवस्था करवाया है। जिसे चौकपर के लोगों ने अंचलाधिकारी एवं उप प्रमुख को खूब प्रशंसा कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित सुबोध कुमार चौबे भुनेश्वर यादव प्रयाग दांगी रवि कुमार चौबे मो अशरफ मियां दशरथ दांगी है।

### उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए त्वरित गति से मामले का निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित मामले, पेंशन, राशन कार्ड, आवास समेत अन्य मामले शामिल है। बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

### जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में विशेष केंद्रीय सहायता मद से योजनाओं के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में की गई। सरकार के प्रधान सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार की पत्र में वित्तीय वर्ष 2022- 23 में विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत प्रस्ताव भेजने के लिए बैठक की गई। जिला योजना पदाधिकारी के द्वारा कृषि विकास एवं अजीविका सम्वर्धन, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में विकास से संबंधित प्रस्ताव संबंधी जानकारी दी गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से इन क्षेत्रों में विकास हेतु विचार विमर्श कर विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा उत्तरी आर थंगा पांडियन, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी एसपी सुमन, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### पशु तस्करी पर नियम बनाकर रोक लगाएं

**कोडरमा।** झामुमो नेता रविंद्र शांडिल्य ने बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के घुसपैठिये वाले बयान पर कहा है कि ये घुसपैठिये अंतरराष्ट्रीय सीमा को लांघ कैसे लेते हैं, जबकि वहां और उसके 50 किलोमीटर के दायरे में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र है और बीएसएफ तो केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के झारखंड से गोवंश की तस्करी पर यह सवाल अमित शाह से पूछने की बात कही है।

# विधायका ने किया कृष्णा शेड का उद्घाटन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** विधायका डॉ. नीरा यादव ने प्रखंड क्षेत्र के पपलो पंचायत के ग्राम नावाडीह 2 के समीप करीब चार लाख की लागत से बना कृष्णा शेड का फीता काटकर व नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि यहां धार्मिक स्थल है और यहां के लोगों का सोच था कि यहां कृष्णा शेड बने। जिससे इस धार्मिक स्थल पर आने वाले सभी लोगों को गर्मी व बरसात में कोई कार्यक्रम करने में धूप व बारिस में सुविधा मिले। यहां की जनता का यह मांग था इसलिए हमने विधायक निधि से यह शेड का निर्माण करवाया। आगे उन्होंने कहा की 14 जनवरी को कोडरमा ध्वजाधारी धाम में चूड़ा दही के साथ साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें आपलोगों के साथ साथ पूरे कोडरमा विधान सभा क्षेत्र के लोग सादर आमंत्रित हैं। इस कार्यक्रम के पश्चात मरकच्चो कोटवार मुहल्ला में रवानी समाज के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जहां अपनी स्वेच्छा से पशुपति नाथ चंद्रवंशी, अशोक चन्द्रवंशी, दुर्गा चन्द्रवंशी, महेश चन्द्रवंशी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, वकील चन्द्रवंशी आदि समेत दर्जनों लोगों ने अन्य दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, बेदु साव के द्वारा फूलमाला देकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर चिंता कुमारी, संजू यादव उर्फ दशरथ कुमार, त्रिपुरारी रजक, महेश यादव, सुनील यादव, लक्ष्मण रजक, अर्जुन यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### भू मापक, अमीन सर्वे प्रशिक्षण का शुभारंभ



**टंडवा(चतरा)।** मंगलवार को वनांचल महाविद्यालय टंडवा में भू मापक अमीन सर्वे प्रशिक्षण का शुभारंभ हेतु बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रँथु महतो, अंचलाधिकारी विजय कुमार दास, प्रशिक्षण प्रभारी महादेव कुमार समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण एनजीओ सर्व शिक्षण जन सृजित सेवा संस्थान, हजारीबाग के द्वारा दो माह का आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी महादेव साहू ने बताया की विद्यार्थियों को थ्योरी एवं प्रैक्टिकल दोनों तरह की पढ़ाई करवाया जाएगा, ततपश्चात दो महीने बीत जाने के बाद परीक्षा होगी, परीक्षा में सफल विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा, जो झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में छूटे हुए विद्यार्थी बेरोजगार युवक एवं युवतियां अभी भी सम्मिलित हो सकते है नामांकन अभी भी प्रारंभ है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख रीना देवी, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी, महतो, कोयद मुखिया किशुन राम आदि लोग उपस्थित थे।

## लोभ लालच के कारण धर्म परिवर्तन करने लगे हैं लोग

**मुन्ना कुमार**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कोठियार पंचायत के गरडीह टोला के लोगों ने लोभ, लालच के जाल में फसकर धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाने लगे हैं। लोगों का मानना है कि ईसाई धर्म में रहेंगे तो तबीयत खराब होने से लेकर अन्य किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान आसानी से हो सकेगा, इसलिए लोग अपने धर्म परिवर्तन में लगे हुए हैं। यहां के लगभग 40 लोगों ने धर्म परिवर्तन करने का मामला सामने आने के बाद मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चैधरी, उप प्रमुख-मनोज कुमार निराला, स्थानीय मुखिया बीरेंद्र राय समेत कई ग्रामीणों ने गांव पहुंच कर धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को समझाने का भरपूर प्रयास किया गया। मगर काफी मशक्कत के वावजूद भी उन लोगों को समझाने में विफल रहे और सभी लौटने लगे, तभी कुछ ही दूरी पर बाइक से एक युवक आते दिखाई दिया। ग्रामीणों ने उक्त युवक पर शक हो गया तो उसे रोक कर पूछताछ किया तो अपना नाम संदीप राजवंशी बताया, साथ ही उसने महवरी का निवासी बताया। ग्रामीणों ने जब उसके बैग की छानबीन किया तो उसके बैग से बाइबल की किताब व अन्य वस्तु मिले। जिसपर स्थनीय मुखिया ने तत्काल इसकी सूचना सतगावां पुलिस को दी। सूचना पाकर बीडीओ वैद्यनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह ने दल बल के मौके पर पहुंच कर जानकारी ली तथा युवक को पूछताछ के लिए थाना लाया गया। वहीं धर्म परिवर्तन कर चुकी देवंती देवी व वासुदेव राय इस सम्बंध में पूछे जाने पर बताया कि हमलोगों ने ईसाई धर्म अपनी मर्जी से अपनाये हैं और प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को प्रभु यीशु की प्रार्थना करते हैं। आगे बताते हुए लोगों ने कहा कि हमलोगों के परिवार के कई लोग बीमारी से ग्रस्त थे। हम सब काफी परेशानी में थे, तभी गांव के ही राजकुमार राय जो मुंबई में काम करता आया और बताया कि ईसाई धर्म अपनाने से सारे कष्टों से मुक्ति मिलेगी, तभी से हमलोग ईसाई धर्म मानने लगे और तब से हमलोग शांति के जीवन जी रहें हैं। घटना को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि बीते दिसम्बर माह में होली फैमिली के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि को आमंत्रण नही करने पर शक हुआ, तभी से उक्त कार्यक्रम का मकसद जानने को लेकर गुप्त रूप से जानकारी उपलब्ध करने का प्रयास किया, तब जाकर यह मामला सामने आया।

# 26 जनवरी की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**चतरा।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत वरीय पदाधिकारी संग उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 2023 का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित होगी। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कोविड-19 के मानकों का पूर्णतया अनुपालन करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्देश दिया। वहीं कार्यक्रम में आने वाले लोगों को मास्क पहनना एवं सामाजिक दूरी का अनुपालन करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देश दिया गया। इसके अलावे राज्य सरकार से प्राप्त होने वाले निदेर्शों के अनुरूप कार्यक्रम में संशोधन की भी बात कही गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा उत्तरी आर थंगा पांडियन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय झा, नजारत उप समाहर्ता सलमान जफर खिजरी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड कृषि ऋण माफी योजना विशेष कैंप आयोजन संपन्न



**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार को दो दिवसीय झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत कुंदा प्रखंड के 2 पंचायतों में नवादा और बौधाडीह पंचायत भवन में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों का ई केवाईसी कैंप में 45 किसान का एक केवाईसी का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें 38 किसानों का ई- केवाईसी किया गया। एटीएम सुधीर कुमार ने बताया कि बाकी किसानों को राशन कार्ड में अन्यनाम होने के वजह से उन्हें लाभ से वंचित रहेंगे। क्योंकि एक राशन कार्ड पर एक ही आदमी का लाभ मिल सकता है। कैंप में मुखिया भरत यादव प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिव मंगल सुमन, कृषक मित्र मनोज कुमार, प्रज्ञा केंद्र संचालन विनय कुमार, दिलीप प्रसाद यादव, संजय कुमार, कैलाश यादव ,संजय बैगा,। मुकेश कुमार यादव समेत सैकड़ों किसान कैंप में शामिल थे।

## बीएनटी को हराकर शांति निवास फाइनल में

**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 19वें दिन शांति निवास विद्यालय ने बीएनटी संत मेरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 14 जनवरी को फाइनल में शांति निवास उच्च विद्यालय का मुकाबला ज्ञान निकेतन बेलचम्पा से होगा। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीएनटी संत मैरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ऋषिका के 10 रन के सहयोग से 39 रन ही बना पाई। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने लक्ष्मी के 11 रन के सहारे चार ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। बीएनटी संत मैरी की ओर से रंजिनी ने दो विकेट ली। मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार बीएनटी संत मैरी स्कूल के रंजिनी को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा, वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा और प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी ने संयुक्त रूप से दिया। मौके पर नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से स्कूल के कई प्रतिभा सामने आयी है। खास करके लड़कियों ने जो प्रतिभा दिखाई है वह काबिले तारीफ है। प्रतिभाओं को आगे लाकर उन्हें बेहतर मौका देने की आवश्यकता है। वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल आवश्यक है। खिलाड़ी को अनुशासन में रहकर खेल खेलना चाहिए। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, नवनीत दुबे, अमित उपाध्याय, सुमित मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, आदित्य, सूर्या, अनमोल सहित कई लोग मौजूद थे। अंपायर की भूमिका असलम और शुभम, स्कोरर की भूमिका विशाल कुमार और कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी निभाई।



पुरस्कार देते नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, वार्ड पार्षद रश्मि सिन्हा।

## एक नजर में

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर रन फॉर गढ़वा का आयोजन



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजयुमो नेता।

**गढ़वा।** भाजयुमो जिला कार्यालय में मंगलवार को आगामी कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चैबे ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया जाएगा। इस दौरान भाजयुमो द्वारा रन फॉर गढ़वा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को गढ़वा हुर मोड़ से आगे बाईपास फोरलेन सड़क पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा छात्र सभी लोग भाग लेंगे। मैराथन दौड़ कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मैराथन दौड़ में दौड़ने वाले सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन अधिक से अधिक युवा कार्यक्रम में शामिल हो। मौके पर भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, बिपिन तिवारी, धनंजय विश्वकर्मा, अनित तिवारी, राम उनय तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश



**कोडरमा।** गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से लिये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई, मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों एवं पूरे शहर की साफ-सफाई, मुख्य समारोह स्थल बागीटांड स्टेडियम का समतलीकरण व साफ-सफाई करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित रखें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रम कल्याण केन्द्र झुमरीतिलैया में आयोजन करने हेतु निर्णय लिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी निकालने को लेकर पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये जाने की बात कही। मौके पर डीएफओ सुरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसी अनिल तिर्की, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, नजारत उप समाहर्ता जयपाल सोय व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### जेएमएम कार्यकताओं ने महासचिव का किया स्वागत



**डोमचांच (कोडरमा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह राज्यमंत्री विनोद पांडेय एवं विधायक फागु बेसरा का गिरिडीह से कोडरमा जाने के क्रम में डोमचांच पंहुचने पर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने डोमचांच टैक्सी स्टैंड पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आगामी 17 जनवरी को सीएम हेमंत सोरेन के आगमन की तैयारी का जायजा लिया। वहीं इस दौरान दर्जनों लोग अन्य पार्टियों को छोड़कर शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं दूसरी ओर डोमचांच के बुद्धिजीवी वर्ग का एक प्रतिनिधिमंडल शैलेंद्र कुमार सिंह एवं देव नारायण यादव, चैधरी राम आदि के नेतृत्व में अप्रत्याशित होल्डिंग टैक्स वृद्धि को निरस्त करने, डोमचांच नगर पंचायत में बेरोजगारी को समाप्त करने अन्यथा नगर पंचायत को भंग कर पुनः ग्राम पंचायत बहाल करने आदि कई मांगों के लिए एक मांग-पत्र महासचिव को सौंपा। मौके पर पार्टी के गोपाल यादव, संजय पांडेय, संदीप पांडेय, विश्वनाथ राय, हरि राय, मुकेश पांडेय, किशोर पेंटर आदि मौजूद थे।

### मंदिर के सामानों का भी चोरी करने से बाज नहीं आ रहे चोर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही है। पुलिस के सुस्त रवैये के चलते क्षेत्र में आये दिन चोरी की घटनाएं घटित हो रही है। वहीं पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। कभी पावर सब स्टेशन में चोरी, तो कभी घर में चोरी की घटना प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही है। इसी बीच चोरों ने भगवान के घर यानी मंदिर को भी नही छोड़ा और मंदिर में लगे हजारों के समान ले कर भाग गए। ताजा मामला नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवीपुर (खेशमी) स्थित पारटांड के बाबा कल्याणेश्वर शिव मंदिर का है, जहां चोरो ने सोमवार की मध्य रात्रि मंदिर में लगे आहुजा कम्पनी का साउंड सेट मशीन, एक माईक, इंवर्टर मशीन, चार एलईडी बल्ब तथा एक बैटरी की चोरी कर लिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में जब सुबह मुख्य पुजारी संतोष कुमार पांडेय पूजा करने गए तो देखे कि मंदिर के मुख्य द्वार में लगा गेट में ताला लगा हुआ है, चोरों द्वारा दीवाल में लगे गेट जाम को ही हटाकर अंदर घुसकर सारा सामान चोरी कर लिया। वहीं मंदिर में चोरी हो जाने की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह एवं एसआई रंजीत कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली।

### हाथियों ने मचाया आतंक, वृद्ध घायल

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के कसारी पंचायत अंतर्गत सीधा पतरा (पसेरी) गांव में हाथियों ने आतंक मचाया है। हाथियों ने जगदीश उरांव के घर को ध्वस्त कर दिया है जिससे घर में सो रहे जगदीश ऊंराव ने बुरी तरह से जख्मी हो गया है।ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद जगदीश उरांव को बचाया गया। साथ ही उसी गांव के बिनोद उरांव, बीगन उरांव, लालो उरांव गमी उरांव समेत दर्जनों किसानों का खेत में लगे टमाटर,आलू,अरहर, आदि फसल और घर में रखे धान,मक्का आदि को भी नष्ट कर दिया है।

### एकड़ में लगे पोस्ते के फसल को किया गया विनष्ट

**चतरा।** सदर थाना पुलिस ने वन विभाग के सहयोग से थाना क्षेत्र के बरैनी पंचायत अंतर्गत बजरमड़ी वनक्षेत्र में तस्करों और माफियाओं के संरक्षण में वन भूमि पर अफीम उत्पादन के नियत से लगाए गए पोस्ते के अवैध फसल को अभियान चलाकर विनष्ट किया। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार चौधरी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने करीब एक एकड़ में लगे अवैध पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया।

## गढ़वा में बिछ रहा है सड़कों का जाल, लोगों को मिलेगी सुगम आवागमन की सुविधा: मंत्री

# दो सड़क निर्माण की मिली स्वीकृत,10 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के विकास में हर रोज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। जिले में सभी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लगातार प्रयासरत हैं। जिले के गढ़वा एवं रंका प्रखंड में दो अति महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। पथ निर्माण विभाग से करीब 10 किमी लंबी इन सड़कों का निर्माण 10 करोड़, 14 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि जिले के रंका एवं सदर प्रखंड गढ़वा के दो अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जाएगा। इन सड़कों में गढ़वा के नवादा मोड़ से नवादा, जोबरइया गांव होते हुए गढ़वा-मंझिआंव पीडब्ल्यूडी रोड तक करीब चार किलोमीटर सड़क का निर्माण तीन करोड़, 92 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। यह सड़क मिनी बाईपास के रूप में काम करेगा। मेराल, कचहरी रोड क्षेत्र से मझिआंव जाने वाले लोगों को शहर की ट्रैफिक का सामना किए बगैर जा सकते हैं। शहर से सभी मार्गों के लिए मिनी बाईपास बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। जबकि रंका प्रखंड के सोनदाग चारमुहान से सिकट होते हुए तमगे सीमा तक करीब छह किलोमीटर सड़क का निर्माण छह करोड़, 22 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से सोनदाग, गौराटीकर, सिकट, तमगे आदि गांवों की पांच हजार से अधिक की आबादी लाभांवित होगी। साथ ही इस सड़क से तीन सरकारी विद्यालय एवं दो आंगनबाड़ी केंद्र भी लाभान्वित होंगे। सोनदाग चारमुहान से एक सड़क जोगीखुरा, एक सड़क पल्हे होते हुए रंका प्रखंड मुख्यालय तथा एक सड़क भलुआनी होते हुए रंका एनएच 343 तक जाती है। इस क्षेत्र के लोगों को भी इस सड़क का सीधा लाभ मिलेगा। इस सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। सामान्य दिनों में तो इस क्षेत्र के लोग किसी तरह आवागमन कर लेते हैं, परंतु बरसात में सड़क आवागमन के लायक बिल्कुल भी नहीं रहती है। जिससे लोगों को काफी दूरी तय कर रमकंडा होते हुए रंका प्रखंड मुख्यालय पहुंचना पड़ता था। काफी लंबे समय से क्षेत्र के लोग इस सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। इसके निर्माण से अब काफी कम दूरी तय कर कम समय में लोग रंका प्रखंड मुख्यालय पहुंच सकेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। गांव-गांव में सड़क निर्माण हो जाने से मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक का भार कम होगा। साथ ही लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिला मुख्यालय से सभी मार्गों के लिए मिनी बाईपास की व्यवस्था कर दी जाएगी। साथ ही सभी गांवों को बेहतर सड़क के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। गढ़वा के सभी गांव को चिन्हित कर पुल-पुलिया का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जिससे हर क्षेत्र में चैतरफा विकास तेजी से हो रहा है।



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

12 जनवरी को जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव सह लोकनृत्य समागम कार्यक्रम का आयोजन

# हमारे पीढ़ी जो हमसे कट कर दूसरे धर्म अपना रही है उन्हें रोकने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है : चेतलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते।

**लातेहार।** होटल द विल्स में मंगलवार को जन जागरण परिषद के बैनर तले कार्यक्रम प्रभारी ध्रुव कुमार पांडेय, प्रांत सह संयोजक लालू यादव व जिला सह संयोजक चेतलाल रामदास के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बालूमाथ प्रखंड के चमातू गांव में 12 जनवरी गुरुवार को जन जागरण सांस्कृतिक उत्सव सह लोकनृत्य समागम कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार झारखंड के प्रमुख सुबेदार सिंह के साथ प्रांत प्रदेश संगठन मंत्री करमवीर, पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, वरिष्ठ प्रचारक सुमन जी, राष्ट्रीय महामंत्री उपस्थित रहेंगे। वहीं इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें छउ, कड़सा, नागपुरी गीत शामिल है। वहीं चेतलाल रामदास ने बताया कि हमारा विरासत जिस तरह से धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहा है इसे बचाने के लिए एवं समन्वय स्थापित करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम से किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू सनातन धर्म के सभी लोगो से आग्रह करता हु कि अधिक से अधिक सनातनी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पीढ़ी जो हमसे कट कर अलग होकर दूसरे धर्म अपना रहे है उन्हें रोकने के लिए यह जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोग धर्म परिवर्तन न करे। वही मौके पर पूर्व विधायक सह जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, पंकज यादव, राकेश दुबे, रमेश उरांव, अश्विनी सिंह, बंशी यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## रुद्रमहायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता



तैयारी में जुटे लोग।

चंदवा। प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी शिव मंदिर में पांच दिवसीय रुद्र महा यज्ञ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरों पर है। मंगलवार पंचायत के मुखिया जतरु मुंडा महायज्ञ को लेकर चल रहे तैयारियों का जायजा लिया। जतरू कुमार मुंडा शिव मंदिर समिती अध्यक्ष उमेश सिंह, सचिव सतेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष पिंटू गिरी, संतोष सिंह एवं प्रेरक फलहारी गिरी बाबा से भी मिले। समिति के लोगो ने बताया कि 11 जनवरी बुधवार को आह्वान झंडा व आरती पूजन किया जाएगा साथ ही प्रसाद वितरण होगा। 7 फरवरी को कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश, 08 फरवरी को वरन पूजन, ग्रंथ पूजन एवं मंडप पूजा, संध्या बेला में आरती, 9 फरवरी को मूर्ति नागर भ्रमण एवं अग्नि प्रज्वलित एवं संध्या आरती, 10 फरवरी को मूर्ति अधिवास एवं प्राण प्रतिष्ठा, 11 फरवरी को हवन पूणार्हुति एवं नव कन्या पूजा एवं महा भंडारा का आयोजन होगा। साथ ही प्रति दिन धर्म जागरण एवं प्रवचन कथा संध्या 7: 00 से12 बजे तक आयोजित होगा। कलस यात्रा में भाग लेने हेतु 9608594635, 9123426206 पर सम्पर्क करने की बात कही गयी है। आयोजन को सफल बनाने में बालदेव गंझु, सतनारायण गिरी, मथुरा सिंह, मुनेशर गिरी, केशव गिरी, जितेंद्र सिंह, पुरन महतो, प्रिंस साहू, कुश शर्मा एवं लोहरसी के दर्जनों ग्रामीण लगे हुए हैं।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारी नेता सह अविभाजित पलामू के प्रथम झामुमो जिला अध्यक्ष का निधन, शोक

**चंदवा।** अलग झारखंड राज्य आंदोलन के वरिष्ठ नेता सह अविभाजित पलामू जिला के प्रथम झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र उरांव (65 वर्ष) का निधन मंगलवार को चंदवा के कुसुमटोली स्थित उनके पैतृक आवास में हो गया। झामुमो व झारखंड आंदोलनकारियों ने इसे अपूर्णीय क्षति बताया। कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी, अविभाजित पलामू के पहले झामुमो जिलाध्यक्ष होने के नाते इन्होंने पार्टी को सींचने का काम किया था। इनके निधन पर झामुमो विधायक वैद्यनाथ राम, जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सह झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश गंझू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, सुमन सुनील सोरेंग, मुखिया रंजीत उरांव, जतरु मुंडा, शुभम गिरी, बबलू राही, पपन खान, मो सरफराज, राजकुमार साहू, झारखंड राज्य आंदोलनकारी नेता धनेश्वर उरांव, सुधीर प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, दीपक निषाद समेत कई प्रबुद्ध जनों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

### जिला अधिवक्ता संघ का बैठक संपन्न, छह बिंदुओं पर चर्चा

**लातेहार।** झारखंड विधिज्ञ परिषद रांची के निर्देश के आलोक में मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ लातेहार के सदस्यों द्वारा संघ परिसर लातेहार में एक आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कोर्ट फी एक्ट (झारखण्ड एमेण्टमेण्ट एक्ट ) 2021 को सरकार वापस ले, एडवोकेट्स प्रोटेक्सन एक्ट लागू किया जाए, लॉयर्स इंगेजमेण्ट रूल्स, 2018 के आलोक में राज्य में एपीपी की नियुक्ति अधिवक्ताओं के बीच से की जाए। अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु सरकारी बजट में प्रावधान किया जाए। अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु कोष प्रदान किया जाए। राज्य के विभिन्न जिलों में बार भवन के निर्माण हेतु कोर्ट परिसर से सटे भूमि प्रदान किए जाए। उक्त आशय का मांग पत्र जिला के उपायुक्त, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं ज-इन-चार्ज को सौंपे जाने का भी निर्णय सर्व सम्मति से पारित किया गया।

### इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीबिजनेस द्वारा कोविड वैक्सीन को लेकर कैंप आयोजित

**लातेहार।** नर्सिंग कौशल कॉलेज लातेहार में स्वास्थ्य विभाग एवं इंडियन सोसाईटी ऑफ एग्रीबिजनेस प्रोफेशनल (आईएसएपी) संस्था द्वारा कोविड 19 के टीकाकरण के लिए कैम्प लगाया गया। जहां छात्राओं को कोरोना का पहला, दूसरा एवं बूस्टर डोज दिया गया। इस अभियान में छात्राओं ने टीकाकरण कराने में पूरा सहयोग दिया साथ ही साथ कॉलेज के प्रिंसिपल एवं एडमिन भी उपस्थित रहकर इस अभियान को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के ए.एन. एम संयुक्ता कुमारी, हीरालाल प्रसाद (फार्मासिस्ट), एमपीडब्लू परमेश्वर प्रसाद एवं आइएसपी के ब्लॉक कोडिनेटर राजीव सिन्हा व कमन्युटी सुपरवाइजर सुषमा देवी ने भी इस करोना के टीकाकरण अभियान को सफलता पूर्वक कराने में भरपूर सहयोग दिया।

### घर में घुसा कोयला लोड बारह चक्का ट्रक, छह लोग बचे



घर में घुसा ट्रक।

हेरहंज। प्रखंड मुख्यालय स्थित भंडार चौक विनेश्वर राम के घर मे कोयला लोड बारह चक्का ट्रक घुस गया, घर के परिजन छह लोग बाल-बाल बचे। वहीं विदेश्वर राम ने बताया कि रात्रि के करीब दस बजे की घटना है, रात्रि को मै अपने पुरे परिवार के साथ खाना खाने के बाद सोए हुए थे। तभी इतना जोर से धमाका हुआ कि घर के सारे परिवार घबराने लगे कि ये क्या हुआ। तब तक ढाठ बॉस, दीवार गिरने लगा। घर के अन्दर अफरातफरी का माहौल हो गया। किसी तरह बाहर निकले तो देखा बारह छक्का ट्रक जेएच19ए9637 कोयला लोड घर में घुसा हुआ है और मौके से ड्राइवर खलासी फरार हो गए है। आस-पास के लोगो ने बताया कि गाड़ी खड़ा कर चालक व उपचाक दोनों होटल में चाय नास्ता कर ही रहे थे कि गाडी ढलने लगी आगे बिजली का खम्भे एवं पेड़ को तोड़ते हुए घर में जा घुसा।

# पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न

## क्षेत्र की समस्याओं से पंचायत समिति सदस्यों ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को करवाया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में दिन मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों का मासिक बैठक संपन्न हुआ। बैठक के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत समिति सदस्यों ने उपस्थित अधिकारियों को पंचायत क्षेत्र में जलमीनारों का खराब होना,विद्यालय में शिक्षकों की कमी,अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी,आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को सुविधा नहीं मिलना,प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ों चापाकल एवं जल मीनार खराब होना, डीलरों के द्वारा गरीबों के राशन में कटौती करना, जरूरतमंद गरीबों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिलना, समेत इत्यादि समस्याओं से अवगत करवाने का काम किया। बैठक में पुलिस प्रशासन, अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, बिजली विभाग, समेत इत्यादि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के माध्यम से प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने क्षेत्र में लगातार उत्पन्न हो रही समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में डॉक्टरों की कमी के विषय में स्वास्थ्य कर्मियों से जानकारी लेते हुए 8 जनवरी को दोमुहान पुल के समीप हुए सड़क दुर्घटना के बाद घायलों के इलाज के लिए डॉक्टरों को नहीं होने पर नाराजगी जताई। मौके पर प्रमुख प्रतिमा देवी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति सदस्यों का 2 महीने में एक बार मासिक बैठक की जाती है। इस बैठक में और भी कई विभागों के कर्मियों को उपस्थित होना था परंतु कुछ लोग बैठक में उपस्थित नहीं हुए हैं। वैसे विभागों के कर्मियों का स्पष्टीकरण निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक के माध्यम से सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई कल्याणकारी योजनाओं के कार्यों के बारे में जानकारी ली जा रही है। मौके पर बीडीओ वीरेंद्र किंडो, सीओ अजय कश्यप, थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, वनपाल ललन उरांव, बिजली विभाग लाइनमैन संजय लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, उप प्रमुख कांति देवी, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, जेएसएलपीएस से मनोज कुमार, पंचायत समिति सदस्य विकास तिवारी, प्रमोद राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने होम टेक प्रतिष्ठान का किया उद्घाटन कहा लोगों को होगी सहूलियत



उद्घाटन करते बालजीत राम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ सेंट्रल बैंक के बगल में होम टेक नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन पूर्व विधायक बाल जीत राम ने फीता काटकर किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बाल जीत राम ने कहा कि अब बालूमाथ में मकान का नक्शा बनाने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। पहले बालूमाथ में यह सुविधा नहीं थी। वहीं होमटेक के प्रोपराइटर कौसर अली ने कहा कि हमारे यहां सभी प्रकार के मकान का नक्शा बनाया जाएगा। साथ ही मकान के अंदर का डिजाइन, बाहर का डिजाइन, बाहर का दृश्य एवं कंट्रक्शन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारे यहां का नक्शा बनाए जाने से मकान बनाने वाले लोगों को खूबसूरती के साथ-साथ मटेरियल में भी खर्च में कटौती होती है। बिना नक्शा के घर बनाए जाने के कारण जहां कम मटेरियल की आवश्यकता होती है लोग वहां भी अधिक मटेरियल का उपयोग करते हैं। जिसका उस मकान में वहां आवश्यकता नहीं होती है। और मकान मालिक को व्यर्थ में अधिक खर्च भी उठाना पड़ता है। इस मौके पर मोहम्मद दानिश, मोहम्मद सारिक, मोहम्मद शमीम, जावेद अख्तर,एल पी वर्मा, पंकज सिन्हा, इंद्रदेव गंझू, रूपदेव उरांव, कौसर अली, अमन सिन्हा, सुरेंद्र गुप्ता, मोहम्मद नूर, मोहम्मद अतीक, मोहम्मद अजहर मोहम्मद फिरोज, अमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

जेएमएम बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष ने कमेटी का किया विस्तार

## सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सभी क्षेत्रों में हो रहे विकास के कार्य: अफजल अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बरवाडीह प्रखंड कमेटी की बैठक मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित सामुदायिक भवन के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय समिति सदस्य बलवंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल मनोहर और जिला संयुक्त सचिव अरुण सिंह खरवार की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड सचिव बाबू राम सिंह, उप सचिव उदय नाथ सिंह, उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, गुलाम असगर, संजय सिंह और रामजन्म सिंह को बनाया गया। वहीं कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश लाला और चंदेश्वर तुरी को बनाया गया। इसके अलावा संगठन सचिव ललन तुरी और महिला मोर्चा प्रखंड सचिव नूरजहां को बनाया गया। इसके उपरांत प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने सभी नवमनोनित पदाधिकारियों और मुख्य अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर किया। श्री अंसारी ने कहा की समिति में सभी वर्गों को मान सम्मान दिया गया है। कहा कि सभी पदाधिकारी झारखंड सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के साथ-साथ सरकार की नीतियों और सिद्धांतों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बताया कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि सभी क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की बदौलत आज राज्य का हर तबका हेमंत सोरेन पर आस्था व्यक्त करते हुए झामुमो का दामन थाम रहा है। वहीं बैठक के अंत में संगठन की मजबूती पर बल दिया और अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं को जोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि आगामी चुनावों में एक बार फिर झारखण्ड में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनेगी। वहीं बैठक में महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष आरती देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष महबूब आलम और सचिव मो अख्तर खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जिला योजना कार्यालय अंतर्गत अनाबद्ध निधि से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का किया समीक्षा

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव ने जिला योजना कार्यालय अंतर्गत अनाबद्ध निधि से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा किया। जिला योजना पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.56 करोड़ रुपए प्राप्त हुये हैं। समीक्षा के क्रम में जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि लातेहार प्रखंड अंतर्गत परसही में स्टेशन रोड से जलता परसही पथ पर पुल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। चंदवा प्रखंड अंतर्गत परसाटांड़ से भेड़ाटोंगरी तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। लातेहार नगर पंचायत अंतर्गत अनुसूचित जनजाति कला एवं संस्कृति भवन की चारदीवारी निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। नगर पंचायत अंतर्गत गाँधी पुस्तकालय के भवन की मरम्मती का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पोखरीकला में चारदीवारी निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मोंगर ग्राम तथा पोखरी कला में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। बालूमाथ प्रखंड के पिंडारकोम में होकनही नाला में पुल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत कोरवामड़ई में हड़ही नाला पर पुलिया निर्माण का कार्य वन विभाग से एनओसी नहीं प्राप्त होने के कारण लंबित है। उपायुक्त लातेहार ने उप निदेशक पीटीआर से समन्वय स्थापित कर एनओसी प्राप्त कर पुल निर्माण का कार्य जल्द प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया। महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत परही नवाटोली में पथ निर्माण का कार्य 80 प्रतिशत हो चुका है। उपायुक्त लातेहार ने सभी अपूर्ण योजनाओं का कार्य गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये निर्धारित समय के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण प्रमंडल अभय कुमार राय एवं अन्य उपस्थित थे।

## पोस्ते की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

बारियातू। एसपी की गुप्त सूचना व बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार सिंह द्वारा गठित टीम के द्वारा प्रभारी थाना प्रभारी दीपक नारायण सिंह व सीआरपीएफ एफ 11 सहायक अधिकारी विशांत कुमार के नेतृत्व में बालुभांग पंचायत के श्री समाद व इंदुआ के जंगली क्षेत्रो में अवैध रूप से की गई। छह एकड़ से भी अधिक पोस्ते की खेती को मंगलवार को नष्ट किया गया। प्रभारी थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि बालुभांग पंचायत के इंदुआ व श्री समाद सहित अन्य जंगली व नदी किनारे लगाए गए अवैध रूप से लगभग 06 एकड़ की पोस्ते की खेती को ट्रैक्टरों से नष्ट किया गया है। साथ ही जहां पर ट्रेक्टर नही पहुंच पा रहा है वहां पर स्प्रे के माध्यम से पोस्ते की पौधों को नष्ट किया गया है। बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार सिंह ने अवैध रूप से पोस्ते की खेती व इसमें सहयोग करने वालो से अपील किया है कि लगाए गए खेती को स्वंय नष्ट करे व इसकी खेती नहीं करे। पोस्ते की खेती उन्मूलन को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके वावजूद भी पोस्ते की खेती, खरीद बिक्री करने वालो को चिन्हित कर सख्त कानूनी करवाई की जाएगी व जेल भेजे जाएंगे। पोस्ते की खेती को नष्ट करने का अभियान लगातार चलता रहेगा। पोस्ते की खेती नष्ट अभियान में कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर में

### मृत मजदूर के परिजनों को उपलब्ध कराया गया राशन

**चंदवा।** जमीरा पंचायत अंतर्गत ग्राम रक्सी गांव के मजदूर अजय लोहरा पिता स्वर्गीय मुकुंद लोहरा की मौत मिजोरम में कार्य के दौरान दुर्घटना में हो गई थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार के निर्देश पर स्थानीय डीलर रामपाल उरांव के द्वारा मृतक के परिजनों को 50 किलो चावल उपलब्ध कराया गया। बताते चलें कि पिछले दिनों मिजोरम में मजदूर का कार्य कर रहे अजय लोहरा की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके बाद उसके शव को रकसी गांव लाया गया जहां मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। मृतक के परिवारों को सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। घटना की जानकारी के बाद मुखिया दुर्गावती देवी ने हर जरूरी सुविधा मुहैया कराने व मुआवजे को लेकर हर संभव मदद करने का भरोसा परिवार वालो को दिलाया है।

### उपायुक्त के आदेशानुसार बारियातू में किया गया वाहन चेकिंग, 69,500 की राशि की हुई वसूली



वाहन जांच करते अधिकारी।

**बारियातु।** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में बारियातू थाना थाना गेट के सामने बरछिया एनएच 22 पर हेलमेट जांच अभियान मंगलवार को चलाया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले चालकों को ऑनस्पॉट कॉउंसलिंग किया गया। उन्हें हेलमेट और सीटबेल के महत्व के बारे में बताया गया। जिले में बढ़ती दुर्घटना के कारणों के बारे में जानकारी देते हुए जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन और आईटी सहायक राजेश कुमार ने बताया गया कि सड़क सुरक्षा हेतु यातायात के नियमों का पालन न ही आपकी परिवार की सुरक्षा की गारंटी देता है बल्कि समाज की सुरक्षा में भी नैतिक जिम्मेदारी का पालन होता है इसलिए हमेशा यातायात के नियमों का पालन खुद और अन्य लोगो को भी करने हेतु प्रेरित करें ताकि वाहन व बाईक चलाते वक़्त जानमाल की रक्षा हो सके। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही नेक नागरिक पॉलिसी (गुड सेमेरिटन) के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की सड़क पर घायल की मदद करने पर उन्हें पुलिस प्रशासन से डरने की जरुरत नहीं है। बल्कि उन्हें हॉस्पिटल तक पहुंचाने पर सहायता राशि के तौर पर विभाग की ओर से ईनाम दिया जायेगा। यातायात नियमों को उलंघन करने वाले लोगों को ऑनस्पॉट ई-चालान कर 13 वाहनो से 69,500 की जुमार्ना राशि वसूली की गयी। मौके पर थाना प्रभारी दीपक नारायण सिंह, एएसआई मिथलेश सिंह व सशस्त्र पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### उपायुक्त लातेहार ने योजनाओं की समीक्षा किया



समीक्षा करते उपायुक्त।

➲ नेतरहाट एवं इसके आसपास के क्षेत्र में, ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू करवाने तथा नाशपती एवं स्ट्राबेरी की बागवानी को बढ़ावा देने का दिया निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा किया। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को सभी संचालित योजनाओं में लक्ष्य का शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के किसानों को फसलों की विविधता बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लातेहार जिले में दलहन, तिलहन, विभिन्न तरह के सब्जियों की खेती एवं फलों की बागवानी को बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा नेतरहाट का जलवायु विभिन्न तरह के फलों की खेती के लिए उपयुक्त है। उन्होंने नेतरहाट एवं इसके आसपास के क्षेत्र में, ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू करवाने तथा नाशपती एवं स्ट्राबेरी की बागवानी को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मनिका प्रखंड के गांवो में संतरे की बागवानी शुरू करवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त लातेहार ने झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी ऋण योजना, की समीक्षा किया तथा लक्ष्य के अनुरूप किसानों को इसका लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीज उत्पादन विनिमय एवं वितरण योजना की भी समीक्षा किया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी रामाशंकर प्रसाद सिंह, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, एवं एटीएम, बीटीएम उपस्थित थे।

### पुलिस की गांधीगिरी यातायात नियम तोड़ने वालों को गुलाब फूल देकर किया सम्मानित



**छिपादोहर।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस टीम के द्वारा लगातार चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के द्वारा अभियान की शुरूआत आज के दिन गांधीगिरी तरीके से की गई इस दौरान छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत यातायात नियमों को तोड़ने वाले लोगों को कानूनी रूप से दंडित करने के बजाय उन्हें गुलाब का फूल देकर सम्मानित करते हुए उनके समक्ष हाथ जोड़कर यातायात नियमों के पालन करने और अपने साथ-साथ अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रखने की अपील की गई। इस दौरान सब इंस्पेक्टर काशी महली, रंजीत कुमार और आईआरबी की टीम शामिल थी।

# दर्जनों ग्रामीण प्रखंड प्रमुख से अपनी परेशानियों से कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



अंचल मे पहुंचकर प्रमुख को मामले की जानकारी देते ग्रामीण।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत सीसीएल प्रभावित अमरवाडीह पंचायत के दर्जनों ग्रामीण अंचलकर्मियों द्वारा भूमि सत्यापन में मनमानी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी से अपनी परेशानियों से अवगत कराया। अमरवाडीह पंचायत के फुलबसिया सहित आसपास के टोलों के दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुषों ने बताया कि हमलोगो की जमीन अधिग्रहण किये जाने के बाद सीसीएल यहां के भू-रैयत व ग्रामीणों को दोहन करने की काम कर रही है। इधर अंचल कर्मियों की मनमानी के कारण एक ही जिला मे दो नियम के तहत वंशावली सत्यापन की जा रही है। बालूमाथ प्रखंड में मात्र नया सर्वे से वंशावली सत्यापन किया जा रहा है और बारियातू प्रखंड में अंचलकर्मियो द्वारा सीएस भी मांगा जा रहा है जबकी सभी भू- रैयतों का आरएस खाता से सीसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण किया था। जो सबसे बड़ी परेशानी का सबब बनता जा रहा है। सीसीएल तीन बार यहां की भूमि को 1962, 2003 व 2017 मे अधिग्रहण किया है। अंचलकर्मी भूमि सत्यापन को लेकर सीएस व आरएस दोनों तरह की कागजात मांगते है। जबकि ऑनलाइन में काफी त्रुटि रहने से किसी भू रैयत के पास सीएस तो है पर आरएस में गड़बड़ी हो गई है तो किसी का सीएस नहीं है और अंचल से भूमि सत्यापन नहीं किये जाने के कारण सीसीएल द्वारा नौकरी, मुआवजा सहित कोई सुविधा नही मिल पा रहा है। हम सभी धूल फांकने को विवश है। प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने अमरवाडीह के राजस्व उपनिरिक्षक लाल बिहारी उरांव को बुलाकर भूमि सत्यापन में होने वाली परेशानी की जानकारी लिया। राजस्व उपनिरिक्षक श्री उरांव ने बताया कि मेरे द्वारा अठारह विभिन्न खाता संख्या के कई भू रैयतों का भूमि सत्यापन को लेकर नोटिस भेजा गया है। साथ ही जो रैयत खाता संख्या नाम सीएस आरएस की कागजात मिलान कर सत्यापन किया जा रहा है। प्रखंड प्रमुख उर्मिला ने भू-रैयतों से कहा कि जिनके पास जो भी भूमि से संबंधित कागजात है वो राजस्व उपनिरिक्षक के पास जमा करें। राजस्व उपनिरिक्षक से कही की आप पंद्रह दिनों के अंदर भूमि सत्यापन का कार्य करें। किसी भू रैयत को परेशान नहीं करे।

स्पीड न्यूज

## विस्थापित संघर्ष मोर्चा एक दिवसीय धरना

**पुटकी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहद विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मुनिडीह परियोजना के मुख्य गेट के समक्ष 16 सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष मोर्चा (मुनिडीह क्षेत्र)के अध्यक्ष जितेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। धरना का संचालन बबलू कुमार सिंह ने किया। वही संघ के अध्यक्ष जितेश कुमार सिंह ने धरना को सम्बोधित करते हुय कहा कि हमारे मांगो को जल्द से जल्द नही पूरा किया गया तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। मौके पर उमेश कुमार सिंह,बिनोद कुमार सिंह, अम्बिका प्रसाद सिंह, सुभाष सिंह,श्यामजी सिंह,जगत नारायण सिंह,मनोज सिंह,रघुवंश सिंह,धनेश्वर प्रसाद सिंह,अजय कुमार सिंह, सिंटू सिंह,साधन सिंह,बिक्रम रॉय, धनश्याम सिंह,लखन सिंह, गोपाल सिंह, संतोष सिंह मौजूद रहे।

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर भीम आर्मी का प्रतिवाद मार्च

**तोपचांची।** तोपचांची हटिया मैदान से तोपचांची थाना तक भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा प्रतिवाद मार्च निकाला गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे। मौके पर उपस्थित लोकेश कुमार रवि जिला अध्यक्ष धनबाद भीम आर्मी ने कहां की बीते 10 अगस्त 2020 को तोपचांची के सीधाबाद तालाब में नहाने को लेकर स्वर्णो ने अनुसूचित जातियों पर हमला कर दिया था। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। 2 साल बीत जाने के बावजूद पुलिस प्रशासन ने अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। भीम आर्मी आसपास होकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं होता है तो भीम आर्मी आंदोलन को और तेज करेगी। तोपचांची थाना प्रभारी जयराम प्रसाद प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों के साथ मिलकर कहा आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करूंगा. जिसके बाद भीम आर्मी के समर्थक लौटे। इस दौरान मौके पर लोकेश रवि, संजय दास, सोनू कुमार सहित सैकड़ों समर्थक उपस्थित थे।

## मकर संक्रांति मेला कमेटी का गठन

**बोकारो।** कसमार रू कसमार प्रखंड के हिसीम केदला पहाड़ी श्रृंखला के तलहटी स्थित मृगीखोह डुमरकुदर में 15जनवरी को मकर संक्रांति पर लगने वाले भव्य मेला को लेकर परिसर में दुर्गा चरण महतो की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में संचालन . कमिटी का गठन किया गया।सर्वसम्मति से त्रिलोचन काड़वार को अध्यक्षए तेजनारायण काड़वार को उपाध्यक्षए हीरालाल नागवार को सचिवए सुरेश काड़वार को उपसचिव ए शिवचरण नागवार को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## बाघमारा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**बाघमारा।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी लायंस क्लब बाघमारा के द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच सह लेंस प्रत्यारोपण एवम सामान्य नेत्र जांच शिविर का आयोजन नेहरू बालिका उच्च विद्यालय हरिना में अयोजित किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित हुये।कार्यक्रम का अध्यक्षता लायन निगम कुमार के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि एवं मेडिकल टीम को क्लब के सदस्यों के द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि ने क्लब के सभी सदस्यों का धन्यवाद देते हुये कहा कि क्लब के सभी सदस्य बाघमारा में जरूरतमंदो के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते है। जाँच शिविर में 124 मरीज का जाँच किया गया जिसमे 27 मरीज मोतिबिंद ऑपरेशन के लिए योग्य पाये गये। सभी मरीजो का ऑपरेशन डॉक्टर लोकेश जालान के नयनदीप आई हॉस्पिटल गोविंदपुर रोड धनबाद में किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन लायन डॉ मुकेश रॉय एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष लायन मिथिलेश कुमार ने किया।

# हर्ल एचआर ने अज्ञात पर दर्ज कराया केस



### माली ने दी घटना की जानकारी

हर्ल एच आर के आवास पर घटना के वक्त काम कर रहे माली रोहिणी महतो ने बताया कि हमलावर आक्रोशित थे और गेट खोलने की कोशिश कर रहे थे। विक्रांत सर का नाम लेकर गाली गलौज करते हुए हमलावरों ने गोलियाँ चलाई। उक्त आवास से कुछ दूर पर तैनात गार्ड के आवाज देने पर हमलावर वापस रोहड़ाबाँध की ओर भाग निकले। हर्ल सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने बताया कि घटना निंदनीय है। अधिकारियों की अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्रों में फ्लड लाइट लगाया जा रहा है। अतिरिक्त सुरक्षागार्डों की तैनाती की जा रही है। आवास के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा दृष्टिकोण से हर्ल के अधिकारियों को सुरक्षित किया जा रहा है।

### संगठनों ने गोलीकांड को बताया निंदनीय

धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, सिन्दरी सांसद प्रतिनिधि शैलेश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, काँग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष बलदेव महतो, जनाधिकार मंच अध्यक्ष रंजीत कुमार सहित कई अन्य संगठनों ने इसे शर्मनाक करतूत बताया है।इस प्रकार की घटना से औद्योगिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश बताया है।

सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि हर्ल एच आर के द्वारा घटना की लिखित शिकायत आने पर दो अज्ञात लोगों पर आर्म्स एक्ट, गाली गलौज, जान से मारने की नियत से आग्नेयास्त्र का इस्तेमाल की धाराएँ लगाते हुए केस संख्या 5/23 दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल से 7.1 एम एम के तीन खोका व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। हर बिंदुओं पर जाँच की जा रही है और जाँचोपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सुरेश प्रसाद, सिंदरी थाना प्रभारी।**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिन्दरी ।** हर्ल सिन्दरी एच आर विक्रांत कुमार के आवास पर सोमवार की शाम चार राउंड फायरिंग के बाद एच आर ने मंगलवार को सिन्दरी थाना में अज्ञात लोगों द्वारा आग्नेयास्त्र का इस्तेमाल कर डराने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद केस दर्ज कर प्रशासन रेस हो गई है और तैनात माली रोहिणी महतो और अन्य गार्डों से पूछताछ कर हर बिंदुओं पर जाँचकर इसके उद्भेदन में लग गई है। हालांकि घटना के बाद से हर्ल प्रबंधन ने उक्त आवास के आसपास लाइट व गार्डों की संख्या को बढ़ा दी है। इसको लेकर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने औद्योगिक माहौल को अशांत करने की बात कही है। हर्ल सिन्दरी एच आर विक्रांत कुमार हर्ल सिन्दरी सुरक्षा अधिकारी कैप्टन होशियार सिंह के साथ सिन्दरी थाना पहुँचे थे। उन्होंने सिन्दरी पुलिस को लिखित शिकायत देने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेरी अनुपस्थिति में मेरे आवास डी 21 पर अज्ञात हमलावरों ने सोमवार की शाम छः बजकर 45 मिनट पर चार राउंड फायरिंग की है। उस वक्त मेरा बेटा और पत्नी बाहर बरामदे में बैठकर आग ताप रहे थे। तभी रोहड़ाबाँध की ओर से आए दो बाइक सवारों ने गेट को खोलने का प्रयास किया और गाली गलौज कर तीन राउंड गोलियां चलाईं। आवास से कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद पुनः वापस रोहड़ाबाँध की ओर बढ़ते हुए एक राउंड और फायरिंग की गई। इसके बाद पत्नी बच्चे को लेकर घर के अंदर प्रवेश कर घर बंद कर लिया और मुझे फोन पर पूरी घटना की जानकारी दी और सचेत किया कि अभी घर पर नहीं आइए। उनके अनुसार बरामदे के बगल के दिवार में गोलियां लगने के दो निशान पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी के अनुसार हमलावर बिना हेलमेट व बिना मुँह ढँके आए थे और विक्रांत बाहर निकलो की आवाज लगातार दे रहे थे। हालांकि इस गोलीकांड में कोई हताहत नहीं हुआ है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ सिन्दरी अभिषेक कुमार व सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद घटनास्थल पर पहुँचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज खँगाले गए।

# छापामारी: झरिया में लाखों रुपये के अवैध लॉटरी टिकट के साथ दो धराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया ।** झरिया थाना क्षेत्र में लॉटरी का अवैध धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसका खुलासा झरिया थाना के स अनि गोपाल कुमार ने छापामारी के बाटामोड से फुलचंद खटीक व चिल्ड्रेन पार्क के समीप से वासुदेव मंडल को पकडा। इस दौरान पुलिस दो स्थान से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी जब्त किया ।जिसमे नागालैंड, सिक्किम सहित अन्य प्रदेश के विभिन्न ब्रांड के फर्जी लॉटरी टिकट जब्त किया है। पुलिस गिरफ्तार दोनों छुट भैया लॉटरी विक्रेताओं से तस्कर के सबंध में पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार विक्रेताओं ने मुख्य तस्कर इकबाल का नाम बताया है। कहा जा रहा है। कि इकबाल द्वारा झरिया के कई स्थान पर दुकानदार से लॉटरी टिकट बेचने का धंधा चलाते है। फल, अंडा के आड में लॉटरी का अवैध धंधाः बताते है कि बाटा मोड के समीप फुलचंद खटीक अपने दुकान के आगे सेव, संतरा, केला रखा गया था। वही चिल्ड्रेन पार्क स्थित बासुदेव मंडल द्वारा गुमटी नुमा दुकान पर अंडा बेचने का दिखावा करता रहा है। पुलिस छापामारी में दोनों दुकान से अवैध लॉटरी टिकट जब्त होने के बाद से झरिया में टिकट बेचने वाले सहित तस्कर भूमिगत हो गये। इकबाल का धंधा नहीं होता मंदाः इसके पूर्व में तत्कालीन थानेदार रणधीर कुमार द्वारा छापामारी कर करीब 59 लाख रुपये कीमत का अवैध लॉटरी टिकट जब्त किया गया था। उक्त मामले में इकबाल सहित एक दर्जन टिकट बेचने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले सहित आधा दर्जन केश में इकबाल जेल जा चुका है। जेल से आने के बाद इकबाल बेरोटोक लॉटरी टिकट का अवैध धंधा शुरू किया करता है।

# डीओ ट्रक उपलब्ध कराने की मांग पर पर ट्रांसपोर्टिंग ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद/झरिया।** धनासर विश्वकर्मा प्रोजेक्ट लोडिंग प्वाइंट पर जनता मजदूर संघ कुंती गुट समर्थक असंगठित मजदूरों ने डिओ ट्रक उपलब्ध कराने की मांग पर लेकर चार घंटे ट्रांसपोर्टिंग किया। असंगठित मजदूर सुबह 8 बजे लोडिंग प्वाइंट मार्ग पर झंडा गाड़ ट्रांसपोटिंग ठप करने का एलान कर दिया। असंगठित मजदूर नेता देशराज चौहान कहना था कि लोडिंग प्वाइंट पर डीओ ट्रक लोडिंग कर करीब सात सौ असंगठित मजदूरों का जीवन यापन होता है। बीसीसीएल प्रबंधन असंगठित मजदूरों का हक मार कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठेकेदारों को बढ़ावा दे रही है। जबकि असंगठित मजदूरों के मात्र दो से तीन ट्रक लोडिंग के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे असंगठित मजदूरों के यहां का समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो हो गई है। परियोजना से उत्पादित कोयला ठेकेदार बड़े बड़े हाईवा में पेलोडर के माध्यम से लोडिंग करा कर लें जाते है। मामले की सूचना पाकर प्रबंधक संजय कुमार ने असंगठित मजदूरों से कहा कि शीघ्र ही डीओ ट्रक की संख्या में बढ़ोतरी होगी, नया डिओ करीब 12 हजार टन का कोयला उठाव अनुमति मिल जायेगी।

# देश में नफरत की राजनीति से खौफ का माहौल

### कांग्रेस का भारत जोड़ो अभियान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टुंडी ।** टुंडी प्रखंड कांग्रेस कमीटी के लक्षुरायडीह, कमारडीह, रतनपुर, लुकईया,और टुंडी पंचायत के विभिन्न गांवो मे भारत जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाकर आज दुगाडीह गांव मे प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा हम गरीबो के आसूं पोछने निकले हैं देश मे गरीबी और बेरोजगारी चरम पर है मोदी सरकार ने युवाओ को अग्निपथ योजना के माध्यम से ठगने का काम कर रही है महंगाई के सवाल पर भाजपा सरकार मौन है नफरत की राजनीति ने देश मे खौफ का वातावरण तैयार कर दिया है। श्री सिंह ने कहा आज संविधान खतरे मे है प्रधानमंत्री जी महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नही कहते हैं मन की बात तो करते हैं जन की बात नही करते है। कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कहा टुंडी मे बहुत संभावनाए हैं अगर कार्यकर्ता मेहनत करेंगे तो टुंडी मे कांग्रेस की की जीत सुनिश्चित है उन्होने कहा टुंडी प्रखंड मे कांग्रेस को मजबूत करेंगे। कांग्रेस के दो दिवसीय पंचायत स्तरीय भारत जोड़ो अभियान के दौरान टुंडी के पांच पंचायत 1 लक्षुरायडीह पंचायत अध्यक्ष शमीम अंसारी, कमारडीह पंचायत अध्यक्ष गुड्डू महतो, लुकईया पंचायत अध्यक्ष गोविन्द हेम्ब्रम, रतनपुर पंचायत अध्यक्ष वाजिद अंसारी, टुंडी पंचायत अध्यक्ष पिंटु रविदास को बनाए गए। मौके पर टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मोदक, अरशद कलीम, शंकर प्रजापति, जावेद रजा,राजु दास मौजूद थे।

## चिकित्सा शिविर को लेकर चपरी में आयोजन

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सौजन्य से एनसीआरएपी के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन चपरी पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 126 लोगों को डां डॉक्टर राहुल रंजन ने इलाज कर दवा दिया। डॉण राहुल रंजन शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म कपड़े और पानी का सेवन करें। ठंड से बचने की हमेशा प्रयास करें। शिविर संचालन में चीफ फार्मासिस्ट आर के प्रतापए फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसाद शामिल हैं।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें उन्होंने विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित विभाग को जांच कर कार्रवाई हेतु भेजा। जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद से संबंधित, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन की समस्याओं से संबंधित आवेदन आए। आवेदनों को चिन्हित कर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए उसे निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में एग्यारकुण्ड के गोपिनाथपुर से आई एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही अनियमितता को लेकर उपायुक्त से शिकायत की। महिला ने बताया कि जिसके पास पहले से पक्का मकान है वैसे लोगों को भी योजना का लाभ दिया जा रहा है। वहीं धनबाद के पुटकी से आए व्यक्ति ने जोरापोखर पैक्स लिमिटेड की भागा शाखा की शिकायत उपायुक्त से की।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचा जिला प्रशासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**केंदुआ।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गन्साडीह तीन में अग्नि प्राभावित बीसीसीएल 43 पुराने घरों को अतिक्रमण मुक्त कराने पँहुचे जिला प्रशासन की ओर से पुटकी अंचक अधिकारी सुभ्रा रानी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल पहुँची। अतिक्रमण मुक्त प्रकिया में दो घरों को तोड़ने पर वहां रहने वाले ग्रामीणों ने पुर जोर से विरोध करने लगे और मांग करने लगे कि इस ठंढ में कहा जाये। हम लोगो को कुछ दिनों का समय दे ताकि जहाँ भी हमलोगों को रहने का जमीन देगे। वहां पर घर बना सके। वही दोनों तरफ से कई प्रकार की बाते सामने आई।अंत मे सभी के बिचार विमर्श के बाद जिला प्रशासन वापास लोटी। वही सीओ सुभ्रा रानी ने बताया कि यहां पर अग्नि प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बीसीसीएल प्रबंधक के द्वारा यहां पर रह रहे लोगो को कई बार नोटिस तामिला किया गया। और इन लोगो को जमीन भूली में आवंटन किया गया है। लेकिन इनलोगो के द्वारा रह रहे पुराने घरों को खाली नही किया गया।आज जिला प्रशासन एडीएम के आदेशानुसार अतिक्रमण मुक्त कराने पँहुचे है। लेकिन इन लोगो को कुछ दिनों का समय दिया गया है। यह लोग स्वतः घरों को खाली कर देंगे। मौके पर केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह अपने दल बल के साथ दर्जनों पुलिस बल मौजूद रहे।

# सांसद-विधायक समस्याओं को लेकर उदासीन: दीप नारायण

### प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाई आवाज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बाघमारा।** मंगलवार को बाघमारा जदयू प्रखंड कमिटी द्वारा केन्द्र सरकार की किसान - गरीब विरोधी निति एवं प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप की अध्यक्षता में बाघमारा प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह, धनबाद जिलाध्यक्ष जदयू अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा शर्मा उपस्थित हुए। धरना के पूर्व डुमरा मोड़ से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारा लगाते हुए बाघमारा प्रखंड मुख्यालय के पास पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए धरना पर बैठक गए। धरना को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि आज केन्द्र सरकार की गांव - गरीब, मजदूर-किसान विरोधी निति एवं प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध बाघमारा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित विशाल प्रदर्शन में शामिल लोगों की संख्या से स्पष्ट होता है कि लोग महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से परेशान हैं।जहां एक ओर जदयू जन समस्याओं को लेकर सड़क पर आंदोलन कर रही है वहीं दूसरी ओर यहां के विधायक-सांसद क्षेत्र की जन समस्याओं के प्रति उदासीन है। इन लोगों को गरीबों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।

### धरना-प्रदर्शन में थे शामिल

धरना में मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महिला प्रकोष्ठ सचिव बिन्दु देवी, जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो,सचिन मंडल, फुलचंद दास,राम स्वरूप मिश्रा,माला चौहान,इंदल सिंह, विक्रम पासवान, इम्तियाज खान,राजा मंडल, अशोक कुमार दास,भुचु भैया, शिव लाल हेम्ब्रम, शब्बीर अंसारी, मुकेश मंडल,साधु मंडल,अनुप हाडी, इंद्रजीत मंडल,राज किशोर मंडल,आशीश मल्लिक, रंजीत मंडल,रवि मुर्मू, शंकर मुर्मू,रवि किस्कू, रोहित मंडल,शशि किस्कू,बिरू टुडु,प्रिंस कुमार, आदि उपस्थित हुए।

### गरीब परेशान और विधायक-सांसद मस्त

यहां के युवा बेरोजगारी से जुझ रहा है। जो बाघमारा कभी दुसरे क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने का काम करता था, वही बाघमारा आज रोजगार विहीन हो गया है। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह ने कहा कि आज बाघमारा प्रखंड में लुट - खसोट मची हुई है। सभी कामों का रेट बंधा हुआ है। बिना पैसे का कोई काम नहीं हो रहा है। गरीब परेशान हैं और विधायक सांसद मस्त है। पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप यादव ने कहा कि जब क्षेत्र की समस्याओं के प्रति विधायक - सांसद उदासीन हो तो ऐसे स्थिति से निपटने के लिए जनता को आंदोलन करना चाहिए। धरना के बाद जदयू का प्रतिनिधि मंडल बाघमारा बी.डी.ओ. से मिलकर राज्यपाल के नाम 20 सूत्री मांग पत्र सौंपा। धरना का संचालन जितेन्द्र कुमार पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन कृष्णा केशरी ने किया।

## पेज एक का शेष

### नया साल : पहली...

भारत की तेज शुरुआत :श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने पहले 10 ओवरों में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 75 रन बना लिये थे। तब रोहित शर्मा 44 और शुभमन गिल ने 31 रन थे। कोहली के शतक से पहले रोहित शर्मा (83) और शुभमन गिल (70) ने मजबूत शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी की और अर्धशतक लगाये। रोहित शर्मा (83) शतक से चूक गये। दिलशान मदुशंका की 24वें ओवर की पहली गेंद उनके बल्ले के किनारे से लगकर विकेट्स पर जा लगी और वह बोल्ड हो गये। रोहित ने 67 गेंदों पर 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 83 रन बनाये। 49वें ओवर में शतकवीर और धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली भी पवेलियन लौट गये। उन्होंने राजिता की ओवर की दूसरी गेंद पर शॉट खेला लेकिन गेंद हवा में सीधी और ज्यादा उपर चली गयी और विकेटकीपर कुसल मेंडिस के कैच कर लिया। भारतीय टीम में बड़े खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली और मोहम्मद शमी की वापसी हुई थी। वहीं श्रीलंका की तरफ से दिलशान मदुशंका ने वनडे में डेब्यू किया है।

### मदरसा और संस्कृत स्कूलों ...

सीडीपीओ परीक्षा नियमावली में संशोधन :कैबिनेट की बैठक में कुल 31 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली है। इसमें सबसे प्रमुख झारखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सेवा,संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2018 में संशोधन है। अब जो प्रस्ताव हुआ है, उसमें बताया गया कि मुख्य परीक्षा में पहले 100 अंक का हिंदी विषय था। यह क्वालीफाइंग था। कम से कम 40 लाना होता था। इसके अंक मैरिट लिस्ट में नहीं जोड़े जाते थे। संशोधन के तहत अब क्वालीफाइंग मार्क्स 30 होगा। इसके अलावा सामान्य अध्ययन 150 अंक का था। संशोधन के बाद यह अब दो पेपर (प्रत्येक 100-100 का) का होगा। अब वैकल्पिक विषयों में गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, श्रम एवं समाज कल्याण विषय के रूप में होंगे. अभ्यर्थी को एक विषय का चयन करना होगा। प्रत्येक विषय में दो पेपर होंगे। मुख्य परीक्षा में पास अभ्यर्थियों के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग इंटरव्यू लेगा। यह 50 अंकों का होगा।

प्रवासी श्रमिकों का शव लाने को परिजनों को 25000 रुपए की मदद : राज्य के मृत या पीड़ित प्रवासी श्रमिकों के आश्रितों को राहत देने की दिशा में एक बड़ा फैसला किया गया है। अब केवल प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना की स्थिति में ही नहीं बल्कि सामान्य मौत पर भी प्रवासी श्रमिकों के शव को पैतृक आवास लाने में आश्रितों के परिजनों को सरकार 25000 रुपए का आर्थिक सहायता देगी। यह राशि पंजीकृत और अंपजीकृत प्रवासी श्रमिकों पर लागू होगी।

कैबिनेट में इन प्रस्तावों को मिली स्वीकृति : हाईकोर्ट के रिटायर चीफ जस्टिस और जस्टिस को 1500 रुपए नि:शुल्क फोन सुविधा मिलती थी। अब इसी राशि के अंदर ही अब इंटरनेट और एफटीटीएच (ब्रांड कनेक्शन) की सुविधा मिलेगी। राइस मिलों में सरकार की सख्ती बढ़ाने का हुआ फैसला, जो राइस मिल मीलिंग के इच्छुक नहीं हैं, उससे भी प्रशासन मिल की क्षमता का 50% मीलिंग करा सकेगा। पहले यह दायरा 30% था। लघु खनिजों की नीलामी के लिए भारत सरकार के उपक्रम एमएमटीसी कोलकाता के सेवा विस्तार की अनुमति। 5 दिसंबर 2025 तक के लिए अवधि विस्तार किया गया। झारखंड भूतात्विक सेवा नियमावली-2011 में संशोधन की स्वीकृति। राजस्व पर्षद में राज्य सरकार के लिए नियुक्त वकीलों के फीस निर्धारण की स्वीकृति, 16000 रुपये प्रतिमाह मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2013-14 में कक्षा 1 से 8 के लिए मुद्रित नि:शुल्क पुस्तकों के प्रकाशकों को 16.51 करोड़ रुपये भुगतान की स्वीकृति। झारखंड राज्य समन्वय समिति के प्रस्ताव को घटनोत्तर स्वीकृति। राज्य के न्यायिक पदाधिकारियों का 1 जनवरी 2016 की तिथि से पेंशन प्रस्ताव में रिवाइज करने की स्वीकृति।

झारखंड उद्योग सेवा संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) संशोधन नियमावली-2023 की स्वीकृति। बोकारो के कालापत्थर मौजा (चास अंचल) में कुल 0.077 एकड़ भूमि तलगड़िया-बोकारो रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे को देने की स्वीकृति। यह जमीन 10.51 लाख की अदायगी पर दी जाएगी। देवघर के मोहनपुर अंचल में कुल रकबा-5.399 एकड़ भूमि पूर्वी रेलवे को मोहनपुर-हंसडीहा नई बीजी रेलवे लाइन निर्माण के लिए दी जाएगी। जमीन 15.56 करोड़ रुपए की अदायगी पर दी जाएगी।

धनबाद नगर निगम के पाथरडीह-सिंदरी सड़क (कुल लंबाई-1 -13.71 किमी) तक की राइडिंग क्वालिटी में सुधार के लिए 36.93 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की प्रशासनिक स्वीकृति। गिरिडीह जिले के सरिया-कोयरीडीह-कठवारा सड़क (कुल लंबाई 44.46 किमी) की राइडिंग क्वालिटी में सुधार के लिए 25.20 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति और दो जिलों में कोयला खनिज के लिए रिवाइज्ड लाइसेंस की स्वीकृति मिली। यह दो वर्ष के लिए मिली है।

### झारखंड ने मांगी...

भारत सरकार से हमने 9250 करोड़ की सहायता राशि मांगी है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाया जा सके। इधर केंद्रीय टीम का नेतृत्व कर रही भारत सरकार के संयुक्त सचिव एस रुक्मिणी ने कहा की राज्य सरकार के द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से रिपोर्ट सौंपी गई है। इसकी स्थलीय जांच के बाद यह टीम भारत सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी **राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा करेगी केंद्रीय टीम** :झारखंड में सूखा का आकलन करने के लिए आई केंद्रीय टीम राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कल से करेगी। केन्द्रीय टीम में दस पदाधिकारी शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के मुताबिक एक टीम 11 जनवरी को हजारीबाग और गिरिडीह जाएगी, वहीं दूसरी टीम गोड्डा, दुमका और तीसरी टीम गढ़वा, पलामू जाकर सूखाड़ की स्थिति और वहां के किसानों से जानकारी हासिल करेगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पूर्वी सिंहभूम एवं सिमडेगा को छोड़कर राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल 3500 रुपये प्रति किसान परिवार को सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से मुहैया करा रही है। अनुमान के मुताबिक करीब 30 लाख से अधिक किसान परिवार सूखे की चपेट में है, जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सहायता राशि मद में फिलहाल राज्य की ओर से 1200 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया गया है।

### मरांग बुरू को...

कार्यक्रम में झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम, जयराम महतो, सूर्य सिंह बेसरा, सालखन मुर्मू, गीताश्री उरांव समेत कई नेता रांची से पहुंचे और पहाड़ के नीचे सभा की गयी। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार आदिवासियों की भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### हंगामे के कारण...

**जान दे देंगे, गिराने नहीं देंगे** : होटल मलारी इन के मालिक ठाकुर सिंह राणा का कहना था बिना किसी सेटलमेंट के होटल को किसी भी दशा में खाली नहीं कराया जायेगा। वे जान दे देंगे लेकिन होटल को ध्वस्त नहीं होने देंगे। राणा ने कहा कि उनको प्रशासन से कोई नोटिस नहीं मिला, लेकिन अगर जनहित में होटल को गिराया जाता है तो वह सरकार के फैसले के साथ हैं। परंतु उनको नोटिस तो पहले मिले। नोटिस नहीं मिलने पर होटल मालिकों ने हंगामा किया और गिराने का काम फिलहाल रोक दिया गया है। होटल ध्वस्तीकरण के विरोध में नगर के लोग सुबह से ही एकत्रित हो गये थे और वहां पर जमकर विरोध किया। हंगामा होने के चलते पुलिस फोर्स को बैरंग लौटना पड़ा। स्टेट डिसास्टर रिस्पांस फोर्स के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने कहा कि दो होटलों को चरणबद्ध तरीके से तोड़ा जायेगा।


जर्जर भवन गिराना ही होगा : आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने बताया कि जोशीमठ के लिए खतरा बन रहे उन जर्जर भवनों को पहले गिराया जाएगा जिनमें अधिक दरारें हैं। इमारतों को गिराने के लिए किसी भी विस्फोटक की मदद नहीं ली जायेगी। इतना ही नहीं कई जगहों पर सड़कें भी धंस चुकी हैं। जमीन के नीचे से लगातार पानी निकल रहा है।

### पालकोट भाजपा नेता ...

जानकारी के अनुसार सोमवार रात सुमित केसरी अपने भतीजे ऋषभ राज के साथ अपने ईंट भट्ठा प्लांट में थे। इसी दौरान दो अपराधी आये और बंदुक की नोंक पर दोनों को अगवा कर लिया। कुछ दूर ले जा कर भतीजे को यह धमकी दे कर छोड़ दिया कि किसी को कुछ बताओगे तो सुमित को मार देंगे। फिर सुमित केसरी के बाईक से ही उसे बीच में बैठाकर अपराधी उसे लेकर निकल गये । रोकेडेगा मोड़ के पास सुमित उतारने के बाद उसके पैर में पहले दो गोली मारी। अपराधियों ने पत्थर से सर को कूचलने का प्रयास किया। फिर सभी वहां से भाग निकले। सुमित को तलाशते परिजन घटनास्थल पहुंच गये और तत्काल लहुलुहान हालत में उसे इलाज के लिए गुमला लाया। घटना के कारणों का खुलासा अभी नहीं हो पाया है। सुमित के होश में आने के बाद ही कुछ पता चल सकता है।

स्पीड न्यूज

## राहुल गांधी ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका



**चंडीगढ़।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के तहत पंजाब में पदयात्रा आरंभ करने से एक दिन पहले मंगलवार को दोपहर में अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में माथा टेका।वह इस यात्रा का हरियाणा का पड़ाव अंबाला में पूरा करने के बाद हवाई मार्ग से अमृतसर पहुंचे।

## सीआईएसएफ के जवान ने गोली मारी, मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर मंगलवार को सीआईएसएफ के एक जवान ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कांस्टेबल रैंक के जवान की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

## प्रचंड ने प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीता

काठमांडू। नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने मंगलवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सीपीएन-माओवादी सेंटर के 68 वर्षीय नेता प्रचंड ने पिछले साल 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय, उन्होंने नाटकीय ढंग से नेपाली कांग्रेस नीत चुनाव-पूर्व गठबंधन से नाता तोड़कर विपक्ष के नेता के. पी. शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था।

## श्रीलंका के खजाने में पैसा नहीं : प्रवक्ता

**कोलंबो ।** श्रीलंका के खजाने में धन की कमी हो रही है, 1948 में आजादी के बाद से श्रीलंका का अब तक का सबसे खराब आर्थिक संकट जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुणवर्धने ने संवाददाताओं से कहा कि करों के माध्यम से एकत्र किए गए धन में गिरावट देखी गई है। नतीजतन, भुगतान करने के लिए कोषागार में धन की कमी चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि 2022 में देश में आए आर्थिक संकट ने खजाने की आय को प्रभावित किया है। 2023 में भी करों के माध्यम से अपेक्षित आय कम है। हमें सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन का भुगतान करने की आवश्यकता है।

## कोलकाता के पास विस्फोट, पांच घायल

**कोलकाता।** कोलकाता के पास कमरहाटी में मंगलवार को एक दुकान के भीतर विस्फोट होने से कम से कम पांच लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस विस्फोट के कारणों का पता लगा रही है।हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि यह गैस सिलेंडर विस्फोट या बम विस्फोट हो सकता है। उन्होंने कहा कि घायल हुए पांच लोगों का एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें से दो की हालत गंभीर लग रही है।घटना उत्तर 24 परगना जिले में एक दुकान में अपराह्न करीब 12.15 बजे घटी, जहां रसोई गैस सिलेंडर कथित रूप से अवैध तरीके से भरे जाते थे।

## 2,600 अग्निवीरों का नासिक में प्रशिक्षण शुरू

**नासिक।** छब्बीस सौ अग्निवीरों के पहले जत्थे का यहां के पास स्थित आर्टिलरी ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण एक जनवरी से शुरू हुआ।आर्टिलरी डिपो रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल एस. के. पांडा ने कहा, ह्यह्यआर्टिलरी ट्रेनिंग सेंटर, नासिक रोड कैंप में सभी आवश्यक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं।

# सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में कक्षा 1-3 के बच्चों का बनेगा समग्र रिपोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बच्चों की प्रतिभा, गुणों, उनके व्यक्तित्व के मजबूत और कमजोर पक्षों को उल्लेख करते हुए सीबीएसई से संबंध स्कूलों में कक्षा एक से तीन में बच्चों का समग्र रिपोर्ट तैयार किया जाएगा। इस पायलट परियोजना के पूरा होने पर इस सीबीएसई से संबंध 27,000 स्कूलों में कक्षा एक से तीन में लागू किया जाएगा, जिससे करीब 60 लाख बच्चें होंगे लाभान्वित। सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत स्कूली बच्चों की समग्र रिपार्ट कार्ड योजना को जल्द ही पूर्ण रूप से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा एक से तीन में लागू किया जाएगा।




- 27,000 स्कूलों में लागू किया जाएगा, करीब 60 लाख बच्चें होंगे लाभान्वित
- हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के प्रारुप को 9-12 वीं कक्षा के लिए ढांचागत तैयारी में उपयोग में लाया जायेगा

**अभी 74 स्कूलों में होगा लागू** : शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि अभी पायलट परियोजना के आधार पर सीबीएसई से संबद्ध 74 स्कूलों में कक्षा 1-3 में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इनमें 25 केंद्रीय स्कूल, 16 सरकारी स्कूल, 33 निजी स्कूल शामिल हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुपालन के दो वर्ष विषय पर शिक्षा मंत्रालय की हाल में ही जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड तैयार करने की इस पायलट परियोजना पर दैनिक आधार पर नजर रखी जा रही है। इसमें कहा गया है बुनियादी एवं समरूप आंकड़ा जमा करने के लिए प्राचार्यों एवं शिक्षकों की राय एवं आंकलन के प्रारूप को अंतिम रूप दिया गया है। इससे रिपोर्ट तैयार करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद इसे जरूरत के अनुरूप अंगीकार करने के निए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि सीबीएसई द्वारा विकसित समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड (हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड) के प्रारुप को 9-12 वीं कक्षा के लिए ढांचागत तैयारी में उपयोग में लाया जाएगा। बता दें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के आधार पर बच्चों के रिपोर्ट कार्ड के स्वरूप बदलाव करते हुए समग्र मूल्यांकन पर आधारित समग्र प्रोग्रेस कार्ड तैयार किया जा रहा है। इसके तहत हर कक्षा में जीवन कौशल परखने पर जोर होगा ताकि बच्चा जब 12 वीं कक्षा पास करके निकलेगा तब उसके पास अपना पूरा पोर्टफोलियो होगा। बच्चों के इस फोर्टफोलियों में उसकी प्रतिभा, गुण, मजबूत एवं कमजोर पक्ष आदि का उल्लेख होगा। इस पद्धति में बच्चों के स्वः मूल्यांकन का आयाम भी जुड़ा होगा,जिसमें वे खुद दोस्त, उनके टीचर और अभिभावक शामिल होंगे।

## एक साथ दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई को सुगम व्यवस्था बनाएं विवि : यूजीसी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों को अपने विधिक निकायों के जरिए ऐसी व्यवस्था तैयार करने को कहा है जिससे छात्रों के लिये एक साथ दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई सुगम हो सके।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह निर्देश ऐसे समय सामने आया है जब यूजीसी ने विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) द्वारा स्थानांतरण प्रमाणपत्र या स्कूल परित्याग प्रमाणपत्र पर जोर दिये जाने के कारण पेश आने वाली परेशानियों पर संज्ञान लिया। यूजीसी के सचिव पी. के. ठाकुर ने विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों को लिखे एक पत्र में कहा, ह्यह्ययूजीसी के संज्ञान में यह बात सामने आई है कि स्थानांतरण प्रमाणपत्र या स्कूल परित्याग प्रमाणपत्र पर जोर दिये जाने के कारण छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन प्रमाणपत्रों के अभाव में छात्रों को दाखिला नहीं मिल पाता है और दो अकादमिक कार्यक्रम एक साथ करने की सुविधा का मकसद विफल होता है। ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने विधिक निकायों के माध्यम से सुविधाजनक व्यवस्था तैयार करनी चाहिए ताकि छात्रों के लिए एक साथ दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई सुगम हो सके। आयोग ने पिछले वर्ष अप्रैल में छात्रों को दो पूर्णकालिक डिग्री एक साथ करने की अनुमति देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। यूजीसी के दिशानिर्देश के अनुसार, छात्र अब उपस्थित होकर दो पूर्णकालिक अकादमिक कार्यक्रम एक साथ कर सकते हैं जब दोनों कार्यक्रमों की कक्षाओं का समय एक नहीं हो। यह व्यवस्था पीएचडी कार्यक्रम में लागू नहीं होती है।

# माहवारी के समय मिले छुट्टी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि महिलाओं को माहवारी के समय छुट्टी दी जाए। शीर्ष अदालत में अधिवक्ता शैलेंद्र मणी त्रिपाठी ने यह याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि महिला स्टूडेंट्स और कामकाजी महिलाओं को माहवारी के वक्त छुट्टी दी जानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की एक स्टडी का हवाला दिया है।

इसमें कहा गया है कि माहवारी के वक्त महिलाओं को काफी दर्द रहता है। स्टडी में यह भी कहा गया है कि दर्द की स्थिति यह होती है कि वह किसी आदमी के हार्ट अटैक में होने वाले दर्द के बराबर होता है। इस कारण कामकाजी महिलाओं के काम की क्षमता को प्रभावित करता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि कई कंपनियां पेड पीरियड लीव ऑफर करती हैं।

- सुप्रीम कोर्ट में मेंस्ट्रूअल लीव के लिए जनहित याचिका दायर
- यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन की स्टडी का दिया गया हवाला

जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि कई राज्य भी महावारी छुट्टी देते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि महिलाओं को इससे वंचित करना उनके समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है। महिलाएं भारत की नागरिक हैं और उन्हें समान अधिकार मिले हुए हैं।

याचिकाकर्ता ने कहा कि 2018 में शशि थरूर ने वूमेन्स सेक्सुअल रिप्रोडक्टिव एंड मेंस्ट्रूअल राइट्स बिल पेश किया था। इसमें कहा गया था कि महिलाओं को पब्लिक अथॉरिटी फ्री में सिनेटरी पैड आदि उपलब्ध कराएं। याचिकाकर्ता ने कहा कि पीरियड के समय छुट्टी के लिए कोई कानून नहीं है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा है कि यूके, वेल्स, चीन, जापान , ताइवान, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया, स्पेन और जांबिया में माहवारी के लिए छुट्टी अलग-अलग नाम पर दी जाती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को कहा था कि माहवारी छुट्टी के लिए दाखिल पीआईएल को रिप्रजेंटेशन के तौर पर देखा जाए। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री ने लिखित जवाब में कहा था कि सेंट्रल सिविल सर्विसेज लीव रूल्स 1972 में मेंस्ट्रूअल लीव के लिए कोई प्रावधान नहीं है।



## मनी लांड्रिंग में पूर्व आइएफएस अधिकारी की बीएमडब्ल्यू कार जब्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले में धनशोधन संबंधी जांच के तहत उनकी 74.22 लाख रुपये मूल्य की एक बीएमडब्ल्यू कार जब्त कर ली गयी है। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वर्ष 1987 बैच के आईएफएस अधिकारी अभय कांत पाठक के खिलाफ नवंबर, 2020 में दर्ज मामले में कार्रवाई की गयी। पाठक को कथित रूप से आय से अधिक संपत्ति रखने के लिए सतर्कता मामला दर्ज होने के बाद ओडिशा सरकार की सिफारिश पर केंद्र सरकार ने अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि जांच में पता चला कि अधिकारी का बेटा आकाश कुमार पाठक लक्जरी कार को बेलगावी में पुरानी कारों के एक विक्रेता को चोरी-छिपे बेचने की कोशिश कर रहा था। धनशोधन रोकथाम कानून की संबंधित धाराओं के तहत जब्ती की कार्रवाई की गयी।ईडी का मामला ओडिशा के सतर्कता ब्यूरो की प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोप है कि पाठक ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और 9.35 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जमा की। अधिकारी अपने कार्यकाल के अंत में ओडिशा सरकार में अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (योजना, कार्यक्रम और वनीकरण) के रूप में पदस्थ थे।

# डिजिटल प्रिंटिंग में होगी नयी क्रांति

**मुंबई।** टेक्नोवा ने बहुप्रतीक्षित अपने अत्याधुनिक टच सेंटर का उद्घाटन किया। टच सेंटर में सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का एचपी इंडिगो के डिजिटल प्रेस लाइव होगा और एचपी इंडिगो डिजिटल प्रिंटिंग तकनीक का संपूर्ण अनुभव प्रदान करेगा। टच सेंटर का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय प्रिंट उद्योग को नए कौशल सीखने, नवीनतम तकनीकों का अनुभव करने और उद्योग में नवीनतम रुझानों को अपनाकर परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। अल्फारेटा, बार्सिलोना और सिंगापुर में एचपी के ग्राफिक एक्सपीरियंस सेंटर का विस्तार के बाद टेक्नोवा टच सेंटर कई सेवाएं प्रदान करेगा जिनमें एचपी इंडिगो प्रौद्योगिकी और प्रदर्शन, पीएसपी और ब्रांड्स के लिए नया एप्लीकेशन डेवलपमेंट, प्रिंट व्यवसाय में आने वाली नई पीढ़ी और प्रिंट-पैकेजिंग छात्रों के लिए शैक्षिक सत्र जैसी सुविधायें भारतीय युवाओं के लिए तकनीकी में एक क्रांतिकारी बदलाव में मददगार साबित होगा।

एचपी के साथ साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नोवा के सीएमडी प्रणव पारिख ने कहा, 'डिजिटल प्रिंटिंग में हमारी यात्रा 1993 में भारत में अपने प्रेस के विपणन के लिए इंडिगो के साथ हमारे गठबंधन के साथ शुरू हुई थी। इसके तुरंत बाद, एचपी ने इंडिगो व्यवसाय का अधिग्रहण किया और ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रेस की क्षमताओं का विस्तार किया। इस बीच,

- टेक्नोवा ने अत्याधुनिक टच सेंटर का किया उद्घाटन
- टीम टेक्नोवा और एचपी की साझेदारी से भारतीय टेलेंट को मिलेगा तकनीकी औजार



**10 गुना बढ़ाना हमारा लक्ष्य** : ए अप्पादुरई, कंट्री बिजनेस मैनेजर ने इस अवसर पर कहा, आज एचपी इंडिगो कन्वर्टर्स लगभग 10 हजार ऐसे स्टार्ट-अप को पूरा करते हैं, हमारा लक्ष्य इस डेमो के उद्घाटन के साथ इसे 10 गुना तक बढ़ाना है। टेक्नोवा के कार्यकारी निदेशक और सीईओ सीजी रामकृष्णन बताते है, स्टार्ट-अप्स के लिए हम पैकेजिंग के 'इनक्यूबेटर बनना चाहते हैं।

एचपी की रणनीति अद्वितीय :अमित खुराना, सीओओ, टेक्नोवा में डिजिटल और ऑफसेट प्रिंट सॉल्यूशंस कहते हैं, प्रिंटर, ब्रांड मालिकों, लाभदायक अनुप्रयोगों और भागीदारों का एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए एचपी की रणनीति अद्वितीय है। एचपी की भविष्य की तकनीक ग्राहकों की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए उनकी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने की टेक्नोवा की व्यावसायिक रणनीति के साथ पूरी तरह से फिट बैठती है।

टेक्नोवा ने इंडिगो प्रेस पर तस्वीरों के उत्पादन के लिए विशेष पॉलिएस्टर आधारित नॉन-टियरेबल वाटर- रेसिस्टेंट फिल्म विकसित की। इसने एचपी को फोटो बाजार को सिल्वर हैलाइड पेपर आधारित फोटो से डिजिटल पॉलिएस्टर आधारित फोटो में बदलने में मदद की है, जिसमें नॉन-टियर, वाटर रेसिस्टेंट, डबल साइड प्रिंटिंग जैसे कई अन्य फायदे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमने फोल्डिंग कार्टन और पब्लिशिंग के लिए इंडिगो लेबल सॉल्यूशंस और इंकजेट प्रेस की पूरी रेंज शामिल करने के लिए एचपी के साथ अपनी साझेदारी को एक नया आयाम दिया है।

## इमरान खान, सहयोगियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शीर्ष चुनाव निकाय ने अवमानना के एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के खिलाफ मंगलवार को जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया।यह मामला पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के शीर्ष नेताओं द्वारा पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) और मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के खिलाफ दिए गए बयानों पर आधारित है। निसार दुरानी की अध्यक्षता वाली ईसीपी की चार सदस्यीय पीठ ने खान और उनके करीबी सहयोगी फवाद चौधरी और असद उमर के खिलाफ वारंट जारी किया। चुनाव निगरानीकर्ता ने पिछले साल अगस्त और सितंबर में अवमानना की अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनके खिलाफ नोटिस जारी किया था। इससे पहले पीटीआई नेताओं ने बार-बार आयोग और राजा की उनकी कथित पक्षपातपूर्ण नीति और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के समर्थन के लिये आलोचना की थी। पिछली सुनवाई के दौरान ईसीपी ने पीटीआई नेताओं को उसके समक्ष पेश होने का आखिरी मौका दिया था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान आयोग ने उनकी उपस्थिति से छूट के अनुरोध को खारिज कर दिया और प्रत्येक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी को लेकर नड्डा ने की बैठक



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तैयारियों के मद्देनजर पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को राष्ट्रीय महासचिवों के साथ एक बैठक की। बैठक में नड्डा के अलावा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी एल संतोष, अरूण सिंह, तरूण चुग, दुष्यंत गौतम, सी टी रवि, विनोद तावड़े और डी पुरंदेश्वरी सहित अन्य महासचिव मौजूद हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक 16-17 जनवरी को दिल्ली में होनी है और इसमें नड्डा के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दी जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि महासचिवों की बैठक में कार्यकारिणी स्थल और इससे जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यकारिणी के एजेंडे पर भी चर्चा की जाएगी, जिनमें प्रमुख रूप से नौ राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति पर विचार किया जाना और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेना शामिल है। कार्यकारिणी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और देश भर के वरिष्ठ भाजपा नेता शिरकत करेंगे, जो इसके सदस्य हैं। पार्टी प्रमुख के रूप में नड्डा का तीन साल का कार्यकाल इस महीने के अंत में पूरा हो रहा है और इस बात की पूरी संभावना है कि आगामी चुनावों को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ाया जाए।

## नौ कोयला खान के लिये स्वीकृति पत्र जारी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने नौ कोयला खनन परियोजनाओं के लिये स्वीकृति पत्र जारी किया है। करीब 12.7 करोड़ टन क्षमता वाली इन खदानों का विकास खान विकासकर्ता-सह-परिचालकों के जरिये किया जाएगा। इसके अलावा, छह अन्य खान परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि कोल इंडिया एमडीओ के जरिये 15 नई परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इसमें 20,600 करोड़ रुपये निवेश प्रस्तावित है।

कुल 15 परियोजनाओं में 11 ओपनकास्ट यानी खुली खदान परियोजनाएं और चार भूमिगत खदानें हैं। खुली खदानों में कोयला भंडार 16.5 करोड़ टन होने का अनुमान है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक निविदाओं के माध्यम से कोयला खदानों में प्रतिष्ठित एमडीओ को शामिल करना है, ताकि घरेलू कोयले का उत्पादन बढ़ाया जा सके और आयात पर निर्भरता को यथासंभव कम किया जा सके। खान विकास करने वाले और परिवालक स्वीकृत खनन योजना के अनुसार कोयले का उत्खनन और वितरण करेंगे।

# ऑस्कर की रेस में द कश्मीर फाइल्स व गंगूबाई

**एजेंसी**

**लॉस एंजिलिस(अमेरिका)।** एकेडमी ऑफ मोशन फिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने योग 301 फीचर फिल्मों की सूची जारी की है, जिनमें आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी, द कश्मीर फाइल्स और कंतारा जैसी भारतीय फिल्में शामिल हैं। रिमाइंडर सूची में ऐसी फिल्में शामिल हैं जो आधिकारिक तौर पर विभिन्न श्रेणियों में दूसरी फिल्मों को टक्कर देंगी। हालांकि केवल सूची में शामिल होने से यह गारंटी नहीं है कि फिल्म 24 जनवरी को घोषित होने वाले अकादमी पुरस्कारों के अंतिम नामांकन में भी होंगी। भारत की ओर से आधिकारिक रूप से ऑस्कर भेजी गई पान नलिन की छेलो शो के अलावा विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स, मराठी फिल्म मी वसंतराव, तुज्या साठी काही, आर माधवन की रॉकेटरीः द नंबी इफैक्ट, इराविन निझल और कन्नड़ फिल्म विक्रांत रोना भी इस सूची में शामिल है। भारतीय फिल्म छेलो शो, आरआरआर, ऑल दैट ब्रीथ्स और द एलिफेंट व्हिसपरर्स पहले ही चार श्रेणियों के लिए ऑस्कर की शॉर्टलिस्ट में जगह बना चुकी हैं। यह संभवतः पहली बार है कि जब भारत ने चार श्रेणियों में ऑस्कर शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है। इस प्रक्रिया के बाद ही अंतिम नामांकनों की घोषणा की जाती है। वहीं ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने के बाद द कश्मीर फाइल्स के निदेशक विवेक अग्नित्री ने ट्वीट किया कि द कश्मीर फाइल्स को ऑस्कर 2023 की पहली लिस्ट में शॉर्टलिस्ट कर लिया गया। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी को बहुत-बहुत शुभकानाएं देता हूं। भारतीय सिनेमा के लिए यह एक महान वर्ष है। बता दें द कश्मीर फाइल्स को लेकर काफी विवाद भी गर्माया है। ऐस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाने वाली द कश्मीर फाइल्स के निदेशक के लिए यह गर्व का पल है।

छेलो शो, आआरआर, ऑल दैट ब्रीथ्स और द एलिफेंट व्हिसपरर्स पहले ही चार श्रेणियों के लिए शॉर्टलिस्ट में जगह बना चुकी हैं पहली बार जब भारत ने चार श्रेणियों में जगह बनायी है




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !